हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

'आत्मनिर्भर भारत' के विकास पथ का 'ध्वजवाहक' मप्र

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश अनंत संभावनाएं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24, 25 फरवरी 2025 भोपाल

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों ने कहा



### सीएम का आभार, हमें आमंत्रित कर हमारे देश का सम्मान बढ़ाया: जेकलीन मुकन्गिरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मैं आभारी हूं कि उन्होंने हमें आमंत्रित कर हमारे देश का सम्मान बढ़ाया है। यह बात ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने आए रवांडा प्रतिनिधि जेकलीन मुकन्गिरा ने कही। उन्होंने कहा कि हमारा देश भारत और मध्यप्रदेश के साथ व्यापार, वाणिज्य एवं औद्योगिक संबंधों को आगे बढ़ाना चाहता है। मध्यप्रदेश में आज हर क्षेत्र में निवेश के लिए अपार संभावनाएं बनी हैं। जेकलीन ने कहा कि जुलाई 2018 में प्रधानमंत्री रवांडा आए थे। उसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार, वाणिज्य, उद्योग में सहभागिता बढ़ी है। दोनों देशों के मधुर संबंध हैं। मप्र में रक्षा, कृषि, अधोसंरचना के क्षेत्र में अधिक संभावनाएं है। हमारे देश के राष्ट्रपति ने भी पांच बार भारत की यात्रा की है।

### भोपाल में हुए सत्कार से हम अभिभूत: सेबेस्टीयन डुबोलोस्की

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पौलेंड के प्रतिनिधि सेबेस्टीयन डुबोलोस्की ने कहा कि मैं भोपाल, मध्यप्रदेश में हुए सत्कार से अभिभूत हूं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में सबकुछ मुमकिन है। गत वर्ष मोदी पौलेंड गए थे। उसके बाद से वहां विकास के नए अवसर खुले हैं। पोलेंड में व्यापार और निवेश करना अत्यंत आसान है। मध्यप्रदेश वैश्विक निवेश के लिए प्रतिनिधि देश है। उसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार, वाणिज्य, उद्योग में सहभागिता बढ़ी है। भोपाल में हुई समिट में आकर मुझे ऐसा लग रहा है कि मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अच्छी अपॉर्चुनिटी हैं। भोपाल में मिले मान सम्मान के लिए मैं मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। यहां पर हुए सत्कार से अभिभूत हुआ।

### फिजी एक छोटा सा हिंदुस्तान: जगन्नाथ

भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे रिश्ते हैं। फिजी एक छोटा हिंदुस्तान है। इस रिश्ते की शुरूआत वर्ष 1879 में हुई जब भारत से 60 हजार व्यक्ति गन्ने की खेती करने फिजी आए, उनमें से 40 हजार व्यक्ति यहीं रह गए। आज भी फिजी की जनसंख्या में 33 प्रतिशत भारतीय हैं। यह कहना है ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भोपाल आए फिजी के प्रतिनिधि जगन्नाथ सामी का। सामी ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिजी आए थे। भारत द्वारा फिजी में 100 बिस्तरीय आधुनिक चिकित्सा सुविधा वाला चिकित्सालय बनवाया जा रहा है। समिट में शामिल होकर महसूस किया कि मप्र में भी कृषि, ऊर्जा, वन, स्वास्थ्य, विनिर्माण, मत्स्य पालन, खनन आदि क्षेत्रों में दोनों के बीच व्यापार व्यवसाय और निवेश की बड़ी संभावनाएं है।

### हम ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक: एरिक गुडब्रांड

भोपाल भारत की स्वच्छत राजधानी है। यहां की खूबसूरती मन मोह लेती है। यह बात नार्वे के प्रतिनिधि एरिक गुडब्रांड ने कही। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भोपाल आए गुडब्रांड ने प्रयागराज महाकुंभ की सराहना करते हुए कहा कि विश्व का अद्भुत आयोजन है, मैने भी गंगा में डुबकी लगाकर अपने पाप धोए है। जीआईएस में प्रधानमंत्री मोदी ने ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में अपार संभावनाओं का उल्लेख किया। इस दिशा में हम कार्य करने के इच्छुक हैं। मध्यप्रदेश भारत का टाइगर स्टेट है। उज्जैन में महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य आध्यात्म के प्रतीक हैं। गुडब्रांड ने कहा कि यह विश्व सभ्यता को भारत का अमूल्य योगदान है।

### नेपाल में अंग्रेजी कैलेंडर नहीं उज्जैन का विक्रम संवत : डॉ. शंकर

नेपाल के प्रतिनिधि डॉ. शंकर प्रसाद ने कहा कि उज्जैन से विक्रम संवत का प्रारंभ हुआ था। आज भी नेपाल में अंग्रेजी कैलेंडर नहीं बल्कि विक्रम संवत प्रचलन में है। यह भारतीय संस्कृति के प्रति हमारी अटूट आस्था को प्रकट करता है। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग पशुपतिनाथ काडमांडू नेपाल में है। नेपाली और हिंदी दोनों भाषाएं संस्कृत से निकली हैं। नेपाल बुद्ध सर्किट, रामायण सर्किट का हिस्सा है और अब शिव सर्किट का भी हिस्सा बनने वाला है। नेपाल में बनी चीजें ड्यूटी फ्री और कोटा फ्री हैं। यहां आने के लिए पासपोर्ट और वीजा नहीं लगता है।

### हम तीन हवाई जहाज शुरू करने जा रहे हैं: ओविलिया फर्नांडिस

दुबई के ओजोन ग्रुप की फाउंडर ओविलिया फर्नांडिस ने बताया कि हमारी कंपनी एविएशन फील्ड में मध्यप्रदेश में निवेश करने जा रही है। मध्यप्रदेश में अच्छी अपॉर्चुनिटी हैं। मुझे ऐसा लग रहा है कि हरदा में ईको एग्रीकल्चरल टूरिज्म बेस्ट है। महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर में यूरोपियन टूरिस्ट आ सकते हैं। हम यहां यूरोपियन टूरिज्म के लिए तीन हवाई जहाज शुरू करने का प्लान कर रहे हैं। यूरोपियन टूरिज्म की सुविधा के लिए दुबई का ओजोन ग्रुप ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ एक एमओयू साइन किया है। भोपाल अतुलनीय भारत का हृदय है। भारत के दुबई के बहुत अच्छे व्यापार संबंध है। मध्यप्रदेश के साथ कार्य करने के लिए उत्सुक हैं।

## 60 से अधिक देशों के विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया

### जीआईएस 2025 में बना 'रिकॉर्ड'

25 हजार से अधिक हुए रजिस्ट्रेशन

# 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए

सीएम ने कहा कि यह दिन मप्र के आर्थिक और औद्योगिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह केवल एक सम्मेलन नहीं है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की ऐतिहासिक पहल है।



जीआईएस के लिए 9 देश पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागी हुए। इसमें कनाडा, जर्मनी, इटली, जापान, मोरक्को, पोलैंड, रूस, रवांडा व यूनाईटेड किंगडम रहे।

यह पहली बार हुआ कि मप्र की नीतियों पर देश-विदेश के निवेशकों ने भरोसा जताया। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के लिए कुल 5 लाख 72 हजार करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में हुए आठवें ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2025 (जीआईएस) में रिकॉर्ड 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए। यह पहली बार हुआ कि मप्र की नीतियों पर देश-विदेश के निवेशकों ने भरोसा जताया।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के कुल 5 लाख 72 हजार करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए। खनिज के कुल 3.22 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए। शहरी विकास एवं आवास विभाग के 1.97 लाख करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए। इसमें भी सबसे अधिक अडाणी ग्रुप ने 2.11 लाख करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया है। मप्र के दो दिनी जीआईएस में उद्योगपतियों व निवेशकों का भारी रूझान देखने को मिला। देश-विदेश से बड़ी संख्या में निवेशक जीआईएस में शामिल होने के लिए भोपाल ▸▸ शेष पेज 4 पर

### ◆ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही केंद्र सरकार के 12 मंत्री हुए शामिल



समिट के दूसरे दिन अनलॉकिंग लैंड वैल्यूज इन सिटीज सेशन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी शामिल हुए।

दो दिनी जीआईएस में उद्योगपतियों व निवेशकों का भारी रूझान देखने को मिला

## मप्र की औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम अध्याय

जीआईएस के बेहद सफल आयोजन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यह दिन मप्र के आर्थिक और औद्योगिक इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह केवल एक सम्मेलन नहीं है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की समिट अपनी अभूतपूर्व विशिष्टताओं और थीम अनंत संभावनाएं के कारण विशेष रही। पहली बार समिट एक मल्टी समिट प्रारूप में आयोजित की गई। इसमें विभिन्न क्षेत्रीय और सेक्टोरल विषयों पर केंद्रित चर्चाएं हुईं।

### ज्यादातर निवेशकों ने क्षेत्रीय स्तर पर उद्योग लगाने की पेशकश की

समिट की एक और खासियत यह रही कि उद्घाटन पीएम मोदी तथा समापन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया। समिट में कई बड़े उद्योगपति गौतम अडाणी से लेकर नादिर गोदरेज, बिड़ला, जिंदल, टोरंट जैसे कंपनियों के निवेशक शामिल हुए। इसमें फोर्ज लिमिटेड के बाबा एन कल्याणी, राहुल अवस्थी ग्लोबल हेड आफ ऑपरेशन, सन फार्मा के नीरज अखौरी के साथ ही उद्योग से जुड़े कुल 12 कंपनियों ने भागीदारी की। शहरी विकास में कुल 10, ऊर्जा में 6, खनिज में 12, नवकरणीय ऊर्जा में 7, पर्यटन में 10 बड़ी कंपनियों ने भागीदारी की। इसमें ज्यादातर निवेशकों ने भोपाल, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, चंबल, के साथ ही ग्वालियर, शहडोल, सागर, रीवा में उद्योग लगाने की पेशकश की। ▸▸ पढ़ें पेज 3,8 व 10 भी

### यह विदेशी प्रतिनिधि जीआईएस में हुए शामिल

समिट में जिंबाब्वे सरकार के उप मंत्री राज मोदी, नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, मोरक्को के राजदूत मोहम्मद मलीकी, जिंबाब्वे के राजदूत सुश्री स्टेला न्कोमो, बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिजायर बोनिफेस सोम, माली के राजदूत फेलिक्स डायलो, मोल्दोवा के राजदूत सुश्री अना तबान, फिजी के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी, रवाना के उच्चायुक्त सुश्री जैकलीन मुकांगीरा, लेसोथो के राजदूत सुश्री लेबोहांग वेलेंटाइन मोचाबा, जापान के महावाणिज्यदूत यागी कोजी, स्विट्जरलैंड के महा वाणिज्य दूत मार्टिन मेयर, रूस के महा वाणिज्य दूत इवान वाई फेटिसोव, इटली के महा वाणिज्य दूत वाल्टर फेरारा, थाईलैंड के महा वाणिज्य दूत डोना विट पूल्सावत, कनाडा के सीईओ जेंस माइकल शाल, जापान के महानिदेशक हिरोयुकी कितामुरा, नार्वे के पूर्व मंत्री एरिक गुडब्रांड शामिल हुए। इसके अलावा 300 से अधिक बृहद इकाइयों के चेयरमैन, सीईओ व मैनेजिंग डायरेक्टर भी शामिल हुए।

### प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि यह केवल निवेश का मंच ही नहीं था, बल्कि विचार मंथन, नीति निर्माण और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर था। उन्होंने कहा कि मप्र की यह यात्रा यहीं नहीं रुकेगी, हम निवेशकों के विश्वास को मजबूती देंगे। नई नीतियां लागू करेंगे। आधारभूत संरचना को और सशक्त करेंगे। प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि मप्र आत्मनिर्भर भारत के विकास पथ का ध्वजवाहक बने। यह समिट इस दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा ▸▸ शेष पेज 4 पर

## जीआईएस 2025 में प्राप्त विभागवार निवेश प्रस्ताव

| विभाग | प्रस्तावित निवेश राशि (करोड़ रुपए) | प्रस्तावित रोजगार |
|---|---|---|
| नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा | 5.72 लाख करोड़ | 1.4 लाख |
| औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन | 8.616 लाख करोड़ | 6 लाख |
| खनन एवं खनिज संसाधन | 3.22 लाख करोड़ | 55 हजार |
| शहरी विकास एवं आवास | 1.97 लाख करोड़ | 23 लाख |
| ऊर्जा विभाग | 1.47 लाख करोड़ | 20 हजार |
| पर्यटन विभाग | 68 हजार करोड़ | 1.2 लाख |
| विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 64 हजार करोड़ | 1.8 लाख |
| तकनीकी शिक्षा, कौशल, रोजगार | 43 हजार करोड़ | 51 हजार |
| एमएसएमई | 21 हजार करोड़ | 13 लाख |
| स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 17 हजार करोड़ | 49 हजार |
| उच्च शिक्षा विभाग | 7 हजार करोड़ | 15 हजार |
| उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण | 4 हजार करोड़ | 8 हजार |
| चिकित्सा शिक्षा | 3 हजार करोड़ | 9 हजार |
| विमानन विभाग | 1400 करोड़ | एक हजार |
| पीडब्ल्यूडी | 1.30 लाख करोड़ | 4 हजार |
| अडाणी ग्रुप | 2.10 लाख करोड़ | एक लाख |
| रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव | 2.34 लाख करोड़ | 2.74 लाख |
| इंटरैक्टिव सेशन | 1.82 लाख करोड़ | 1.32 लाख |
| जीआईएस 25 में निवेश प्रस्ताव | 26.61 लाख करोड़ | 17.34 लाख |
| कुल प्राप्त निवेश प्रस्ताव | 30.77 लाख करोड़ | कुल रोजगार 21.40 लाख |


### निवेशक सरकार की सुविधाओं का लें लाभ

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने दो दिवसीय जीआईएस का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जीआईएस में 50 देशों के 25 डेलिगेट्स भोपाल आए। 10 केंद्रीय मंत्री भोपाल और 6 केंद्रीय सचिवों ने भी भागीदारी की। प्रधानमंत्री मोदी ने समिट का शुभारंभ कर हम सबका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई 18 नवीन नीतियों का लोकार्पण भी किया। उन्होंने निवेशकों से आव्हान किया कि मप्र सरकार की इन नीतियों का गहनता से अध्ययन कर लें और सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने टैक्सटाइल टूरिज्म और टेक्नोलॉजी सेक्टर पर फोकस करने के लिए कहा है।











# विक्रमोत्सव 2025

विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नव जागरण और भारत विद्या पर एकाग्र



**नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री

## सृष्टिकर्ता महादेव का महाउत्सव, सृष्टि का आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा प्रथम चरण

## 26 फरवरी से 30 जून 2025 (विक्रम सम्वत् 2081-82), उज्जैन

### शुभारंभ

**26 फरवरी 2025**

**अनादि देव शिव की कलाओं का शिवार्चन**

**मध्यप्रदेश के सभी प्रमुख शिवरात्रि मेलों का समारंभ**

सहयोग : संस्कृति संचालनालय, भोपाल
मध्यप्रदेश तीर्थ मेला प्राधिकरण, नगरीय विकास एवं आवास

**कलश यात्रा**

विन्टेज कार, स्पोर्ट्स बाईक, जनजातीय कलाकारों की प्रस्तुति
यात्रा - क्षीरसागर से इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर या
नीलगंगा ब्रिज से उज्जैन हाट बाजार, इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर
सहयोग : शासकीय कन्या महाविद्यालय, उज्जैन

**विक्रम व्यापार मेला**

दोपहर 12:00 बजे
स्थान: इंजीनियरिंग कालेज परिसर, उज्जैन

**वस्त्रोद्योग, हाथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी**

सहयोग : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम,
कुटीर एवं ग्रामोद्योग,
उद्योग विभाग, हथकरघा विभाग एवं जिला प्रशासन

**आदि शिल्प**

जनजातीय शिल्प, पारम्परिक व्यंजन एवं जनजातीय परंपरागत चिकित्सा शिविर
सहयोग : वन्या, जनजातीय कार्य विभाग

**सिंहस्थ 2028 की रूपरेखा**

स्थान: दशहरा मैदान, उज्जैन
सहयोग : नगरीय विकास एवं आवास
शिवोऽम - शिवादल, भोपाल

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**पद्मश्री आनंदन शिवमणि**
(The SIVAMANI Trio - feat. RAVI CHARY & SANGEET HALDIPUR.)
एवं **हंसराज रघुवंशी** की सांगीतिक प्रस्तुति
स्थान: दशहरा मैदान, उज्जैन

**आदि-अनादि पर्व**

27 फरवरी से 30 मार्च 2025 । सायं: 07:00 बजे
स्थान: इंजीनियरिंग कालेज परिसर, उज्जैन एवं
महाकाल कॉरिडोर ओपन मंच, उज्जैन
सहयोग : जनजातीय कार्य विभाग, संस्कृति विभाग

**प्रदर्शनी**

27 फरवरी 2025 । प्रातः 11:00 बजे
स्थान: बिड़ला भवन, देवास रोड, उज्जैन
आर्ष भारत - भारतीय ऋषि वैज्ञानिक परम्परा
विक्रमकालीन मुद्रा एवं मुद्रांक
श्रीकृष्ण - चौंसठ कलाएँ (मालवा की चितरावन शैली में)
श्रीकृष्ण - होली पर्व
चौरासी महादेव
जनजातीय प्रतिरूप
सम्राट विक्रमादित्य और अयोध्या
पारंपरिक भारतीय वाद्ययंत्र
देवी 108 स्वरूप
आदि बिंब
देवी अहिल्याबाई द्वारा निर्मित स्थापत्य

**शोध संगोष्ठी**

शैव परम्परा एवं वास्तुविज्ञान
27-28 फरवरी 2025
प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
सहयोग : महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन

**अनुप्रिया देवताले की वायलिन प्रस्तुति**

सायं 05:30 बजे
स्थान: बिड़ला भवन, देवास रोड, उज्जैन

**विक्रमादित्य का न्याय - वैचारिक समागम**

01 से 03 मार्च 2025
प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
स्थान: कालिदास अकादमी, उज्जैन
सहयोग - जिला अभिभाषक संघ, उज्जैन
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
विधि महाविद्यालय, उज्जैन
सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर प्रेस काउंसिल, उज्जैन

**उज्जयिनी**

नाट्य एवं नृत्य समारोह
04 से 07 मार्च 2025 । रात्रि 08:00 बजे
स्थान: कालिदास अकादमी परिसर, उज्जैन
04 मार्च 2025 - गाथा श्रीराम मंदिर की-मोहित शेवानी, मुम्बई
05 मार्च 2025 - मेध के मृदंग-समीक्षा शर्मा, ग्वालियर
06 मार्च 2025 - श्रीकृष्ण उज्जयिनी- जदरूप सिंह चौहान, उज्जैन
07 मार्च 2025 - उज्जयिनी गाथा-पल्लवी किशन, उज्जैन

**लोकरंजन**

जनजातीय भाषा एवं बोलियों का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन
08 मार्च 2025 । रात्रि 08:00 बजे
स्थान: इंजीनियरिंग कालेज परिसर, उज्जैन

**आदि रंग**

जनजातीय संस्कृति पर केन्द्रित नाट्य रंग
10 से 20 मार्च 2025 । सायं 07:00 बजे
स्थान: कालिदास अकादमी परिसर, उज्जैन
सहयोग : वन्या, जनजातीय कार्य विभाग

**अंतर्राष्ट्रीय इतिहास समागम**

10 से 12 मार्च 2025
प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
स्थान: कालिदास अकादमी परिसर, उज्जैन

**शोध संगोष्ठी**

भारत में संवत् परम्परा- वैशिष्ट्य एवं प्रमाण
15 मार्च 2025 | प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे
स्थान: बिड़ला भवन, देवास रोड, उज्जैन
संहिता ज्योतिष, वैशिष्ट्य एवं आचार्य वराहमिहिर
16 मार्च 2025 | प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे
स्थान: महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय

**महादेव शिल्पकला कार्यशाला**

प्रतिदिन - प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक
स्थान: उज्जैन हाट बाजार परिसर

**पौराणिक फिल्मों का अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव**

हिन्दी, भारतीय एवं विश्व भाषाओं - आसियान, दक्षिण अमरीका, अफ्रीकी देशों की पौराणिक फिल्मों का प्रदर्शन
21 से 25 मार्च 2025
प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक
स्थान: कालिदास अकादमी, उज्जैन
सहभागी देश : इटली, फ्रांस, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, फिजी, मंगोलिया, चेक गणराज्य, नॉर्वे, लेसोथो, हंगरी, वेनेजुएला, आइवरी कोस्ट, क्यूबा, माल्टा, चाड व सूरीनाम

**आदि बिंब**

जनजातीय संस्कृति पर केन्द्रित फिल्मों का प्रदर्शन
सायं 04:00 बजे से 06:00 बजे तक
सहयोग : वन्या, जनजातीय कार्य विभाग

**विक्रम नाट्य समारोह**

21 से 29 मार्च 2025 । सायं: 07:00 बजे
स्थान: कालिदास अकादमी परिसर, उज्जैन
21 मार्च 2025 - देवी अहिल्याबाई - अनिल दुबे, भोपाल
22 मार्च 2025 - श्रीकृष्ण तुम कब आओगे- जयंत देशमुख
23 मार्च 2025- माधव -अशोक बांठिया, मुंबई
24 मार्च 2025 - चक्रव्यूह - नितिश भारद्वाज, मुंबई
25 मार्च 2025-महादेव- अशोक बांठिया, मुंबई
26 मार्च 2025- वराहमिहिर - म.प्र.नाट्य विद्यालय, भोपाल
27 मार्च 2025 -कर्णभार- कावलम् नारायण पणिक्कर, त्रिवेंद्रम
28 मार्च 2025 - अभिज्ञान शाकुंतलम् - राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली
29 मार्च 2025 - मृच्छकटिकम् -म.प्र.नाट्य विद्यालय, भोपाल

**वेद अंताक्षरी**

21 मार्च 2025 । प्रातः 10: 00 बजे
स्थान: गुमानदेव हनुमान मंदिर, उज्जैन
सहयोग : अनुष्ठान मण्डपम ज्योतिष अकादमी, उज्जैन

**अखिल भारतीय कवि सम्मेलन**

22 मार्च 2025 । रात्रि 08:00 बजे
स्थान: टावर चौक, घंटा घर

**राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव**

27-29 मार्च 2025
प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
स्थान: कालिदास अकादमी, उज्जैन
सहयोग : म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद

**ज्योतिष सम्मेलन एवं पंचांग पूजन**

27-29 मार्च 2025
स्थान: अखंड ज्योति हनुमान मंदिर, फ्रीगंज, उज्जैन

**कोटि सूर्योपासना**

30 मार्च 2025 । प्रातः 05:30 बजे
स्थान: शिप्रा तट, उज्जैन
सहयोग : नवसम्वत्सर अभिनन्दन समारोह समिति, अनुष्ठान मंडपम, ज्योतिष अकादमी, उज्जैन

**वर्ष प्रतिपदा, उज्जयिनी गौरव दिवस, सृष्टि आरंभ दिवस**

30 मार्च 2025 । रात्रि: 07:00 बजे
स्थान: रामघाट, दत्त अखाड़ा, उज्जैन

**विक्रमादित्य वैदिक घड़ी एप का लोकार्पण**

**प्रकाशन लोकार्पण**

विक्रम पंचांग 2081-83
सार्वभौम सम्राट विक्रमादित्य
- लेखक : पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित
उज्जयिनी की लोक चित्रकला (मराठा युग से आधुनिक युग तक) - लेखक : श्रीकृष्ण जोशी
जल स्रोत एवं जल संवर्धन
- लेखक : डॉ. प्रभा श्रीनिवासुलु
कालकाचार्य कथा की परंपरा
- लेखक : विनोद कुमार सोनार
सम्राट वीर विक्रमादित्य की लोक कथाएँ
- लेखक : डॉ. पूरण सहगल
प्राचीन भारतीय वेशभूषा - लेखक : डॉ. मोतीचंद्र
दक्षिण भारतीय मंदिर वास्तुकला: मंदिरों की छाया में बसे शहर
- लेखक : डॉ. आभा सेन
लोक में वेदांत - प्रो. सरोज गुप्ता
प्राचीन भारत की जनजातियाँ- विमल चंद्र ला

**सांस्कृतिक संध्या**

**30 मार्च 2025 । रात्रि: 07:00 बजे से**
स्थान: रामघाट, दत्त अखाड़ा, उज्जैन
**सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका**

## श्रेया घोषाल

भव्य आतिशबाजी, ड्रोन शो
सहयोग : जिला प्रशासन



**अलंकरण समारोह**

सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान एवं मध्यप्रदेश के विद्वज्जनों के लिए तीन सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान

**विक्रम सम्वत् समारोह**

30 मार्च 2025 । प्रातः 10:00 बजे
प्रदेश के जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन
विक्रम सम्वत् एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित फिल्म तथा नाट्य प्रस्तुतियाँ
सहयोग : स्कूल शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन

**जल गंगा संवर्धन**

अभियान का शुभारंभ
30 मार्च से 30 जून 2025 । प्रातः 10:00 बजे
प्रदेश के जिलों में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजन
सहयोग : जल संसाधन, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत और ग्रामीण विकास, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, वीर भारत न्यास

**1 अप्रैल से 30 जून 2025**

मध्यप्रदेश के जिलों में पर्यावरण, जलीय संरचनाओं के संरक्षण, संवर्धन पर केन्द्रित गतिविधियों का आयोजन
मध्यप्रदेश के सभी जिलों की नदियों, तालाबों एवं जल संरचनाओं को लेकर पुस्तकों का प्रकाशन
सहयोग : जिला प्रशासन, जल संसाधन विभाग, वीर भारत न्यास, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद

**5 से 11 अप्रैल 2025**

अवंती महाजनपद (इंदौर, उज्जैन संभाग के सभी जिले) का भ्रमण सहित मध्यप्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन
कवि सम्मेलन
सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी
सहयोग : उच्च शिक्षा विभाग

**विक्रमोत्सव**

महानाट्य : सम्राट विक्रमादित्य
12 से 14 अप्रैल 2025 । सायं: 07:00 बजे
स्थान: नई दिल्ली

**गंगा दशहरा: सांगीतिक प्रस्तुति**

05 जून 2025 । सायं: 07:00 बजे
स्थान: उज्जैन

**जल सम्मेलन**

07 से 09 जून 2025 । प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
सदानीरा - अमरता का आह्वान (भोपाल)
फिल्म समारोह
प्रदर्शनी
सहयोग : जल संसाधन विभाग, वीर भारत न्यास

**जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन**

30 जून 2025 | स्थान: उज्जैन

**महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ**
संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित
सहयोग : संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश तीर्थ मेला प्राधिकरण, नगरीय विकास एवं आवास विभाग

**आप सादर आमंत्रित हैं।**

D-11200/24

भोपाल
बुधवार, 26 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष–13
वर्ष : 11, अंक : 333
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 15

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

केंद्रीय मंत्री शाह ने किया जीआईएस का समापन, कहा-पीएम के लक्ष्यों को साकार करने में सहायक होगी यह समिट

# मप्र में लैंड-लेबर फोर्स, माइंस-मिनरल्स सब कुछ, इसलिए यहां संभावनाएं ज्यादा

*शाह ने कहा कि कोई एक सरकार देश का विकास नहीं कर सकती। टीम इंडिया में राज्य सरकार और भारत सरकार को मिलकर काम करना होगा*

मप्र बीमारू था भाजपा सरकार ने 20 साल में बदल कर रख दिया

सारी अनुमतियों के लिए सिंगल खिड़की प्रणाली है और नीतियों नियमों को सरल बनाया गया





विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश में लैंड है, लेबर फोर्स भी और माइंस-मिनरल्स भी भरपूर मात्रा में हैं। इस कारण यहां औद्योगिक विकास की सभावनाएं और अवसर ज्यादा हैं। शाह मंगलवार को भोपाल में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन अवसर पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 140 करोड़ जनता के सामने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य भी रखा है। उन्होंने कहा कि मप्र की ये समिट दोनों लक्ष्यों को साकार करने में सहायक होगी। कोई एक सरकार देश का विकास नहीं कर सकती। टीम इंडिया में राज्य सरकार और भारत सरकार को मिलकर काम करना होगा।

### सीएम डॉ. यादव की तारीफ

शाह ने कहा कि सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह भी कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निवेश के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं

### देश को रास्ता दिखाएगी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

शाह ने कहा यह समिट मप्र के लिए युग परिवर्तनकारी है। उन्होंने मध्यप्रदेश में हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के प्रयोग की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि ये नया प्रयोग आने वाले दिनों में बहुत सारे प्रदेशों को रास्ता दिखाने वाला है। शाह ने कहा कि हर क्षेत्र का एक अलग इन्वेस्टमेंट समिट 2 दिन का करके पूरे मध्यप्रदेश का समविकास करने का प्रयास किया गया है। मध्यप्रदेश के अंदर उद्योगगत इन्वेस्टमेंट बढ़ाने का काम इस प्रयोग ने किया है, ऐसा मैं मानता हूं।

### मार्केट का एक्सेस भी मप्र से ज्यादा कहीं नहीं

*शाह ने कहा कि मप्र में एक स्ट्रैटेजिक लोकेशन है। बेहतरीन इंफ्रास्ट्रचर यहां बन चुका है। ईकोसिस्टम भी प्रशासन ने उपलब्ध कराया। मार्केट का एक्सेस भी मप्र से ज्यादा किसी स्टेट को उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा पारदर्शी शासन ने लोगों को इन्वेस्टमेंट के लिए आकर्षित किया है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने ऐसी नीतियां बनाई हैं, जिनकी वजह से निवेशकों को कोई परेशानी नहीं होंगी। सारी अनुमितयों के लिए सिंगल खिड़की प्रणाली है और नीतियों, नियमों को सरल बनाया गया है। शाह ने कहा* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शाह का भोपाल आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत

शाह का मंगलवार को भोपाल आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। शाह शाम 4 बजे विशेष विमान से राजकीय विमानतल पर पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका पुष्प-गुच्छ भेंट कर हार्दिक अभिनंदन किया। डीजीपी कैलाश मकवाना, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्रा ने भी उनका स्वागत किया।

### अधिकतर एमओयू जमीन पर उतरेंगे

शाह ने कहा कि समिट में लोकल और ग्लोबल इन्वेस्टमेंट के कई डायमेंशन अचीव किए गए हैं। समिट में 200 से अधिक भारतीय कंपनियां, 200 से अधिक वैश्विक सीईओ, 20 से अधिक यूनिकॉन संस्थापक और 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि मध्यप्रदेश में इन्वेस्टमेंट करने के लिए और यहां के माहौल को देखने के लिए आए हैं। ये मध्यप्रदेश के लिए बहुत बड़ा अचीवमेंट है। उन्होंने कहा कि देश में मध्य प्रदेश निवेश के लिए एक बड़ा आकर्षण केंद्र बना है। जो मध्य प्रदेश कभी बीमारू राज्य माना जाता था, उसे भाजपा की सरकार ने 20 साल में बदलकर रख दिया है। शाह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह की कार्ययोजना सरकार ने बनाई है, इसमें से अधिकतर एमओयू जमीन पर उतरेंगे। भाजपा सरकार के 20 साल के कार्यकाल में मप्र में आज 5 लाख किमी रोड नेटवर्क है। 6 हवाई अड्डे हैं, 31 गीगावाट की ऊर्जा क्षमता है। इसमें से 30 प्रतिशत ग्रीन एनर्जी है। देश भर में सबसे ज्यादा खनिज संपदा पैदा करने वाला राज्य भी यह प्रदेश है। मप्र देश का कॉटन कैपिटल भी बन गया है। फूड प्रोसेसिंग के लिए भी मप्र महत्वपूर्ण राज्य माना जाता है।

कुबेरेश्वरधाम पर आस्था का महाकुंभ



## रुद्राक्ष महोत्सव शुरू, 2 हजार सेवादार और 3 हजार से ज्यादा पुलिस तैनात

▶▶ *यह महोत्सव 3 मार्च तक चलेगा*
▶▶ *पंडाल और डोम श्रद्धालुओं से भरे*

इस बार एक करोड़ से अधिक रुद्राक्षों को अभिमंत्रित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शिव पुराण का यही संदेश है कि भगवान शिव की आराधना करने वाला दुखी नहीं रहता । भगवान भोलेनाथ की भक्ति में बहुत ही शक्ति है। भोलेनाथ पर विश्वास करने वालों की पलट जाती है किस्मत। उक्त विचार पं. प्रदीप मिश्रा ने जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर मंगलवार से आरंभ हुए सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के पहले दिन लाखों श्रद्धालुओं से कहे।

पहले दिन यहां पर रुद्राक्ष के निर्मित रुद्राक्ष शिवलिंग का पूर्ण विधि-विधान से अभिषेक का क्रम सुबह नौ बजे से आरंभ किया गया और दोपहर में शिव महापुराण का शुभारंभ किया गया। यह महोत्सव 3 ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चार लाख स्क्वायर फीट में पांच डोम और भव्य पंडाल

महोत्सव में 27 फरवरी और 1 मार्च को प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से 2000 से अधिक सेवादार व्यवस्था के लिए पहुंचे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। आयोजन के लिए यहां चार लाख स्क्वायर फीट में पांच डोम और भव्य पंडाल बनाए गए हैं, जो फुल हो गए थे। शिवमहापुराण समारोह को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा पहले ही पार्किंग व्यवस्था और रूट डायवर्ट किया गया था। जिला प्रशासन ने भी एक दर्जन से अधिक विभागों के आला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। दोपहर में 1 बजे से शाम 4 बजे तक कथा और रात्रि में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कार्य और उपलब्धियों के आधार पर चयन

## भोपाल आयकर बना आईएसओ पाने वाला देश का पहला कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवीन आयकर भवन भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय भोपाल को लोक प्रशासन की कैटेगरी में आईएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। यह सर्टिफिकेट यूनिवर्सल सर्टिफिकेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड भोपाल ने क्वालिटी



मैनेजमेंट सर्विसेस के लिए दिया है। यह सर्टिफिकेट पाने वाला यह भारत का पहला प्रशासनिक आयकर कार्यालय है। प्रधान मुख्य आयकर ▶▶ शेष पेज 4 पर


*महाकुंभ के आखिरी स्नान का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 9 मिनट से लेकर 5 बजकर 59 मिनट तक*

# महाकुंभ का आखिरी स्नान आज, 44 दिन में 64.33 करोड़ ने लगाई डुबकी

प्रशासन बोला- नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जाएं

महाशिवरात्रि पर हर साल शहर में 16 किमी की शोभायात्रा निकाली जाती है, श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस बार यह यात्रा नहीं निकाली जाएगी

निगरानी के लिए एयरफोर्स के जवान तैनात किए गए



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ का समापन महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर यानी बुधवार को समापन होगा। आस्था के इस महापर्व में देश-विदेश से आए करोड़ों लोग त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में मंगलवार को जबरदस्त भीड़ रही। शाम 4 बजे तक 97.21 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। इस तरह 13 जनवरी से अब तक 44 दिन में 64.33 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। महाशिवरात्रि के स्नान पर्व को देखते हुए ट्रैफिक प्लान ▶▶ शेष पेज 4 पर

मेले के आखिरी दिन प्रयागराज में वाहन बैन

### महाकुंभ आखिरी स्नान और दान का शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन महाकुंभ के आखिरी स्नान का शुभ मुहूर्त सुबह 5:09 मिनट से लेकर 5 बजकर 59 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा प्रातः संध्याः 05:34 बजे से लेकर 06:49 बजे तक रहेगा। अमृत कालः 07:28 बजे से लेकर 09:00 बजे तक रहेगा। विजय मुहूर्तः 02:29 बजे से लेकर 03:15 बजे तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्तः 06:17 से लेकर 06:42 बजे तक रहेगा। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### रीवा में एसयूवी के ट्रक से टकराने से 3 श्रद्धालुओं की मौत

जिले में प्रयागराज में महाकुंभ से लौटते समय एक वाहन के सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि सात अन्य घायल हो गए। मनगवा पुलिस थाने की अधिकारी वर्षा सोनकर ने बताया, कि यह घटना रीवा जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोमवार रात करीब 10.30 बजे हुई, जब वाहन चालक को झपकी आ गई ।







### सिख विरोधी दंगे में सज्जन को उम्रकैद



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख दंगे से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। सज्जन सिंह पहले ही दिल्ली हाईकोर्ट की तरफ से इन्हीं दंगों से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा पा चुके हैं। सज्जन कुमार का नाम दिल्ली में सिखों के खिलाफ दंगों को भड़काने में आता है। ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं

### महाशिवरात्रि पर्व पर सुनिए प्रतिष्ठित पुजारियों की पुकार

*पुजारियों ने रामचरित मानस की चौपाई- 'सो कलिकाल कठिन उरगारी। पाप परायन सब नर नारी।।' का जिक्र करते हुए कहा कि यही कलयुग है। सभी पाप परायन हो गए हैं। सत्य कहो तो सभी को गाली ही लगती है।*



- प्रतिष्ठित मंदिरों के पुजारियों ने कहा कथावाचक टोटके बता रहे, यह पूजन शास्त्र सम्मत नहीं
- शिवलिंग में दाल, चावल धनिया, धान, तिल, गुड़ जैसी चीजें चढ़ाए जाने से महंत व पुजारी नाराज
- कहा- अपने फॉलोअर बढ़ाने परंपरा को पहुंचा रहे नुकसान, गलत पूजन विधि से हो रहा शिवलिंग का क्षरण



दमोह जिले का प्रसिद्ध जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर

# शक्कर, तिल, फल्ली, चावल, अबीर, गुड़, चना जैसी सामग्री अर्पित मत कीजिए, शिवलिंग का हो रहा क्षरण

हरिभूमि टीम ▸▸ उज्जैन/ ओंकारेश्वर/दमोह/ पचमढ़ी

**हरिभूमि पड़ताल**

आज बुधवार को महाशिवरात्रि है। भगवान भोले के भक्तों के लिए विशेष दिवस। मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की आराधना होगी, पूजा-पाठ का आयोजन होगा। भक्त शिवलिंग की पूजा करेंगे। अपनी-अपनी भावना से शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक करेंगे। भगवान शिव भोले हैं। भक्तों की सहज और मन से की गई प्रार्थना से प्रसन्न हो जाते हैं। सदियों से शिवलिंग पर दूध, दही, शहद, बेलपत्र और धतूरा ही अर्पित करने की परंपरा रही है। लेकिन बीते कुछ साल से कथावाचकों द्वारा ऐसे-ऐसे टोटके बताए हैं ▸▸शेष पेज 4 पर



### ऐसी सामग्री अर्पित न करें जिससे शिवलिंग को हानि हो

पूजन में सप्तधान अर्पित किए जाते हैं, लेकिन कथा वाचक इसे टोटके के रूप में बताते हैं। जिस ढंग से वे इसे बताते हैं, उसके कारण भक्त अधिक मात्रा में इन चीजों को शिवलिंग पर चढ़ाते हैं। सभी की एक मात्रा और अर्पित करने के लिए वर्ष में एक दिन निर्धारित होता है। ये प्रतिदिन नहीं चढ़ाए जाते। ये पूजा पद्धति और विधान नहीं है। कथावाचक परंपरा को क्षति पहुंचा रहे हैं। भक्त इनसे सावधान रहें।

**महेश पुजारी,** महाकालेश्वर मंदिर अध्यक्ष अखिल भारतीय पुजारी महासंघ



### जो चीजें अर्पित की जा रही हैं उनसे बन रहा लैक्टिक एसिड

शिवलिंग क्षरण को लेकर ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के सायंकालीन पुजारी पंडित डंकेश्वर दीक्षित ने कहा कि दूध-दही, इत्र, शहद इत्यादि वस्तुओं को शिवलिंग पर चढ़ाने से शिवलिंग पर लैक्टिक एसिड बनता है जो अत्यधिक नुकसानदायक होता है। वर्तमान समय में पंचामृत की शुद्धता में कोई गारंटी नहीं है। प्राचीन समय में शुद्ध गाय का घी होता था। दूध होता था, दही होता था लेकिन आज सारी चीजें केमिकल युक्त मिल रही हैं। अलग-अलग जगहों से यह भी बातें आ रही हैं कि मिनरल वाटर ही शिवलिंग पर चढ़ाएं लेकिन यह इसलिए कहा गया होगा क्योंकि कौन कैसा कहां से जल लाकर भगवान को अर्पित कर रहा किसे पता?





### शिवलिंग पर न घिसाई हो और न स्पर्श

जिस तरह से लोग अभिषेक के दौरान शक्कर, भस्म, अबीर लगाकर घिसाई करते हैं उसे बंद कर दिया जाना चाहिए। शिवलिंग के क्षरण को रोकने के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है। जितने भी साधु-संत शिवलिंग पर कई चीजें अर्पित करने की बात करते हैं, तो वह शिवलिंग पर नहीं बल्कि घर में बनाए जाने वाले पार्थिव शिवलिंग पर अर्पित करनी चाहिए, क्योंकि मिट्टी से बनाए जाने वाले पार्थिव शिवलिंग की पूजा का विशेष महत्व होता है और इन्हीं का अभिषेक किया जाता है और बाद में इन्हें नदी-तालाब आदि में विसर्जित कर दिया जाता है, जितने भी प्रसिद्ध शिवलिंग हैं उनके क्षरण को रोकने के लिए अभिषेक के दौरान घिसाई बंद हो और शिवलिंग का कम से कम स्पर्श हो।

**पं. दुर्गेश दुबे,** सीतू पंडा, पुजारी, जागेश्वर नाथ मंदिर, बांदकपुर, दमोह

### समझिए कि शिवलिंग हमारी धरोहर है


हमें यह समझना होगा कि शिवलिंग हमारी धरोहर हैं। इस देश में ऐतिहासिक और प्राकृतिक शिवलिंग मौजूद हैं। हमें यह ध्यान में रखना होगा कि किन चीजों का उपयोग करने से शिवलिंग का क्षरण हो रहा है। प्राकृतिक शिवलिंग में प्राकृतिक रूप से ही पहाड़ से रिसने वाले जल से अभिषेक होता है। जल और पंचामृत से शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। शहद और घी के ज्यादा उपयोग से शिवलिंग बहुत चिकना व चिपचिपा हो जाता है। उसे पहले जैसा करने में काफी समय लगता है। हम दर्शन करने आ रहे भक्तजनों को लगातार समझाइश देते हैं।

**पंडित अभिषेक दुबे,** मुख्य महंत, बड़ा महादेव, पचमढ़ी

## प्रदेश के दो ज्योतिर्लिंग और प्राचीन शिव मंदिरों में आज कैसे मनाई जाएगी महा-शिवरात्रि, 'हरिभूमि' से जानिए

### ओंकारेश्वर मंदिर, खंडवा

## आज 24 घंटे खुला रहेगा मंदिर, 2 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचेंगे यहां



मनोज त्रिवेदी ▸▸ ओंकारेश्वर

आज ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर मंदिर के पट भक्तों के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे। एक अनुमान के मुताबिक 2 लाख से ज्यादा भक्त यहां आएंगे। मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। इससे पहले महाशिवरात्रि के महापर्व पर अलसुबह ढोल नगाड़ों के साथ संत महात्मा शोभायात्रा निकालेंगे। खंडवा-इंदौर मार्ग पर भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पुलिस का भी 300 का बल यहां की व्यवस्था संभालेगा। धर्मग्रंथों के अनुसार ओंकारेश्वर में 68 तीर्थ स्थित हैं और 33 करोड़ देवता परिवार सहित निवास करते हैं। ज्योतिर्लिंग की खासियत ये है कि ये नर्मदा नदी के उत्तर में स्थित है और जिस पर्वत पर ये स्थित है, उसकी आकृति ॐ आकार की है। ऐसी भी मान्यता है कि तीनों लोक में भ्रमण के बाद भगवान यहां विश्राम करते हैं। ओंकारेश्वर की महिमा का उल्लेख पुराणों में स्कंद पुराण, शिवपुराण व वायुपुराण में भी है।

### भोजपुर मंदिर, रायसेन

*यह दुनिया का सबसे ऊंचा और विशालकाय शिवलिंग*

## डेढ़ क्विंटल फूलों से सजेगा मंदिर एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचेंगे



विकास सोनी ▸▸ रायसेन

भोजपुर में स्थित विश्व के सबसे बड़े एवं प्राचीन शिवलिंग को महाशिवरात्रि के मौके पर डेढ़ क्विंटल फूलों से सजाया जाएगा। श्रद्धालु सुबह चार बजे की आरती के बाद ब्रह्ममहूर्त में प्रथम दर्शन के लिए पहुंचेंगे। भोजपुर, पार्वती गुफा और आशापुरी स्थित बिलौटा धाम मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटेगी।

भगवान शिव का यह ऐतिहासिक मंदिर विंध्य पर्वतमालाओं के मध्य स्थित है। बेतवा नदी के किनारे पर स्थित इस मंदिर में दुनिया का सबसे ऊंचा और विशालकाय शिवलिंग स्थापित है, जिसे राजा भोज ने 11वीं शताब्दी में बनवाया था। पुरातत्वविद नारायण व्यास का कहना है कि भोजपुर शिव मंदिर पांच मंदिरों का समूह रहा होगा। जिसमें भोजपुर शिवालय, जैन मंदिर दिखाई देते हैं। तीसरा जहां इन्टरपीटीशन सेंटर बना है वहां मंदिर के अवशेष मिलते हैं। इसके अलावा दो अन्य मंदिरों के नक्शे पत्थर पर उकेरे हैं। एक ही पत्थर में जहां से परिधि शुरू होती है, वहां ▸▸शेष पेज 4 पर

### महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन

*प्रातः 9 से 12 बजे तक 11 ब्राह्मणों द्वारा होगा लघुरुद्राभिषेक*

## आज रात 2.30 तक खुले रहेंगे महाकाल मंदिर के पट



हरिभूमि न्यूज ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में शिव नवरात्र के रूप में इस पर्व को मनाया जाता है। इन नौ दिनों में भगवान का विशेष अभिषेक, पूजन, कथा कर नित नए श्रृंगार बाबा महाकाल के किए जाते हैं। वरिष्ठ पुजारी महेश पुजारी ने बताया कि यह पर्व फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी से प्रारंभ होता हैं इसके अंतर्गत कोटि तीर्थ कुंड पर कोटेश्वर महादेव पर नौ दिनों तक 11 ब्राह्मणों द्वारा अभिषेक किया जाता है पश्चात वीरभद्र पूजन कर बाबा महाकाल का प्रातः 9 से 12 बजे तक 11 ब्राह्मणों द्वारा लघुरुद्राभिषेक किया जाता है। सायंकाल में भगवान के नित नए श्रृंगार होते हैं जिसमें पंचमी के दिन चंदन श्रृंगार करने के बाद वस्त्र धारण कराए जाते हैं। दूसरे दिन चंदन श्रृंगार कराकर वस्त्र और शेषनाग धारण कराए जाते हैं। तीसरे दिन घटाटोप मुखारबिंद से, चौथे दिन छबीना श्रृंगार,पांचवें दिन होलकर मुखौटा श्रीनगर, छठे दिन मन महेश मुखौटा श्रृंगार, सातवें दिन उमा महेश श्रृंगार ओर आठवें दिन अर्थात फाल्गुन ▸▸शेष पेज 4 पर

*'वास्तविक' श्री सोमनाथ शिवलिंग के पुनरुत्थान की रोचक कहानी सुनाई श्री श्री रविशंकर ने सोमनाथ का शिवलिंग अद्वितीय था क्योंकि यह भूमि को स्पर्श न करके 'हवा में लटका' हुआ था*

# अग्निहोत्री ब्राह्मणों ने मूल सोमनाथ लिंग के टुकड़ों को संरक्षित किया और हजार वर्षों तक 'छिपाए' रहे



जिस तरह 500 साल बाद राम मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ, उसी तरह अब हम 1,000 साल बाद मूल सोमनाथ लिंगम की महिमा की वापसी देख रहे हैं

इन टुकड़ों को देश भर में ले जाने की योजना है, जिससे सोमनाथ में अंतिम रूप से प्रतिष्ठित होने से पहले लाखों लोगों को इनके दर्शन करने की अनुमति मिल सके



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

**हरिभूमि विशेष**

आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर ने कहा कि एक हजार वर्ष पहले बारह ज्योतिर्लिंगों में से पहला ज्योतिर्लिंग सोमनाथ, भक्ति के प्रतीक के रूप में देखा जाता था। यह केवल एक पूजा स्थल नहीं था, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का एक शक्ति भंडार था, जो पूरे देश से भक्तों, संतों और साधकों को ▸▸शेष पेज 4 पर


### पवित्र शिवलिंग के ये रहे संरक्षक

श्री श्री ने बताया कि सदियों तक ये सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के टुकड़ों के बनाए गए ये पिंड उन महान संतों और आध्यात्मिक संरक्षकों द्वारा छिपाकर रखे गए, जिन्होंने इनका महत्त्व समझा। इन पिंडों को एक पवित्र लिंगम के रूप में आकार दिया गया और उसकी पूजा की गई। पिछले सदी के पहले हिस्से में स्वामी प्रणवेंद्र सरस्वती ने अपने गुरु से यह पिंड प्राप्त किए। वे इसे कांची शंकराचार्य स्वामी चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती के पास ले गए, जिन्होंने इसे 100 साल तक छिपाकर रखने का निर्देश दिया। इसके बाद ये पिंड सीताराम शास्त्री के परिवार के पास गए, जो 100 वर्ष के बाद इसे वर्तमान कांची शंकराचार्य स्वामी विजयेंद्र सरस्वती के पास ले गए। शंकराचार्य जी के कहने पर उन्होंने यह पिंड पुनः स्थापित करने के उद्देश्य से मुझे लाकर दिए। जब ये पिंड कपड़े में लपेटकर आए, तो मैंने पाया कि इन शिवलिंगों में एक विशेष चुंबकीय शक्ति थी।

### इस शिवलिंग के केंद्र में एक मजबूत चुंबकीय क्षेत्र

*श्री श्री ने बताया कि 2007 में जब वैज्ञानिकों ने इन टुकड़ों की सामग्री संरचना का अध्ययन किया तो उन्हें कुछ आश्चर्यजनक तथ्य मिला, जिसने इस लिंगम के रहस्य को और गहरा कर दिया। उन्होंने पाया कि इसके केंद्र में एक मजबूत चुंबकीय क्षेत्र है जो बहुत ही असामान्य है। वैज्ञानिकों ने कहा कि उस स्थिति में लटके रहने के लिए यह एक बहुत ही विशेष और दुर्लभ प्रकार का चुंबकीय पत्थर होना चाहिए। इसकी संरचना क्रिस्टलीय प्रतीत होती है, लेकिन यह किसी भी ज्ञात पदार्थ से मेल नहीं खाती है जिससे पता चलता है कि टुकड़े किसी नई या दुर्लभ चीज से बने थे। प्राचीन ग्रंथों में लिंग के बारे में कई उल्लेखों से संकेत मिलता है कि यह बाहरी अंतरिक्ष से आया उल्कापिंड हो सकता है। इन टुकड़ों को देश भर में ले जाने की योजना है, जिससे सोमनाथ में अंतिम रूप से प्रतिष्ठित होने से पहले लाखों लोगों को इनके दर्शन करने की अनुमति मिल सके। हम सभी यह सुनिश्चित करते हुए बारह ज्योतिर्लिंगों* ▸▸शेष पेज 4 पर

### चौरागढ़ महादेव, पचमढ़ी




*महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु आ रहे*

## 100 से लेकर 500 किलो से ज्यादा वजन के त्रिशूल लेकर आ रहे भक्त


सादिक अली ▸▸ पचमढ़ी

महादेव की पवित्र नगरी पचमढ़ी में महाशिवरात्रि मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 17 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु भगवान चौरागढ़ महादेव एवं



जटाशंकर के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। अब तक लगभग 1,50,000 से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालु नांदिया जंक्शन होते हुए भी चौरागढ़ महादेव तक पहुंच रहे हैं। इस मंदिर में त्रिशूल का बहुत महत्व है। यहां आने वाले भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए त्रिशूल चढ़ाते हैं। इस बार भक्त 500 किलो व 100 किलो से ज्यादा वजनी त्रिशूलों को लेकर पहाड़ पर चढ़ते दिखे रहे ▸▸शेष पेज 4 पर

### पशुपतिनाथ मंदिर, मंदसौर



*पशुपतिनाथ मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे से खुले*

## भगवान बनेंगे दूल्हा, मध्य रात्रि में माता पार्वती से होगा विवाह

कमलेश मोदी ▸▸ मंदसौर

भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे खुले जाएंगे। उसके बाद दूध दही जल आदि से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। उसके बाद भगवान पशुपतिनाथ को दूल्हे के रूप में सजाया जाएगा। इसके बाद मध्य रात्रि में भगवान पशुपतिनाथ एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न किया जाएगा।

मंदिर के सभी गेट्स पर सीसीटीवी कैमरे एवं लाइट लगाए गए। गेट पर



कर्मचारी भी तैनात हैं। बुजुर्ग व दिव्यांग व्यक्तियों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था रहेगी। मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों के स्नान आदि हेतु नदी घाट पर गोताखोर की ड्यूटी रहेगी। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर आराधना हॉल में शाम 6:30 बजे शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के रसास्वादन का आयोजन होगा। सागर के कलाकार जुगलकिशोर नामदेव एवं साथी द्वारा लोकगायन की प्रस्तुति दी जाएगी। इंदौर के कलाकार कविता तिवारी एवं साथी द्वारा महादेव केंद्रित नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। नर्मदा पुरम के कलाकार दामिनी पठारिया एवं साथी द्वारा भक्ति गायन किया जाएगा।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 26 फरवरी 2025

7 खुलेआम उत्पात मचाने वाले बदमाशों के कई...



8 गृह मंत्री शाह ने अपने हाथों से लगाया बाग प्रिंट का...





रातापानी में आस्था और रोमांच का संगम, साल में दो बार खुलता है मंदिर

## आज महाशिवरात्रि पर भक्तों को दर्शन देंगे कैरी के महादेव, दिनभर खुला रहेगा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के पास रातापानी अभयारण्य में स्थित कैरी का महादेव मंदिर आस्था और रोमांच का अनूठा संगम है। यह बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर दिनभर खुला रहेगा।

भक्त कैरी के महादेव के दिनभर दर्शन कर सकेंगे। कोलार रोड से 24 किमी दूर रातापानी के घने जंगलों में स्थित कैरी महादेव मंदिर में 12 माह लगातार जल धारा बहती रहती है। यहां शिवलिंग स्थापित है, जहां आसपास के ग्रामीण दर्शन करने आते हैं। बताया जाता है कि यहां पार्वती, गंगा, नर्मदा, जमुना, गोमती, शिप्रा एवं सरयू नदी का जल आता है। भोले बाबा के स्थान के पास ही यहां विशाल आम (कैरी) का वृक्ष मौजूद है। लगभग 200 वर्ष पुराने इस पेड़ का तना लभगभ पांच फीट मोटा है। इसकी मौजूदगी के कारण ही मंदिर का नाम कैरी के महादेव पड़ा है।



### आदिवासियों के इष्टदेव हैं महादेव

कैरी के महादेव के प्रति आसपास के गांवों में रहने वाले आदिवासियों की अटूट आस्था है। वह महादेव को अपना इष्ट मानते हैं। कोई भी शुभ काम शुरू करने से पहले वे लोग महादेव के दरबार में हाजिरी लगाना नहीं भूलते।

महाशिवरात्रि विशेष

### साल में दो बार भूतड़ी अमावस्या और महाशिवरात्रि पर लगता है मेला

वैसे तो अभयारण्य में प्रवेश के लिए वन विभाग ने पाबंदी लगा रखी है। इसके लिए बैरियर लगे हुए हैं। इसके बाद भी लोग किसी न किसी तरह दोपहिया वाहन लेकर मंदिर तक पहुंच जाते हैं। मंदिर भूतड़ी अमावस्या और महाशिवरात्रि पर ही खोला जाता है। वन विभाग सिर्फ साल में दो बार ही मंदिर खोलने की अनुमति देता है।

सोमेश्वर धाम मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की अपार आस्था, दस वर्ग किमी में फैला है मंदिर

## कई दशकों से ताले में बंद हैं यहां शिव साल में एक ही दिन खुलता है मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन किले के प्राचीन मंदिर में भगवान शिव वर्षों से कैद हैं। यह ताला सिर्फ महाशिवरात्रि के दिन 12 घंटे के लिए खुलता है। 11वीं शताब्दी के आस-पास बने इस किले पर कुल 14 बार विभिन्न राजाओं, शासकों ने हमले किए। किला 1500 फीट ऊंची पहाड़ी पर दस वर्ग किमी में फैला है। सोमेश्वर धाम मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था है। यह मंदिर पुरातत्व विभाग के अधीन है। 1974 में नगर के लोगों ने मंदिर खोलने की मांग की थी। साथ ही शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए आंदोलन किया था। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाशचंद्र सेठी ने महाशिवरात्रि पर खुद आकर शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा कराई थी। तब से हर शिवरात्रि पर ताला खोला जाता है। इसके साथ ही विशाल मेला भी लगता है।



### धोखे का शिकार हो गए थे राजा पूरनमल

उल्लेख मिलता है कि दिल्ली का शासक शेरशाह सूरी 4 माह की घेराबंदी के बाद भी इस किले को नहीं जीत पाया था। जिसके बाद उसने तांबे के सिक्कों को गलवा कर यहीं तोपों का निर्माण किया, तब कहीं जाकर शेरशाह को जीत नसीब हुई। शेरशाह ने इस किले को घेरा, तब 1543 ईसवीं में यहां राजा पूरनमल का शासन था। वह शेरशाह के धोखे का शिकार हुआ था। जब राजा पूरनमल को मालूम पड़ा कि वह धोखे का शिकार हो गया है, तो उसने अपनी पत्नी रत्नावली का स्वयं सिर काट दिया था, जिससे वह शत्रुओं के हाथ न लग सके।

### किले से जुड़ी अहम घटनाएं

- 17 जनवरी 1532 ई. को बहादुर शाह ने रायसेन किले का घेराव किया।
- 6 मई 1532 ई. को रायसेन की रानी दुर्गावती ने 700 राजपूतानियों के साथ जौहर किया।
- 10 मई 1532 ई. को महाराज सिलहादी, लक्ष्मणसेन सहित राजपूत सेना का बलिदान।
- जून 1543 ई. में रानी रत्नावली समेत कई राजपूत महिलाओं एवं बच्चों का बलिदान।
- जून 1543 ई. में शेरशाह सूरी द्वारा किए गए विश्वासघाती हमले में राजा पूरनमल और सैनिकों का बलिदान।

राजधानी के सौंदर्यीकरण का कार्य निरंतर होगा

## भोपाल में बनेगा बड़ा कन्वेंशन सेंटर, 25 वर्ष का बनेगा प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

◆ मुख्यमंत्री ने जीआईएस के समापन पर मीडिया से की चर्चा, बोले-भोपाल की प्रगति के लिए 25 वर्ष की योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 (जीआईएस) प्रदेश की प्रगति का एक स्वर्णिम अध्याय है। इस तरह के प्रयास जारी रहेंगे। राज्य सरकार सेक्टर वाइज और क्षेत्र वाइज इंडस्ट्री कॉन्क्लेव भविष्य में आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि भोपाल प्रदेश की राजधानी है। समिट के अवसर पर शहर का सौन्दर्यीकरण हुआ। आगे भी यह कार्य जारी रहेंगे। भोपाल की जल संरचनाओं को भी सहेजा जाएगा। उन्हें साफ सुथरा और सुंदर बनाए रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भोपाल में इन्वेस्टर समिट जैसे आयोजन किए जाने के लिए एक बड़े कन्वेंशन सेंटर की आवश्यकता है, जिसका निर्माण राज्य सरकार करवाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मंगलवार को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन पर मीडिया से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भोपाल की प्रगति के लिए 25 वर्ष की योजना बना रही है। उद्योगों और व्यवसायों के विकास के लिए निरंतर प्रयास होंगे। जैसा मध्यप्रदेश में संपन्न संभागीय इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के अच्छे परिणाम मिले, उस क्रम में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से भी बड़ी संख्या में रोजगार की संभावनाएं सामने आई हैं।



*सीएम ने कहा-आगामी समय में राज्य सरकार सेक्टर वाइज और क्षेत्र वाइज इंडस्ट्री कॉन्क्लेव भविष्य में आयोजित करेगी*

*भोपाल की जल संरचनाओं को साफ सुथरा और सुंदर बनाए रखा जाएगा, उद्योगों-व्यवसायों के विकास के लिए निरंतर प्रयास होंगे*

जल संरचनाओं के संरक्षण के कार्य होंगे

### मुख्यमंत्री ने की विस्तार से चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्ताव और समिट की सफलताओं के विभिन्न आयामों की विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट के सफल आयोजन के लिए राजधानी भोपाल के नागरिकों, सभी जनप्रतिनिधियों, प्रदेश के जनप्रतिनिधियों, उद्योग जगत, पुलिस, प्रशासन के साथ ही मीडिया के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

बच्ची की मौके पर मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

## बाइक से बच्ची को स्कूल छोड़ने जा रहे पिता को मिनी ट्रक ने रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी इलाके में तेज रफ्तार मिनी ट्रक की टक्कर से एक मासूम की मौत हो गई, जबकि उसका पिता घायल हो गया। हादसा उस वक्त हुआ जब वह अपनी 5 साल की बच्ची को छोड़ने स्कूल जा रहे थे।



दरअसल, कोकता मल्टी निवासी छन्नीलाल यादव सुबह 10 बजे 5 वर्षीय बेटी अनुष्का को उसके आनंद नगर स्थित स्कूल छोड़ने बाइक से जा रहे थे। वे जब स्कूल के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे मिनी ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों पिता और पुत्री गिर गए। इस दौरान दोनों के सिर में गंभीर चोट आई थी। दोनों को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां, अनुष्का को मृत घोषित कर दिया गया।

### पिता ने नहीं पहना था हेलमेट

पुलिस का कहना है कि पिता ने हेलमेट नहीं पहना था। उनके सिर में गंभीर चोट है। उनका उपचार एक निजी अस्पताल में जारी है। आरोपी चालक की पहचान महेश पाल निवासी बिलखिरिया के रूप में हुई है। मिनी ट्रक भी जब्त कर लिया गया है।

आज से बढ़ेगा दिन और रात दोनों का तापमान

## भिंड, मुरैना और कुछ जिलों में आज बारिश, भोपाल में बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बुधवार से मौसम में फिर बदलाव होने जा रहा है। भिंड, मुरैना, चंबल संभाग के कुछ जिलों में जहां बौछारें, बूंदाबांदी होगी। वहीं, भोपाल सहित पश्चिमी मप्र के कुछ जिलों में बादल छाए रह सकते हैं। सुबह से धूप, रात में बादल और हवाओं में बदलाव से दिन और रात दोनों का पारा भी बुधवार से और बढ़ेगा।

राजस्थान से लगे कुछ हिस्सों में गुरुवार को भी बारिश की उम्मीद है। बुधवार से तापमान में बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में मौसम बदलेगा। बुधवार को भिंड, मुरैना सहित कुछ जिलों में बूंदाबांदी और बौछारें पड़ेंगी। भोपाल में बादल छाएंगे।

### इसलिए बढ़ेगा पारा

शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान के आसपास है। राजस्थान के ऊपर इन्ड्यूस्ड सिस्टम बना है, जबकि अरब सागर से नमी आ रही है। इससे प्रदेश में मौसम बदलेगा। दिन में दोपहर के समय हवाएं दक्षिण-पूर्वी होंगी, जिनकी अधिक रहेगी। नमी आने से दिन के साथ रात में भी बादलों का असर रहेगा, जिससे दिन और रात दोनों के तापमान बढ़ेंगे।

बस के अधिकांश पार्ट जलकर खाक

## रात में अचानक धू-धू कर जल उठी स्कूल बस, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र के वैशाली नगर में सोमवार रात साढ़े ग्यारह बजे शारदा विद्या मंदिर स्कूल की एक बस में अचानक आग लग गई। सूचना के आधार पर पुलिस बल पहुंचा और फायर ब्रिगेड को मामले की सूचना दी। फायर ब्रिगेड पहुंची और तत्काल आग पर काबू पा लिया। हालांकि घटनाक्रम में बस का अधिकांश हिस्सा जलकर खाक हो गया। रहवासियों का कहना है कि घटना स्कूल समय में नहीं हुई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

### तुरंत दमकल को बुलाया गया

घटनाक्रम वैशाली नगर का है। यहां शारदा विद्या मंदिर की बस को ड्राइवर मेन रोड पर रोजाना ही खड़ा करके जाता था। थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तुरंत दमकल को बुलाया गया और आग बुझा दी गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। बस ड्राइवर और मालिक दोनों से संपर्क हो गया है। किसी शरातती तत्व की साजिश हो सकती है। पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज किया है।



## मंडल के स्टेशनों पर पकड़ाए 428 बेटिकट, 2.19 लाख दंड वसूला

**भोपाल।** भोपाल मंडल में मंगलवार को टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशन रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, हरदा, विदिशा और नर्मदापुरम पर सुबह 6 से दोपहर दो बजे तक किलाबंदी अभियान चला। चेकिंग के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले सभी मार्गों की घेराबंदी की गई, ताकि बिना टिकट यात्री स्टेशन से बाहर न निकल सकें। भोपाल मंडल के पांच स्टेशनों पर एक साथ चलाए गए इस व्यापक टिकट चेकिंग अभियान में कुल 428 मामलों से 2,19,250 रुपये की राशि वसूली गई। कुल 51 ट्रेनों के यात्रियों के टिकटों की जांच की गई, जिसमें 217 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए, जिनसे 1,22,540 रुपये बतौर किराया जुर्माना वसूला गया।

चार इमली क्षेत्र में नहीं थम रहा कुत्तों का आतंक

## एकांत पार्क में पांच लोगों को कुत्तों ने काटा, हाथ में छड़ी लेकर मॉर्निंग वॉक पर आ रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*अमले ने पकड़े तीन कुत्ते, पार्क में कम हुई टहलने वालों की तादाद*

राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक थमन नहीं ले रहा है। सोमवार सुबह जब चार इमली के नजदीक स्थित एकांत पार्क में लोग टहलने पहुंचे, तो वहां कुत्तों ने उन पर हमला बोल दिया। पांच को कुत्तों ने काट लिया, जबकि अन्य घायल हो गए। सूचना निगम अमले को दी गई, जिसके बाद डॉग स्क्वॉड ने तीन कुत्ते पकड़े हैं। अफसरों का तर्क है कि यहां आने वाले लोग कुत्तों को फीडिंग कराते हैं, जिस वजह से यहां कुत्ते बढ़ गए हैं।

डॉग स्क्वॉड प्रभारी राजीव सक्सेना का कहना है कि एकांत पार्क में कुत्तों के काटने की सूचना मिली थी, जिसके बाद वहां से तीन डॉग को पकड़ा गया है।




### लोगों को आवारा कुत्तों का डर सता रहा

एकांत पार्क में हुई घटना के बाद यहां आने वाली महिलाएं हाथ में छड़ी लेकर आ रही हैं, जिससे कुत्तों से बचा जा सके। साथ ही आम लोगों की तादाद में भी कमी आई है। लोगों को डर सता रहा है कि उन्हें कुत्ते काट सकते हैं। यहां आने वालों में दहशत का माहौल बना हुआ है। पिछले सालभर में आवारा कुत्तों के 2100 से अधिक लोग शिकार हो चुके हैं।

### रोजाना अस्पताल पहुंचे रहे 50 से 60 लोग

राजधानी में रोजाना कुत्तों के काटने के औसतन 50 से 60 मामले अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। आवारा कुत्तों की वजह से अब तक कई मासूमों की जान जा चुकी है। पिछले सालभर में कुत्तों के काटने के 21 हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। यही नहीं, पिछले पांच सालों में राजधानी में आवारा कुत्तों ने पांच मासूमों की जान ले ली है।

### क्षमता से अधिक भरे हैं शेल्टर होम

निगम के शेल्टर होम में क्षमता से अधिक आवारा कुत्ते भरे हुए हैं। राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि दर्जनों लोग अस्पतालों में रेबीज के इंजेक्शन लगवाने के लिए लाइन में लगे रहते हैं। लोगों को अस्पतालों में भी इंजेक्शन और दवाईयों के लिए परेशान होना पड़ता है।



# खेल अकादमी के घुड़सवार फराज खान ने जीता कांस्य पदक

- जयपुर में 20 से 25 फरवरी तक आयोजित की गई सीनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता

**भोपाल।** सीनियर राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 61 कैलवरी, जयपुर में 20 से 25 फरवरी तक किया गया । राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में मप्र राज्य घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ी फराज खान ने अपने खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में फराज ने घुड़सवारी खेल की डेसाज नौविस फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अपने हार्लीकैन घोड़े पर संवार होकर कांस्य पदक अर्जित किया। प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक दिल्ली के दुष्यंत नागर को और रजत पदक जयपुर की कु. ज्योति को मिला। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग ने मप्र राज्य घुड़सवारी अकादमी भोपाल के खिलाड़ी फराज खान की इस उपलब्धि की सराहना करते हुये बधाई दी है। उल्लखनीय है कि फराज खान घुड़सवारी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक केप्टन भागीरथ के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत हैं।



## जैकेट एक का शेष

### 30 लाख 77 हजार...

आए। राजधानी भोपाल में पहली बार जीआईएस का आयोजन किया गया था। इसके लिए 25 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन निवेशकों व उद्योगपतियों ने कराए थे। इतना ही नहीं जीआईएस में 60 से अधिक देशों के विदेशी प्रतिनिधियों ने निवेश व व्यापारिक सहयोग की संभावनाओं का अन्वेषण किया। जीआईएस के लिए 9 देश पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागी हुए। इसमें कनाडा, जर्मनी, इटली, जापान, मोरक्को, पोलैंड, रूस, रवांडा व यूनाईटेड किंगडम शामिल हैं। जीआईएस में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ ही साथ केंद्र सरकार के कुल 12 मंत्री शामिल हुए। इसके अलावा विभिन्न विभागों के केंद्रीय सचिव व संयुक्त सचिव अपनी टीम के साथ शामिल हुए। इसके साथ ही एनएचएआई ने पीडब्ल्यू के साथ 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपए का एमओयू भी किया।

### प्रदेश के युवाओं के...

*कि जीआईएस का समापन एक सफल आयोजन का अंत नहीं है, बल्कि यह उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025 की एक सफल शुरूआत है। यह मप्र को निवेश, नवाचार और अवसरों की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।*

# मीडिया-11 को 15 रन से हराकर डिजिआना ने जीता क्रिकेट खिताब, रस्साकसी में हराया

एनएसटी खेल कॉर्निवल का क्रिकेट, एथलेटिक्स, कबड्डी के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पांचवें नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स मीडिया खेल कार्निवाल का नेहरु नगर पुलिस मैदान पर क्रिकेट, रस्साकसी, एथलेटिक्स, कबड्डी मुकाबले के साथ समापन हुआ। 20 से 23 फरवरी तक आयोजित खेलों में क्रिकेट में डिजिआना ने मीडिया-11 को 15 रन से हराकर खिताब हासिल किया, जबकि रास्साकसी में मीडिया11 ने डिजिआना को हराकर खिताब पर कब्जा किया। क्रिकेट के फाइनल में डिजिआना ने 20 ओवर में 178 रन बनाए। जवाब में मीडिया-11 की 9 विकेट पर 163 रन ही बना पाई।

### 100 मीटर दौड़ में अश्विन ने जीता गोल्ड



कार्निवल में एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़ में अश्विन ने पहले स्थान पर रहते हुए गोल्ड, विक्रम ने दूसरे स्थान पर रहते हुए सिल्वर और मुकेश ने ब्रांज मेडल जीता। इसी तरह 200 मीटर दौड़ में विक्रम को गोल्ड मिला। अश्विन ने सिल्वर जीता जबकि शुभम को ब्रांच मेडल मिला। रास्साकसी में मीडिया 11 विजेता और डिजिआना उप विजेता रही।

# साई-सीआरसी की कयाकिंग-कैनोइंग दो दिनी चयन 27 से

**भोपाल।** के एंड सी चयन परीक्षण कयाकिंग और कैनोइंग आवासीय योजना में नए खिलाड़ियों का चयन साई सीआरसी में 27 और 28 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस चयन परीक्षण में खेल विज्ञान परीक्षण और कयाकिंग तथा कैनोइंग कौशल परीक्षण होंगे। इन चयन परीक्षणों में भाग लेने तैराकी अनिवार्य है। एआरएम अर्पित गुप्ता ने बताया कि चयन के लिए पात्रता आयु और ऊंचाई के आधार पर निर्धारित की गई है। लड़कों के लिए 12-15 साल आयु वर्ग में न्यूनतम ऊंचाई 170 सेमी और 16-18 वर्ष आयु वर्ग में ऊंचाई 175 सेमी होनी चाहिए। वहीं, गर्ल्स के लिए 12-15 साल आयु वर्ग में ऊंचाई 165 सेमी और 16-18 साल आयु वर्ग में ऊंचाई 170 सेमी है। प्रतिभागियों को मूल और दो सेल्फ-अटेस्टेड फोटोकॉपी प्रस्तुत करनी होंगी, इनमें मूल जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खेल उपलब्धियों के प्रमाण पत्र (यदि हों), पासपोर्ट साइज फोटो, चिकित्सा प्रमाण पत्र (यदि हो), और सरकारी कर्मचारी होने पर विभाग की एनओसी प्रस्तुत करनी होगी।

# आरएनटीयू की हॉकी टीम ने देश में टॉप 8 में जगह बनाई



**भोपाल।** गुरुकुल कांगड़ी (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), हरिद्वार में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी (पुरुष) चैम्पियनशिप 2024-25 में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) ने अपने तीसरे मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए संबलपुर यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर को 3-0 से हराकर अपना तीसरा मैच जीत लिया। मैच के स्टार प्लेयर्स मोहम्मद अनस खान, अरहम जमीर अंसारी, सद्दामने 1–1 गोल दागे। टीम की इस शानदार जीत में मैनेजर सतीश अहिरवार, कोच लोकेन्द्र शर्मा और हबीब हसन का कुशल मार्गदर्शन अहम रहा। इस मौके पर विश्वविद्यालय की प्रो-चांसलर डॉ. अदिती चतुर्वेदी वत्स, एसजीएसयू के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, एसजीएसयू के कुलपति डॉ. विजय सिंह, आरएनटीयू की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी और रायसेन जिला खेल अधिकारी जलज चतुर्वेदी ने टीम को इस शानदार जीत पर बधाई दी और आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दीं।

- हरिद्वार में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी चैम्पियनशिप 2024-25
- आरएनटीयू ने संबलपुर यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

### अगला मुकाबला आज काशी यूनिवर्सिटी से

आरएनटीयू का अगला मैच महात्मा गांधी काशी यूनिवर्सिटी के खिलाफ 26 फरवरी को खेला जाएगा। टीम अपनी बेहतरीन लय को बरकरार रखते हुए जीत के इरादे से मैदान में उतरेगी।

## जैकेट दो का शेष

### शक्कर, तिल, फल्ली,...

कि अब चावल, दाल, धनिया, धान, तिल, गुड़ के साथ हर तरह की सामग्री अर्पित की जाने लगी है। भक्त अर्पित करते हैं और शिवलिंग पर घिसते हैं। इससे शिवलिंग का क्षरण होता है। इससे शिव पूजन विधि को लेकर प्रतिष्ठित ज्योतिर्लिंग के महंत सहित प्राचीन शिव-मंदिरों के पुजारी और पंडितों ने नाराजगी जाहिर की है। पंडितों के अनुसार, बीते दो वर्षों में शिवलिंग का जितना क्षरण इन सामग्री के चढ़ाए जाने के कारण हुआ है, उतना क्षरण दशकों में भी नहीं हुआ है।

शिव पूजन की इस नई विधि पर आपत्ति जताते हुए पंडितों ने कहा कि कथावाचक अपने फॉलोअर बढ़ाने के लिए परंपरा को क्षति पहुंचा रहे हैं। ये पूजन विधि शास्त्र-सम्मत नहीं है। पूजन पद्धति में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को इसे सही रूप में न बताकर टोटके के रूप में बताया जा रहा है। 'हरिभूमि' से विशेष बातचीत में ज्योतिर्लिंग और प्रतिष्ठित शिव मंदिरों के पुजारियों ने विस्तार से पूजन विधि और वर्तमान में प्रचलित टोटकों पर चर्चा की। रामचरित मानस की चौपाई-सो कलिकाल कठिन उरगारी। पाप परायन सब नर नारी।। का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यही कलयुग है। सभी पाप परायन हो गए हैं। सत्य कहो तो सभी को गाली ही लगती है।

### डेढ़ क्विंटल फूलों ...

से अष्टदल प्रारंभ होता है, जो चौकोर है। वह ब्रम्हा भाग है जो अष्ट दल है वह विष्णु का भाग है। जो ऊपर दिखाई देता है, वह शिव लिंग है। पश्चिम दिशा की ओर सम्मुख यह मंदिर देश का पहला मंदिर है। जबकि जलधि की निकासी उत्तर की ओर है। यहां के शिलालेखों से 11वीं शताब्दी के हिंदू मंदिर निर्माण की स्थापत्य कला का ज्ञान होता है। यहां एक ही शिला से सबसे बड़ा शिवलिंग बना है। 106 फीट लंबा 77 फीट चौड़ा और 17 फीट ऊंचे चबूतरे पर बनाया गया है। इसमें 18 गुणा 18 फीट की जलधि को स्थापित किया गया है।

### आज रात 2.30 ...

द्वादशी प्रदोष पर्व पर शिव तांडव का श्रृंगार किया जाता है। जिसका भक्त लोग दर्शन करते हैं इस वर्ष 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर रात 2:30 बजे मंदिर के पट खुलेंगे। इसके बाद शिव पञ्चायतन पूजा ओर कर्पूर आरती कर भक्तों का भस्मारती दर्शन हेतु प्रवेश होगा।

### अग्निहोत्री ब्राह्मणों ने...

अपनी ओर खींचता था। कहा जाता है कि सोमनाथ का शिवलिंग अद्वितीय था क्योंकि यह भूमि को स्पर्श न करके हवा में लटका हुआ था। इससे एक दैवीय शक्ति निकलती थी जो निकट आने वाले सभी लोगों को प्रभावित करती थी। यह पवित्र ऊर्जा केवल आस्था का विषय नहीं थी; यह एक अनुभव था। श्री श्री ने 'हरिभूमि' से ऐसी एक कहानी साझा की, जो हमारी सभ्यता और संस्कृति के लिए बहुत महत्त्व रखती है। 1026 ईस्वी में इतिहास ने एक दुखद मोड़ ले लिया जब महमूद गजनवी ने मंदिर में तोड़-फोड़ की और शिवलिंग को अपवित्र कर दिया। प्राचीन परंपराओं के समर्थक अग्निहोत्री ब्राह्मणों ने मूल सोमनाथ लिंग के टुकड़ों को संरक्षित किया और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले गए। उन्होंने इन अवशेषों को एक हजार वर्षों तक सुरक्षित रखा और अत्यंत गोपनीयता के साथ पीढ़ियों तक उनका संरक्षण और उनकी पूजा की।

### इस शिवलिंग के केंद्र...

*मंदिरों और पवित्र स्थलों की यात्रा करेंगे कि भक्त इन लिंगों के रूप में शाश्वत उपस्थिति के साथ फिर से जुड़ सकें।*

### 100 से लेकर ...

हैं। दरअसल, बात उस समय की है जब यहां चोरा बाबा ने तपस्या की थी। जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें दर्शन दिए और अपना त्रिशूल इसी स्थान पर छोड़ कर चले गए थे। ठीक उसी समय के बाद से चौरागढ़ मंदिर में त्रिशूल चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई थी।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल
सुल्तानिया इन्फेंट्री लाइन्स शाखा भोपाल

आधिपत्य सूचना (चल संपत्ति) नियम-8 (1)

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (एक्ट 54 का 2002) अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।
ऋणी द्वारा पूर्ण राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी, जमानतदार एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है।
ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा।
ऋणकर्ता जमानतदार / संपत्ति स्वामी का ध्यान आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधान के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम | चल एवं अचल बंधक संपत्ति का विवरण / चौहद्दी /संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक | मांग सूचना के अनुसार देय राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- श्री अजय जौहरी पुत्र सीताराम जौहरी | वाहन मालिक का नाम : अजय जौहरी पुत्र श्री सीताराम जौहरी<br>Registration Number-MP04ZJ4294<br>Engine Number-G4LFPV269749<br>Chassis Number-MALBH512LPM233908<br>Color-Typhoon Silver<br>संपत्ति मालिक : अजय जौहरी पुत्र श्री सीताराम जौहरी<br>निवासी- 205, त्रिलोचन टावर, हमीदिया रोड, संगम सिनप्लेक्स भोपाल | 06/11/2024<br>20/02/2025 | दि. 06.11.2024 को ₹ 1741315.53 +दिनांक 06/11/2024 से ब्याज एवं खर्चे |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 20.02.2025 प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

प्रॉपर्टी
खरीदना है सागर शहर के आसपास या ग्रामीण एरिया 100 एकड़ से 1500 एकड़ सस्ती जमीन खरीदना है सम्पर्क करें- 9827951230, 9131508711
BLS-22 to 28-02-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

CHANGE OF DOB
I, Army No. 14668607Y, Rank-HAV, Name: BANMALI PATEL resident At Vill. Jamhar, Dist. Mahasamund (State-Chhatisgarh) My mother Jamuna Bai Patel actual date of birth is 22.05.1965 and the same is mentioned in all other documents. But in my Army sheet roll/Army record my mother date of birth is mentioned as 01.07.1953. I have changed my mother date of birth from 01.07.1953 to 22.05.1965 as mentioned at my mother Aadhar Card bearing No. 9739 6976 6773. Affidavit No. BF 665607.

CHANGE OF DOB
I, Army No. 14668607Y, Rank-HAV, Name: BANMALI PATEL resident At Vill. Jamhar, Dist. Mahasamund (State-Chhatisgarh) My father Ram Kumar Patel actual date of birth is 16.07.1952 and the same is mentioned in all other documents. But in my Army sheet roll/Army record my father date of birth is mentioned as 01.07.1950. I have changed my father date of birth from 01.07.1950 to 16.07.1952 as mentioned at my father Aadhar Card bearing No. 3161 1549 7226. Affidavit No. BF 665606.

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होंठ — आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन
कटे तालू — 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
SmileTrain
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार
समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक
लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक गुरूवार
समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक
विदिशा में उपलब्ध
Helpline Number : 9111933376

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



## पेज एक का शेष

### मार्केट का एक्सेस ...

कि सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह भी कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निवेश के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं।

### रुद्राक्ष महोत्सव शुरु,...

मार्च तक चलेगा। इसके लिए विलेश सेवा समिति और प्रशासन ने इस आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की हैं। महोत्सव को लेकर दो दिन पहले से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। रविवार रात तक पंडाल और डोम श्रद्धालुओं से भर गए। मंगलवार को पं. मिश्रा ने पंडाल की भोजनशाला में हजारों श्रद्धालुओं को नुक्ती, मिक्चर, रोटी, सब्जी और खिचड़ी-चावल का प्रसाद वितरण किया। इस बार रुद्राक्ष महोत्सव में एक करोड़ से अधिक रुद्राक्षों को अभिमंत्रित किया जाएगा।

### भोपाल आयकर बना ...

आयुक्त (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) पुरुषोत्तम त्रिपुरी ने कहा कि इस कार्यालय में पदस्थ सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के कुशलता पूर्वक संपन्न किए गए कार्यों और उपलब्धियों के आधार पर यह सर्टिफिकेट प्राप्त मिला है।

**सर्टिफिकेट हमारी सखा बढ़ाएगा:** त्रिपुरी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह सर्टिफिकेट हमारी साख को बढ़ाएगा और हमारी संचालन क्षमता में सुधार होगा। उन्होंने अपेक्षा जताई कि भविष्य में भी हम सभी इसी लगन और मेहनत के साथ अपने कार्यों को करते रहें। यह सर्टिफिकेट पाने वाला यह भारत का पहला प्रशासनिक आयकर कार्यालय है।

### महाकुंभ का आखिरी...

बदला गया है। मंगलवार को शाम 4 बजे से मेला क्षेत्र में प्रशासनिक गाड़ियों को छोड़कर सभी वाहनों की एंट्री रोक दी गई। प्रशासन ने अपील की है कि श्रद्धालु नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जाएं। महाकुंभ में निगरानी के लिए एयरफोर्स के जवान तैनात किए गए हैं। डीआईजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने कहा कि हमने सभी शिव मंदिरों पर पुलिस की तैनाती की है। आखिरी स्नान से पहले फ्लाइट का किराया बढ़ गया है। दिल्ली से प्रयागराज का किराया 30 हजार और मुंबई से प्रयागराज का किराया 25 हजार हो गया है।

**बस कंटेनर से टकराई, 35 घायल, 6 की हालत गंभीर:** सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में सागर-दमोह मार्ग पर बरखेड़ा गौतम तिराहा के पास सोमवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। प्रयागराज से लौट रही स्लीपर बस और सागर से दमोह जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर के बीच आमने-सामने की भिड़ंत हुई। दुर्घटना में बस में सवार 70 यात्रियों में से 35 लोग घायल हो गए, जिनमें 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण तुरंत मदद के लिए पहुंचे।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन:** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या:** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**तुला:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक:** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु:** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5790



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5899 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | ■ | म | ■ | प | र | दा | न | शी |
| पू | ■ | क | ल | श | ■ | छ | बी | ल | ■ | त |
| त | ल | ■ | ■ | व | ■ | ता | ■ | ■ | सा | ल |
| ■ | ल | ■ | धा | रा | प्र | वा | ह | ■ | व | ■ |
| म | क | ब | रा | ■ | था | ■ | म | हा | न | ता |
| ■ | ■ | ■ | वा | दा | ■ | मा | स | ■ | ■ | ■ |
| ह | म | रा | ही | ■ | पा | ■ | फ | र | मा | न |
| ■ | यू | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | य | ■ |
| ख | र | ■ | ■ | थी | ■ | र | ■ | ■ | का | न |
| प | ■ | ब | र | खा | ■ | ना | र | द | ■ | य |
| त | र | स | खा | ना | ■ | मा | ■ | म | न | न |

## सूडोकु नवताल- 5800

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5799 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## खबर संक्षेप

### एयरटेल ने की एरिक्सन के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल और एरिक्सन ने अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को एक नए स्तर पर पहुंचाते हुए एक नई साझेदारी की घोषणा की है जिसके तहत एरिक्सन के सुरक्षित और बेहतरीन प्रदर्शन वाले 5जी कोर नेटवर्क सोल्यूशन को लागू किया जाएगा, जिससे एयरटेल के लाखों ग्राहकों और व्यवसायों को पूरे भारत में लाभ मिलेगा। कंपनी ने यहां कहा कि यह सहयोग एयरटेल को समय के साथ पूरी तरह से व्यावसायिक रूप से सक्रिय, बड़े पैमाने पर 5जी स्टैंडअलोन नेटवर्क में विकसित होने में मदद करेगा।

### एक लाख होंडा एलिवेट सड़कों पर

**नई दिल्ली।** होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने अपने एसयूवी मॉडल होंडा एलिवेट की एक लाख गाड़ियां बेचने की उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने कहा कि इस सफलता का श्रेय घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में मिली इसकी लोकप्रियता को जाता है। कंपनी ने जनवरी 2025 तक भारत में एलिवेट की 53,326 कारें बेची हैं और जापान, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल और भूटान सहित कई देशों में 47,653 गाड़ियां निर्यात की हैं।

### होम क्रेडिट वित्तीय सेवाओं से बना सशक्त

**नई दिल्ली।** ऑन-डिमांड वित्तीय सेवाओं ने सुविधा को फिर से परिभाषित किया है, जो संरचित किफायतीपन और खास समाधान प्रदान करती हैं जो उपभोक्ताओं को जानकारी के साथ वित्तीय निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाती हैं। इस विकास के केंद्र में उपभोक्ता आवश्यकताओं की एक सूक्ष्म समझ समाहित है जोकि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित वित्तीय पहुंच का सामंजस्य स्थापित करना है।

### बालाजी फॉस्फेट्स का आईपीओ 28 को खुलेगा

**मुंबई।** बालाजी फॉस्फेट्स लि. 28 फरवरी को इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग खोलने का प्रस्ताव रखती है। इस आईपीओ के माध्यम से 50.11 करोड़ जुटाने की योजना है। आईपीओ का कुल आकार 71,58,000 इक्विटी शेयर है, फेस वैल्यू 10 प्रति शेयर है। प्राइस बैंड 66 - 70 प्रति शेयर रखा है। एंकर पोर्शन 27 फरवरी को खुलेगा और इश्यू 4 मार्च को बंद होगा।

# असम में अंबानी और अडाणी करेंगे 50-50 हजार करोड़ रुपए का निवेश

## मुकेश अंबानी का ऐलान, एआई-रेडी एज डेटा सेंटर बनाएगी रिलायंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुवाहाटी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने असम में अगले पांच वर्षों में कंपनी का निवेश चौगुना करके 50 हजार करोड़ करने की घोषणा की।



अंबानी ने बताया की रिलायंस पहले ही प्रदेश में 12 हजार करोड़ से अधिक का निवेश कर चुकी है। यह उसकी 5 हजार करोड़ की प्रतिबद्धता से कहीं अधिक है। मुकेश अंबानी गुवाहाटी में 'एडवांटेज असम 2.0 समिट' में बोल रहे थे। अंबानी ने रिलायंस की प्राथमिकताएं गिनवाते हुए बताया कि वे असम को एआई-रेडी बनाना चाहते हैं। असम में विश्व स्तरीय कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के बाद, अब रिलायंस यहां कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करेगी। अंबानी ने घोषणा की कि रिलायंस असम में एआई -रेडी एज डेटा सेंटर बनाएगी। रिलायंस रिटेल भी प्रदेश में अपने स्टोर्स की तादाद 400 से बढ़ा कर 800 करने वाला है। इससे युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### बंजर भूमि पर दो बायोगैस प्लांट भी लगेंगे

*असम को क्लीन और ग्रीन एनर्जी का केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता भी उन्होंने जाहिर की। परमाणु ऊर्जा के साथ असम की बंजर भूमि पर दो बायोगैस प्लांट भी लगाए जाएंगे। इनसे सालाना 8 लाख टन क्लीन बायोगैस का उत्पादन होगा, जो हर दिन 2 लाख यात्री वाहनों को ईंधन देंगे। अंबानी ने असम में एक मेगा फूड पार्क बनाने की भी घोषणा की, जो असम को देश विदेश में खाद्य और अखाद्य कंज्यूमर प्रोडक्ट का सप्लायर बनने में मदद करेगा। उन्होंने हाल ही में असम में बने कैंपा के बॉटलिंग प्लांट का भी जिक्र किया।*

## गौतम अडाणी ने किया असम के विकास में अहम योगदान देने का वादा

दिग्गज उद्योगपति गौतम अडाणी ने असम में 50,000 करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया है। मंगलवार को असम इंवेस्टर्स समिट 2025 में अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने असम के विकास में अहम योगदान देने का वादा किया। गौतम अडाणी ने अडाणी ग्रुप की ओर से असम में 50,000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की, जो कि एयरपोर्ट्स, एयरोसिटी, सिटी गैस और सड़क परियोजनाओं पर केंद्रित होगा। ये निवेश रोजगार के हजारों अवसर पैदा करेगा। गौतम अडाणी ने अपने भाषण में कहा कि ये सफर 2003 में गुजरात के पुनर्जागरण से शुरू हुआ था। जो एक छोटी सी चिंगारी थी, वो आज एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के निवेश सम्मेलनों ने पिछले 20 वर्षों में अपनी अपेक्षाओं से कहीं अधिक सफलता प्राप्त की है।

### पीएम मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व का परिणाम

गौतम अडाणी ने कहा कि उन्होंने कहा कि हम असम को देश के सबसे तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। गौतम अदाणी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इन्फ्रास्ट्रक्चर विजन की सराहना करते हुए कहा कि देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का जो विकास हो रहा है, वो प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व का ही परिणाम है। उनके विजन से प्रेरित होकर अदाणी समूह असम के विकास में अपनी पूरी प्रतिबद्धता के साथ भागीदारी करेगा।

### असम में अडाणी ग्रुप का संभावित प्लान

अडाणी ग्रुप का निवेश असम के बुनियादी ढांचे के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस निवेश के अंतर्गत बड़े प्रोजेक्ट्स पूरे किए जा सकते हैं। एयरपोर्ट्स का विस्तार और आधुनिक एयरोसिटी का निर्माण, सिटी गैस नेटवर्क से स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति, सड़क परियोजनाओं के माध्यम से राज्य के ट्रांसपोर्ट नेटवर्क को सशक्त बनाना।




### असम की अर्थव्यवस्था को देंगे मजबूती

अडाणी ग्रुप का ये निवेश न केवल असम की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा, बल्कि हजारों लोगों के लिए रोजगार और व्यापार के नए अवसर भी पैदा करेगा। अडाणी समूह के इस निवेश से असम के औद्योगिक और बुनियादी ढांचे के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी, जिससे राज्य का भविष्य और भी उज्ज्वल होगा। अडाणी ग्रुप के इस ऐलान को राज्य के विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है।

### ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 का अंतिम दिन

## लोहा व्यवसायी एवं निर्माता संघ ने दिया 125 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव

**लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउस की नई नीतियों को देखते हुए दिया प्रस्ताव, इसके तहत भूमि भवन एवं अधोसंरचना का विकास किया जाएगा: बलदेव**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लोहा व्यवसायी एवं निर्माता संघ भोपाल ने मंगलवार को मानव संग्रहालय में एमपीआईडीसी द्वारा आयोजित सेशन में लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउस सेमिनार में उपस्थित होकर मध्य प्रदेश शासन की लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउस की नई नीतियों को देखते हुए शासन को लोहा मंडी के लिए 125 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। जिसके तहत भूमि भवन एवं अधोसंरचना का विकास किया जाएगा। इस अवसर पर बलदेव खेमानी अध्यक्ष, लोहा व्यवसाय एवं निर्माता संघ भोपाल तथा अनुपम अग्रवाल अखिल भारतीय उद्योग एवं व्यापार मंडल के महासचिव उपस्थित हुए।



### सीआईआई पश्चिम क्षेत्र की अध्यक्ष स्वाति सालगावकर ने कहा

## प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने मध्यप्रदेश को भारत के 'विकास इंजन' में बदल दिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्कृष्ट नेतृत्व रहा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार की यह प्रतिबद्धता भारत के आर्थिक भविष्य की नींव को मजबूत कर रहा है। इंडिया @100 की स्थापना इंडिया @75 के निर्माण में महत्वपूर्ण रहा है। मध्यप्रदेश में व्यापार-अनुकूल पारिस्थितियां बनाने और तंत्र की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्कृष्ट नेतृत्व रहा है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने मध्य प्रदेश को भारत के विकास इंजन में बदल दिया है। राज्य को औद्योगिक उत्कृष्टता और नवाचार के केंद्र बनाया है और विकसित मध्य प्रदेश और विकसित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए निवेश आकर्षित करने और रोजगार पैदा करने के लिए आर्थिक ढांचे पर सीआईआई शोध पत्र प्रस्तुत करने की अनुमति दी। यह बात गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 के समापन अवसर सीआईआई पश्चिम क्षेत्र की अध्यक्ष सुश्री स्वाति सालगावकर ने कही। स्वाति सालगावकर ने कहा कि मध्य प्रदेश की सफलता संघवाद का उदाहरण देती है, जीएसटी, नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम और पीएम गति शक्ति जैसी राष्ट्रीय नीतियों के माध्यम से भारत के विकास को मजबूत करती है, यह साबित करती है कि राज्य की प्रगति राष्ट्रीय समृद्धि को बढ़ाती है।

### सीआईआई बना है मप्र के विकास में एक प्रतिबद्ध भागीदार

सीआईआई मध्य प्रदेश के विकास में एक प्रतिबद्ध भागीदार बना हुआ है। सीआईआई छिंदवाड़ा में एक बहु-कौशल प्रशिक्षण केंद्र सहित प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया हैं और सीआईआई स्किल जैसे कार्यक्रम कौशल अंतर को पाटने और नौकरी की तैयारी सुनिश्चित करने में मदद कर रहा है। सीआईआई ने उद्योगों को पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने में मदद करने के लिए सीआईआई ग्रीनको रेटिंग और आईजीबीसी प्रमाणन जैसी पहल शुरू की है। मध्य प्रदेश में कई सुविधाओं ने ग्रीनकोसर्टिफिकेशन प्राप्त किया है, जो दूसरों के लिए उदाहरण स्थापित कर रहा है।

## एवन साइकिल्स में है हमारी विरासत, विश्वास लचीलेपन और नवीनता के गुण : पाहवा

एवन साइकिल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ हाथ मिलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

साइकिल उद्योग में अग्रणी एवन साइकिल्स को आगामी क्रिकेट सीजन के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। यह साझेदारी खेल के उत्साह का जश्न मनाते हुए प्रेरक फिटनेस और स्थिरता के प्रति एवन साइकिल्स के समर्पण को दर्शाती है। गुणवत्ता और नवीनता के पर्यायवाची ब्रांड के रूप में, एवन साइकिल्स इस सहयोग को स्वस्थ, हरित जीवन शैली की वकालत करते हुए क्रिकेट प्रशंसकों से जुड़ने के एक तरीके के रूप में देखता है। सनराइजर्स हैदराबाद, जो अपने लचीलेपन और कौशल के लिए जाना जाता है, एवन साइकिल्स के दृढ़ संकल्प और आगे की गति के मूल्यों को पूरी तरह से पूरा करता है। एवन साइकिल्स के सीएमडी, पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा ने कहा कि एवन साइकिल्स में हमारी विरासत विश्वास, लचीलेपन और नवीनता पर बनी है गुण जो सनराइजर्स हैदराबाद टीम के साथ गहराई से मेल खाते हैं। एवन साइकिल्स के संयुक्त प्रबंध निदेशक ऋषि पाहवा ने कहा कि सच्चा नेतृत्व लोगों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और उत्कृष्टता अपनाने के लिए प्रेरित करने में निहित है।

## आईईएसए ने की सेमीकंडक्टर सेक्टर से संबंधित मध्यप्रदेश सरकार की नीति की सराहना



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आईईएसए के अध्यक्ष अशोक चांडक और कई सदस्य शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा उद्घाटन समारोह के गवाह बने। आईईएसए के अध्यक्ष ने कहाकि यह महत्वपूर्ण अवसर मध्य प्रदेश की आर्थिक वृद्धि और विकास की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आईईएसए पिछले कई वर्षों से इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर सेक्टर में पहल करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई है।

### एमपीएसईडीसी के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर

आईईएसए के अध्यक्ष,अशोक चांडक ने बताया पिछले साल आईईएसए ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एमपीएसईडीसी के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे राज्य की सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स नीति विकास में सहयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिला। मध्य प्रदेश की सेमीकंडक्टर नीति को सफलतापूर्वक तैयार किया गया और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान पर इसकी घोषणा की गई थी।

**न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एमपी नगर भोपाल मध्यप्रदेश**
(07 नंबर बरा स्टॉप, स्टेट बैक ऑफ इंडिया के पास, शिवाजी नगर भोपाल)
:: इश्तहार ::
ग्राम- खजूरी खुर्द प्रकरण क्र./अ-6/2024-25
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित भूमि के नामांतरण कार्यवाही स्तम्प-4 में अंकित के स्थान पर स्तम्प-5 में अंकित व्यक्ति के नाम की जा रही है। अतः उक्त नामांतरण में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वयं किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा नामांतरण में कोई अपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। वसीयत ग्राहता - राजेश गुप्ता पुत्र स्व. श्री कामता प्रसाद गुप्ता नि. आनंद नगर वसीयतक्रता - कामता प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व. पूरम चंद जी गुप्ता नि.आनंद नगर पटवारी हलका क्रमांक / सेक्टर क्रमांक - खजुरी खुर्द, ग्राम नगरीय क्षेत्र का नाम- खजुरी खुर्द , सवेक्षण संख्यांक/ ब्लॉक संख्यांक/भू-खण्ड संख्यांक खसरा क्र. 136/2/2, 136/3/2, क्षेत्रफल हेक्टयर/वर्गमीटर में- 2.00एकड़ नामांतरण हेतु भूमि का क्षेत्रफल 2.00एकड़, नियत दिनांक 27/2/2025 के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा। आज दिनांक 13/2/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आधीन जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**नजूल वृत्त एमपी नगर**

## बिजनेस न्यूज

### अद्वित्या 2025: वीआईटी भोपाल का भव्य उत्सव संगीत, संस्कृति और अविस्मरणीय पलों के साथ रोशन हुआ



**भोपाल।** अद्वित्या 2025 वीआईटी भोपाल का वार्षिक सांस्कृतिक और तकनीकी महोत्सव पूरे जोश और उमंग के साथ आयोजित किया गया। इस उत्सव ने हर उपस्थित व्यक्ति पर एक अविस्मरणीय छाप छोड़ी। रोमांचक कार्यक्रमों में 53 तकनीकी और 59 गैर-तकनीकी प्रतियोगिताएं, वर्चुअल प्रदर्शन और मंत्रमुग्ध कर देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। इस भव्य आयोजन ने मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से 20,000 से अधिक छात्रों को आकर्षित किया, जिससे यह एक समृद्ध सांस्कृतिक आदान-प्रदान और नवाचार का केंद्र बन गया। उत्सव का शुभारंभ प्रसिद्ध पैरा-जूडो एथलीट और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित कपिल परमार द्वारा प्रेरणादायक भाषण के साथ हुआ। इस उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए वीआईटी की असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट कादंबरी एस. विश्वनाथन, वीआईटी भोपाल की ट्रस्टी श्रीमती रमणी बालासुंदरम और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित रहे। चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन, वाईस प्रेसिडेंट शंकर विश्वनाथन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद भेजा। पहले दिन का आकर्षण बाइक स्टंट शो था, जहां पेशेवर राइडर्स ने गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने वाले स्टंट प्रस्तुत किए। लेकिन रात का असली सितारा रघु दीक्षित शो था। उनके लोक-रॉक फ्यूजन ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। उनके जबरदस्त प्रदर्शन और ऊर्जावान गीतों 'परशिवा, खिड़की,' और 'शक्कर पारी' ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। यह सिर्फ एक संगीत कार्यक्रम नहीं था, बल्कि संस्कृति और उत्सव का संगम था। दूसरा दिन भी उत्साह और उमंग से भरपूर रहा। पूरे परिसर में तकनीकी और रचनात्मक प्रतियोगिताओं की धूम रही। 'रंग-ए-रास डांस नाइट' इस दिन का मुख्य आकर्षण रहा, जहां वीआईटी भोपाल के डांस क्लब्स ने अपने जबरदस्त प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुजराती गरबा, बॉलीवुड बीट्स और भारतीय शास्त्रीय नृत्य की छटा ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।अद्वित्या 2025 का अंतिम दिन अविस्मरणीय रहा। इस दिन 'एमपी गौरव पुरस्कार' प्रदान किए गए, जिसमें उन महान विभूतियों को सम्मानित किया गया। संयोजक डॉ. योगेश शुक्ला और सह-संयोजक डॉ. पुष्पदंत जैन और डॉ. सौरव प्रसाद के समर्पित प्रयासों ने इस महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न किया, जैसे ही हम इस अविस्मरणीय महोत्सव को अलविदा कहते हैं, अद्वित्या 2026 की ओर आशा भरी नजरों से देखते हैं, जो और भी बड़े सपनों और ऊँचाइयों के साथ लौटेगा।

### प्रभाकर ने संभाला एनएसएल स्टील प्लांट नगरनार में कार्यकारी निदेशक का कार्यभार



**नगरनार।** एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) के एकीकृत स्टील प्लांट के प्रमुख के रूप में एमएनवीएस प्रभाकर ने कार्यकारी निदेशक कार्यभार संभाला। प्रभाकर ने पदभार ग्रहण करने पर कहा कि एनएसएल, नगरनार की गतिशील टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस टीम ने अपने कमीशनिंग के बाद बहुत कम समय में कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मैं स्टील प्लांट के सभी हितधारकों से, आंतरिक और बाहरी दोनों, समर्थन की आशा करता हूं ताकि हम सामूहिक रूप से इस स्टील प्लांट की न केवल बस्तर या छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के गौरव के रूप में पहचान गढ़ें। प्रभाकर की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब भारत के सबसे युवा स्टील प्लांट ने हॉट रोल्ड कॉइल्स (एचआर कॉइल्स) बाजार में अपनी विशिष्ठ जगह बनाई है और हॉट मेटल उत्पादन में 3 मिलियन टन आंकड़े के तरफ तेजी से बढ़ते हुए जल्द ही आर्थिक रूप से ब्रेक-ईवन करने के प्रयास में लगा है।

### दी ओरिएंटल स्कूल में किड्स ओलंपिक्स का आयोजन

**भोपाल।** दी ओरिएंटल स्कूल ने कनेक्ट स्पोर्ट्स के साथ मिलकर एक रोमांचक किड्स ओलंपिक्स का आयोजन किया, जिसमें आसपास के क्षेत्र के विभिन्न फाउंडेशन स्कूलों के उत्साही युवा एथलीटों ने भाग लिया। यह विशेष आयोजन प्री-प्राइमरी छात्रों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया था, जिससे उन्हें आकर्षक खेल गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला, जिससे टीम वर्क, आत्मविश्वास और खेल के प्रति प्रेम को बढ़ावा मिला। इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण आकर्षण माता-पिता की सक्रिय भागीदारी थी, जिन्होंने अपने बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिससे दिन और भी यादगार और रोमांचक हो गया। इस अनोखे संवाद ने परिवार के बंधनों को मजबूत किया और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से एकता की भावना को प्रोत्साहित किया।



### समिट में लगा एसबीआई का स्टॉल, उपलब्ध कराई गई विभिन्न वित्तीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी



**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में स्टॉल लगाया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधकचंद्रशेखर शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक शर्मा ने बताया कि एसबीआई हमेशा ही भारत सरकार और राज्य शासन की नीतियों के सफल संचालन में पूर्ण सहयोग करती रहा है और इस समिट के माध्यम से एसबीआई राज्य की आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने में सहयोग के लिए तत्पर है। एसबीआई के स्टॉल पर बैंक की विभिन्न वित्तीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई, जिससे निवेशकों को अपने व्यवसायों के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्राप्त हो सके। इस अवसर पर महाप्रबंधक कुंदन ज्योति , अजिताभ परासर एवं उपमहाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी अश्विनी कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### रेनो की क्विड, काइगर और ट्राइबर सीएनजी किट ऑप्शन में मिलेंगी



**नई दिल्ली।** रेनो ग्रुप के पूर्ण-स्वामित्व वाली सब्सिडिएरी, रेनो इंडिया के काइगर, ट्राइबर और क्विड के सभी मॉडलों में सरकार द्वारा स्वीकृत सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट्स उपलब्ध होंगी। इस पहल का उद्देश्य न केवल रेनो के ग्राहक आधार को बढ़ाना है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल और कुशल परिवहन समाधान प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करना है। ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देने और उनकी मानसिक शांति के लिये कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, सीएनजी किट से लैस सभी कारें तीन साल की वारंटी के साथ आएंगी। रेनो इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और कंट्री सीईओ वेंकटराम एम. ने कहा कि हम हमेशा से नई तकनीक और पर्यावरण के अनुकूल तरीकों पर काम कर रहे हैं। इसी सोच के तहत, हमने अपने अपने सारे मॉडलों में सरकार द्वारा मंजूर सीएनजी किट लगाने का विकल्प दिया है।

### आरकेडीएफ कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान पर्व 2025 का शुभारंभ




**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. दिलीप कुमार डे की अध्यक्षता एवं अतिथि डॉ.वंदना यादव बीएस एसएस, कॉलेज की उपस्थिति में राष्ट्रीय विज्ञान पर्व 2025 का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 25 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित होगा। जो कि मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल और राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान परिषद न्यू दिल्ली द्वारा प्रायोजित है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के उपकुलगुरु डॉ. एनके अग्रवाल, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार शुक्ला, रजिस्ट्रार डॉ. श्याम पाटकार उपस्थित रहे। कुल गुरु द्वारा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कैसे किया जाए पर विचार व्यक्त किया और डॉ. वंदना यादव द्वारा इस वर्ष के शीर्षक विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना पर जोर दिया गया। साथ ही राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ छात्रों को कैसे प्राप्त हो विषय पर चर्चाकी गई। संयोजक डॉ. अशोक कुमार झाला द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा बताई गई। संचालन सहसंयोजक डॉ.शैलेष रघुवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय से डॉ.प्रीति ताम्रकार, नरेंद्र सूर्यवंशी, विभिन्न संकाय के सदस्य एवं छात्र उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**जोन क्र -08 यांत्रिक विभाग**
**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**

क्र.302 यां.वि./2025 — भोपाल, दिनांक 21/2/25

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्ट्ज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आंमत्रित की जाती है।

| S. No. | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs.in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD)(In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_404259_1 | CONSTRUCTION OF DRAIN AT RAHUL NAGAR AND OTHER PLACES OF WARD 28 ZONE 08 Estimate no. 2020225498 | 1374215/- | 10306/- | 2000/- | 03 months | MPUADD Building ISSR 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/.
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 21.02.2025(date) to 17:30P.M. (time) 24.03.2025 (date).
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.
The initial period of 05(five year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP)

नि.क्र. 1386/024/025

Assistant Engineer
Zone-08
Municipal Corporation Bhopal

**OFFICE OF THE COMMISSIONER, MUNICIPAL CORPORATION GWALIOR (M.P.)**
Narayan Krishan Shejwalkar Bhawan, Near Taran Pushkar, City Centre, Gwalior
Tel : 0751-2438300, 4080352 Fax : 0751-2434249

जनसंपर्क RO क्रमांक 151 — **Notice Inviting Tender** — दिनांक 24-02-2025

On behalf of Gwalior Municipal Corporation, M.P. online percentage rate bids for the following work are invited on portal http://www.mptenders.gov.in From registered contractors and competent firms.

| S. No. | Tender ID No. | Description of works | Probable Amount (In Rs.) | EMD (In Rs.) | Document Cost (In Rs.) | completion Period (In Days) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_388283_2 DATE 14.02.2025 | Execution of different works for maintenance of whole existing sewerage network, such as cleaning and repairing of sewers, manholes and house chambers including other related works as prescribed in scope of contract in different wards of Gwalior Municipal Corporation namely Ward no. 40, 48, 49, 52, 54, 55, 65 & 66 of Gwalior Municipal Corporation. | 30444974.00 | 152225.00 | 1500.00 | 730 Days (Including Rainy Season) |
| 2 | 2024_UAD_388260_2 DATE 14.02.2025 | Execution of different works for maintenance of whole existing sewerage network, such as cleaning and repairing of sewers, manholes and house chambers including other related works as prescribed in scope of contract in different wards of Gwalior Municipal Corporation namely Ward no. 01, 04, 05, 06, 09, 10, 11, 63 & 64 of Gwalior Municipal Corporation. | 31451252.00 | 157256.00 | 1500.00 | 730 Days (Including Rainy Season) |

Interest bidders can view the NIT of Portal http://mptenders.gov.in. The bid document can be purchased only on online from dated 15.02.2025 to 03.03.2025 and can be submitted from dated 24.02.2025 to 03.03.2025 up to 5.30 PM & Pre-Bid Meeting will be held on dated 24.02.2025 at 2.00 PM at Room no. 308 in Shejwalkar Bhawan, Nagar Nigam Gwalior.

Executive Engineer Water Supply/Sewerage
Gwalior Municipal Corporation

## चिंतन

# जर्मनी में दक्षिणपंथ की वापसी के वैश्विक संदेश

जर्मनी में सत्ता परिवर्तन यूरोप में दक्षिणपंथ और कंजरवेटिव के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख चांसलर ओलाफ़ शोल्ज़ की करारी हार हुई है। 630 सदस्यीय जर्मन संसद (बुंडेश्टाग) में शोल्ज़ की पार्टी एसडीपी 121 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) में सबसे बड़े व शक्तिशाली देश जर्मनी में चांसलर शोल्ज़ के गठबंधन के नवंबर में टूट जाने के चलते करीब सात महीने पहले ही आम चुनाव कराए गए, जिसमें फ्रेडरिक मर्त्ज की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के कंजरवेटिव गठबंधन को सबसे अधिक सीटें मिली हैं। हालांकि गठबंधन को बहुमत नहीं मिला है। एग्जिट पोल में भी कंजरवेटिव गठबंधन सीडीयू व सीएसयू की जीत का अनुमान लगाया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी में किसी धुर दक्षिणपंथी गठबंधन की इतनी बड़ी जीत हुई है। हालांकि पूर्व में सीडीयू पार्टी की ही एंजेला मर्केल चांसलर रही हैं। जर्मनी में यह परिवर्तन चौंकाता है। यूरोप में उदार व सोशलिस्ट दलों का दबदबा हाल के वर्षों में मजबूत हुआ है, लेकिन स्थानीय स्तर पर आर्थिक व सामाजिक मुद्दे ने कंजरवेटिव ख्यालों वाले दलों के लिए जमीन उर्वरा बना दी है। अर्थव्यवस्था की सुस्त गति, नए रोजगार सृजन की सुस्ती, अप्रवासियों की बढ़ती मौजूदगी, सांस्कृतिक व सामाजिक डेमोग्राफी में बदलाव आदि ऐसी स्थितियां हैं, जिनके चलते कंजरवेटिव दलों को सफलता मिल रही हैं। अमेरिका में भी अमेरिकी राष्ट्रवाद व संरक्षणवाद का नारा लगाने वाले डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में रिपब्लिकन को विजय मिली है। ट्रंप ने जर्मनी में सत्ता परिवर्तन पर खुशी जताई है और इसे जर्मन राष्ट्रवाद के उदय के रूप में उद्धत किया है। कंजरवेटिव सीडीयू/सीएसयू गठबंधन की जीत के बाद अब फ्रेडरिक मर्त्ज़ जर्मनी के नए चांसलर बन सकते हैं। 69 वर्षीय मर्त्ज़ के पास सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, लेकिन उन्होंने देश का बेहतर नेतृत्व करने का लोगों से वादा किया है। खास बात है कि दूसरी धुर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी 20 प्रतिशत मत पाकर दूसरे स्थान पर है। यानी पहले व दूसरे स्थान पर दक्षिणपंथी दल हैं। जर्मनी में दक्षिणपंथी गठबंधन के सत्ता में आने के बाद यूरोपीय यूनियन के कामकाज पर भी इसका असर पड़ेगा। ईयू में जर्मनी प्रमुख सदस्य देश है। ओलाफ़ शोल्ज़ की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। पार्टी को केवल 16.5 प्रतिशत वोट मिले हैं। ग्रीन्स पार्टी को 12 प्रतिशत मत मिले हैं। जर्मनी में यह चुनाव ऐसे समय में हुए हैं जब यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वर्षों से चले आ रहे ठहराव, अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाने का दबाव तथा यूक्रेन के भविष्य, यूरोप के अमेरिका के साथ गठबंधन को लेकर बढ़ती अनिश्चितता जैसी चिंताएं सामने आ रही हैं। जर्मनी में भी अवैध प्रवासी इस चुनाव में बड़ा मुद्दा रहा। जर्मनी के अंदर कई हमले हुए हैं जिसे अवैध प्रवासियों ने अंजाम दिया है। यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका के व्यवहार ने यूरोप को सकते में डाल दिया है। यूक्रेन युद्ध में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने रूस का पक्ष लिया है, जबकि यूरोप यूक्रेन के साथ है। जर्मनी 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में सबसे अधिक आबादी वाला देश और नाटो का प्रमुख सदस्य है। अमेरिका के बाद यह यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा है। जर्मनी के इस चुनाव में एलन मस्क व रूस का दखल भी दिलचस्प है। भारत के साथ जर्मनी के रिश्ते बेहतर बने रहेंगे।



महाशिवरात्रि
श्वेता गोयल

# ध्यान, योग व आत्म-साक्षात्कार की रात

महाशिवरात्रि भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर है। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह एक महान आध्यात्मिक पर्व है। पुराणों में वर्णित है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना और उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। यह आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाने वाला पर्व है। योग और ध्यान के मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए यह रात अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है।

हिंदू धर्म में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों में से एक है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव की आराधना और उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने का विशेष अवसर है। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह एक महान आध्यात्मिक पर्व है। पुराणों में वर्णित है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। यह पर्व भगवान शिव की आराधना और उनकी दिव्य कृपा प्राप्त करने का विशेष अवसर प्रदान करता है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को होगी। महाशिवरात्रि का तात्पर्य 'शिव की महान रात्रि' से है और इस अवसर पर शिवलिंग की विशेष पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि का महत्व धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से अत्यधिक है। भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में भक्त इस पर्व को बड़े श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाते हैं। शिवभक्त इस दिन उपवास रखते हैं, रात्रि जागरण करते हैं और भजन-कीर्तन द्वारा भगवान शिव की स्तुति करते हैं। महाशिवरात्रि का उल्लेख कई पुराणों में मिलता है। स्कंद पुराण, शिव पुराण और पद्म पुराण में इस पर्व का विशेष वर्णन किया गया है। शिव पुराण के अनुसार, इस दिन शिवलिंग की पूजा करने से समस्त दोष समाप्त होते हैं और साधक को भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। इस दिन व्रत रखने वाले भक्तों को विशेष फल की प्राप्ति होती है और उनकी समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं। कहा जाता है कि जो व्यक्ति महाशिवरात्रि के दिन पूरी रात जागरण करता है और भगवान शिव का ध्यान करता है, वह जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है।

महाशिवरात्रि को आध्यात्मिक जागृति की रात भी माना जाता है। इस रात ध्यान और योग करने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। यह रात ध्यान और चिंतन के लिए भी बहुत अच्छी है। शैव परंपरा में तो महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है क्योंकि यह आत्म-साक्षात्कार और मोक्ष की ओर ले जाने वाला पर्व है। योग और ध्यान के मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए यह रात अत्यंत महत्वपूर्ण होती है क्योंकि इसे आध्यात्मिक उन्नति के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है। कहा जाता है कि इस रात को भगवान शिव की आराधना करने से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति को आत्मज्ञान प्राप्त होता है। इस अवसर पर भारत के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, सोमनाथ, केदारनाथ, ओंकारेश्वर, तिरुवन्नामलाई तथा अन्य प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में इस दिन विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। भारत में महाशिवरात्रि के अवसर पर अनेक स्थानों पर विशेष मेलों का भी आयोजन किया जाता है। उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर इस दिन भक्तों से खचाखच भरा रहता है और काशी में शिव भक्त गंगा स्नान कर बाबा विश्वनाथ के दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर में इस दिन विशेष अनुष्ठान होते हैं। दक्षिण भारत के कई मंदिरों में अभिषेक और रात्रि जागरण का आयोजन होता है। शिव अनादि हैं, शिव अविनाशी हैं और उनकी आराधना मोक्ष और परम आनंद की ओर ले जाती है। शिव को ध्यान और योग का आदिगुरु माना जाता है। शिव का शांत



स्वरूप हमें धैर्य और संतुलन की शिक्षा देता है जबकि उनके रुद्र रूप से हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा मिलती है। शिव अर्धनारीश्वर के रूप में यह संदेश देते हैं कि स्त्री और पुरुष समान हैं और दोनों का समभाव में रहना आवश्यक है। उनके गले में सर्प हमें यह सिखाते हैं कि भय से मुक्त होकर जीवन जीना चाहिए। शिव का त्रिनेत्र ज्ञान, कर्म और भक्ति का प्रतीक है और उनका डमरू सृष्टि की अनाहत ध्वनि का संकेत देता है। महाशिवरात्रि का संदेश केवल धार्मिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक और दार्शनिक भी है।

यह पर्व हमें सिखाता है कि हमें जीवन में कठिनाइयों से नहीं डरना चाहिए बल्कि शिव की तरह धैर्य और साहस के साथ उनका सामना करना चाहिए। शिव हमें यह भी सिखाते हैं कि अहंकार को त्यागकर विनम्रता को अपनाना चाहिए क्योंकि सच्ची शक्ति विनम्रता में ही निहित होती है। शिव अपने गणों और भक्तों को समान दृष्टि से देखते हैं, जिससे हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें भी सभी प्राणियों के प्रति समान दृष्टि रखनी चाहिए। महाशिवरात्रि हमें भक्ति, ध्यान और आत्म संयम का संदेश देती है। यह पर्व हमें शिव के अद्वितीय स्वरूप को समझने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। शिव हमें सिखाते हैं कि सादगी और सरलता ही जीवन का सार है और सच्ची भक्ति वही है, जो अहंकार और आसक्ति से मुक्त हो। महाशिवरात्रि से संबंधित कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक अन्य कथा के अनुसार, जब देवताओं और असुरों ने समुद्र मंथन किया था, तब उसमें से अमृत के साथ विष (हलाहल) भी निकला था। उस विष से समस्त सृष्टि के विनाश का संकट उत्पन्न हो गया था। उस समय भगवान शिव ने उस विष को अपने कंठ में धारण कर लिया था और वे 'नीलकंठ' कहलाए। उस घटना की स्मृति में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाने लगा। महाशिवरात्रि केवल शिव की आराधना का पर्व ही नहीं है बल्कि यह जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझने और आत्मचिंतन करने का भी अवसर है। भगवान शिव को 'संहार का देवता' कहा जाता है लेकिन उनका संहार विनाश नहीं बल्कि नवीनीकरण का प्रतीक है। शिव का तांडव नृत्य न केवल विनाश का बल्कि सृजन का भी द्योतक है। यह पर्व हमें जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है और शिक्षा देता है कि नकारात्मकता से बाहर निकलकर सकारात्मकता की ओर बढ़ना ही सच्चा शिवत्व है। महाशिवरात्रि का महत्व केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि इस दिन पृथ्वी की ऊर्जा विशेष रूप से शिव तत्व से प्रभावित होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो यह समय ब्रह्मांडीय ऊर्जा के प्रवाह का काल होता है, जब ध्यान और साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकता है। योगी और साधक इस अवसर का उपयोग आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति के लिए करते हैं।

इस रात ग्रहों की स्थिति ऐसी होती है, जो मानव शरीर और मन पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। रात्रि जागरण से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और ध्यान तथा साधना से मानसिक शांति प्राप्त होती है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, भक्ति और साधना का अद्भुत संगम है। यह पर्व हमें भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। शिव की आराधना से व्यक्ति न केवल सांसारिक जीवन में सुख प्राप्त करता है बल्कि आध्यात्मिक उन्नति भी करता है। इसलिए, महाशिवरात्रि के दिव्य अवसर पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने जीवन में सकारात्मकता को अपनाएंगे, आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होंगे और शिव के आदर्शों को आत्मसात करेंगे।

(लेखिका शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पर्व विशेष
सोनम लववंशी



# शिवत्व का आह्वान, अनंत से एकत्व की यात्रा


भारतीय संस्कृति में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। यह एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और भक्ति की पराकाष्ठा का प्रतीक है। यह पर्व भगवान शिव के विवाह की पावन स्मृति से जुड़ा हुआ है, वहीं दूसरी ओर यह उस अनादि क्षण का भी द्योतक है जब शिव ने अपने तांडव से सृष्टि के नाश और पुनरुत्थान का संदेश दिया था। यह रात्रि, जिसमें जागरण, व्रत, अभिषेक और ध्यान के माध्यम से शिवत्व की अनुभूति की जाती है, आत्मा की यात्रा को परमात्मा की ओर ले जाने वाला मार्ग प्रशस्त करती है। शिव ही आदि और अनंत हैं, जिन्हें संहारक और सृजनहार दोनों रूपों में पूजा जाता है। यह भारतीय दर्शन में मात्र एक देवता नहीं, ब्रह्मांड की मूलभूत ऊर्जा के प्रतीक हैं। वे ध्यान के अधिष्ठाता, योग के प्रवर्तक और लोक कल्याण के प्रतीक हैं। शिव उपासना किसी संकीर्ण धार्मिक दायरे में सीमित नहीं है। यह समस्त मानवता को शांति, संतुलन और सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने का माध्यम है। महाशिवरात्रि, इस गूढ़ तत्वज्ञान को आत्मसात करने का श्रेष्ठ अवसर प्रदान करती है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो महाशिवरात्रि की परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। शिव पुराण, स्कंद पुराण तथा अन्य धर्मग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। यह रात्रि शिवलिंग के प्राकट्य की भी मानी जाती है, जो इस विचार को पुष्ट करती है कि शिवलिंग सृजन और संहार के बीच संतुलन का प्रतीक है। अनेक पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन शिव ने समुद्र मंथन से उत्पन्न हलाहल विष को अपने कंठ में धारण कर विश्व की रक्षा की थी, जिससे वे नीलकंठ कहलाए। यह घटना यह दर्शाती है कि शिव केवल सृजन और विनाश के कारक ही नहीं, बल्कि त्याग और करुणा की मूर्ति भी हैं। आज के युग में जब समाज विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, जब आत्मकेंद्रितता, भौतिकता और मानसिक अशांति ने लोगों को घेर लिया है, महाशिवरात्रि का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है।

शिव का जीवन और दर्शन हमें सिखाता है कि त्याग, संयम और ध्यान के माध्यम से हम आंतरिक संतुलन प्राप्त कर सकते हैं। उनका 'भोलेनाथ' स्वरूप हमें सरलता और सहजता अपनाने की प्रेरणा देता है, जबकि उनका 'रुद्र' रूप हमें अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करने का संबल प्रदान करता है। महाशिवरात्रि के पर्व पर रात्रि जागरण और ध्यान की परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, यह योग और आत्मसाक्षात्कार का अवसर भी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह सिद्ध हो चुका है कि इस रात्रि में जागरण और ध्यान से चेतना का स्तर ऊंचा उठता है। शिव का 'महामृत्युंजय मंत्र' इस पर्व पर विशेष रूप से उच्चारित किया जाता है, जो मानसिक शांति और आरोग्य प्रदान करता है। इस मंत्र का प्रभाव न केवल आध्यात्मिक होता है, यह व्यक्ति की चेतना को भी जाग्रत करता है। महाशिवरात्रि हमें इस बात की भी याद दिलाती है कि मानवता और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। शिव का स्वरूप पर्यावरण प्रेम का परिचायक है। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, गंगा को अपनी जटा में धारण करते हैं और नागों तथा पशुओं के संरक्षक हैं। उनके यह सभी प्रतीक हमें प्रकृति के संरक्षण और संतुलन की महत्ता का संदेश देते हैं। इस आधुनिक युग में जब तनाव, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित जीवनशैली बढ़ रही है, तब शिव की साधना हमें सरलता और सादगी का महत्व समझाती है।

उनकी ध्यान मुद्रा हमें यह सिखाती है कि बाहरी शोर से दूर रहकर आत्ममंथन ही वास्तविक सुख का मार्ग है। उनकी तीसरी आंख यह इंगित करती है कि केवल बाह्य दृष्टि से नहीं, आंतरिक दृष्टि से भी संसार को देखना आवश्यक है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, ये एक संकल्प है- आध्यात्मिक उत्थान का, आत्मशुद्धि का और मानवता के कल्याण का। इस दिन जब लाखों श्रद्धालु व्रत रखते हैं, शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित करते हैं, वे अनजाने में ही इस शाश्वत सत्य की ओर अग्रसर होते हैं कि शिव स्वयं अनंत ऊर्जा हैं, जिन्हें हम अपने भीतर भी अनुभव कर सकते हैं। शिव की उपासना केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, यह जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन, शांति और संयम स्थापित करने का एक प्रयास भी है। महाशिवरात्रि हमें यह बोध कराती है कि शिव हमारे भीतर हैं, वे हमारे विचारों, हमारे कर्मों और हमारे आचरण में हैं। यह पर्व हमें अपने भीतर झांकने, अपनी कमियों को पहचानने और उन्हें सुधारने की प्रेरणा देता है। यह केवल एक रात्रि का पर्व नहीं, एक निरंतर चलने वाली यात्रा है-आध्यात्मिक जागरण की, आत्मसाक्षात्कार की और शिवत्व की ओर बढ़ने की।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है




संकलित
दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम् का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

*-संकलनः कांतिलाल मांडोत*

## लक्ष्मी जी कहां निवास करती हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

## सटाका




## आज की पाती

### सत्यम शिवम सुंदरम


अधिकतर लोग समझते हैं कि शिव और शंकर एक ही हैं। परंतु वास्तव में शिव रचनाकार है और शंकर रचना है। शिव अशरीरी हैं, तो शंकर सूक्ष्म शरीर धारी देवता हैं। मूलतः शिव इस संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं और जिसे हम सभी परमपिता परमात्मा के नाम से याद करते हैं, वही शिव हैं। जिस प्रकार एक पिता अपनी संतानों से प्रेम करता है और उनके कल्याण के लिए कार्य करता है, वैसे ही हम सब आत्माओं के पिता शिव भी हमसे प्रेम करते हैं और हमारे कल्याण के लिए ही इस धरा पर अवतरित होते हैं, जिसे हम शिव-जयंती व शिवरात्रि के रूप में मनाते हैं। दरअसल हम सभी आत्माएं अपने-अपने कर्मों के अनुसार फल पाते हुए विभिन्न जन्म लेती हैं। सत्य ही शिव है और शिव ही सुंदर है।

*-संदीप शुक्ला, धमतरी*

## करंट अफेयर

### ट्रंप, पुतिन व मस्क सभी की नेतृत्व शैली एक जैसी


तानाशाही बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यहां तक कि गैर-निर्वाचित उद्यमी एलन मस्क भी 'राजाओं' की तरह हुक्म चला रहे हैं। कुछ लोग इन नेताओं को 'प्रामाणिक' कह सकते हैं क्योंकि वे वही कहते हैं और अक्सर वही करते हैं जो वे मानते हैं। अमेरिका में संघीय अदालत ने नुकसान को रोकने के लिए कार्यस्थल पर विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी ट्रंप के कार्यकारी आदेश पर रोक लगा दी थी। शोधकर्ताओं का मानना था कि प्रामाणिकता स्वाभाविक रूप से अच्छी और नैतिक होती है। लेकिन जैसे-जैसे प्रामाणिक नेतृत्व अनुसंधान मजबूत प्रयोगात्मक तरीकों के साथ अधिक परिष्कृत होता जा रहा है, इस शक्तिशाली दृष्टिकोण के बारे में हम जो जानते हैं वह तेजी से बदल रहा है। नेता जो कहते हैं और करते हैं, उससे उनके मूल्यों के बारे में शक्तिशाली संदेश मिलता है। डिजिटल युग में जहां हर ट्वीट और सार्वजनिक कार्य की जांच की जाती है, वहां कर्मचारियों और मतदाताओं के लिए इन संकेतों को समझना महत्वपूर्ण है। आज की अस्थिर दुनिया में नेतृत्व करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए प्रामाणिक नेतृत्व व्यक्त करने के इस नए तरीके को अपनाना बहुत महत्वपूर्ण है।



## ऑफ बीट

### मंगल पर जीवन हमारे पेट के सूक्ष्म जीवों की तरह होगा

अब तक प्रचलित मान्यता यह थी कि जीवन केवल उन परिस्थितियों में ही संभव है, जहां बहुकोशिकीय जीव फलते-फूलते देखे गए हैं। पानी की मौजूदगी, शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान, तटस्थ श्रेणी में पीएच, कम लवणता और सूर्य या समकक्ष ऊर्जा स्रोत का प्रकाश जीवन पनपने के लिए आवश्यक माने जाते थे। हालांकि, 20वीं सदी के मध्य में सूक्ष्मजीव विज्ञानी थॉमस डी ब्रॉक ने 'येलोस्टोन नेशनल पार्क' के गर्म झरनों में रहने वाले बैक्टीरिया की खोज की, जहां तापमान 70 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। हालांकि, उस समय यह खोज दूसरे खगोलीय पिंडों पर जीवन की संभावनाओं की तलाश से संबंधित नहीं थी, लेकिन इसने इसकी वैज्ञानिक संभावनाओं को व्यापक बना दिया। तब से, 'एक्सट्रीमोफाइल' (अति वातावरण में उत्तरजीविता वाले सूक्ष्मजीव) के नाम से जाने जाने वाले जीवों को पृथ्वी पर कई तरह की चरम स्थितियों में पनपते पाया गया है, ध्रुवीय बर्फ में पड़ी दरारों से लेकर गहरे समुद्र में मौजूद उच्च दबाव क्षेत्र तक में। बादलों में छोटे निलंबित कणों से चिपके हुए और मृत सागर जैसे अत्यधिक खारे वातावरण में या रियो टिंटो जैसे अत्यधिक अम्लीय वातावरण में ये बैक्टीरिया पाए गए हैं। कुछ 'एक्सट्रीमोफाइल' उच्च स्तर की विकिरण के प्रति भी प्रतिरोधी होते हैं।



## ट्रेंड

### विपक्ष की स्वीकृति



हमारे विपक्षी दल पहले किसी चीज का उपहास उड़ाते हैं, विरोध करते हैं, चर्चा से भागने का प्रयास करते हैं और अंततः उसको स्वीकृति भी देने के लिए तत्पर होते हैं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी स्नान करके आ गए, यह उनकी स्वीकृति का ही प्रमाण है...

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### समय बड़ा बलवान



नेता प्रतिपक्ष होते हुए कई बार विजेंद्र गुप्ता जी के साथ दुर्व्यवहार किया गया । आज वही विजेंद्र गुप्ता जी को दिल्ली विधानसभा का स्पीकर नियुक्त किया गया है । समय बड़ा बलवान है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### बाबा साहेब की फोटो



दिल्ली की नई बीजेपी सरकार ने बाबा साहेब की फोटो हटाकर प्रधानमंत्री मोदी जी की फोटो लगा दी। ये सही नहीं है। मेरी बीजेपी से प्रार्थना है। आप प्रधानमंत्री जी की फोटो लगा लीजिए लेकिन बाबा साहिब की फोटो लगी रहने दीजिए।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### ब्रह्मांड में कुछ खास



पहले मुझे लगा कि महाकुंभ सिर्फ एक बहुत बड़ा फोटो सेशन बनता जा रहा है। लेकिन अब एहसास हो रहा है कि हर कोई वहां जाने की इच्छा महसूस कर रहा है। क्या ब्रह्मांड में कुछ खास होने वाला है?

-शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### महाशिवरात्रि पर हुआ दो दिवसीय मेले का शुभारंभ

**संतनगर।** 53 वर्षों से महाशिवरात्रि पर संत हिरदाराम नगर के स्टेशन रोड स्थित उमापति महादेव मंदिर में प्रतिवर्ष 2 दिन तक सिंधी भगत का आयोजन किया जाता है। यहां अलग-अलग शहरों से सिंधी भगत मंडलियों द्वारा सिंधी भगत प्रस्तुत की जाती है। महाशिवरात्रि पर मंदिर सेवादारी चंद्र कुमार रामचंदानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष मांधु चांदवानी, महासचिव नंद ददलानी, पार्षद अशोक मारण, समाजसेवी हीरो केसवानी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। महाशिवरात्रि पर बुधवार को भी कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे।



### विद्यार्थी परिषद ने सौंपा सीएमओ को ज्ञापन

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को विद्यालयों के आसपास हो रही अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री रोकने एवं अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जानकारी देते हुए परिषद के नगर मंत्री धनजंय पटेरिया ने बताया कि नगर के विभिन्न विद्यालयों के आसपास गुटखा, तंबाकू, सिगरेट, शराब व अन्य नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री जोरों पर चल रही है, जो छात्रों के भविष्य के लिए घातक है।

### एसडीओपी शीला सुराणा का मनाया जन्मदिन, दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** नगर में मंगलवार को एसडीओपी शीला सुराणा के जन्मदिन पर केक काटकर खुशियां मनाई। इस दौरान गणमान्य नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, टीआई बीपी सिंह, जनपद सीईओ वृंदावन मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, ढाबा संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजू, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, देवेंद्र चौहान आदि ने बधाई दी।

### कचरे में लगी आग से कॉलोनी में फैला धुआं

**औबेदुल्लागंज।** महावीर कॉलोनी वार्ड 2 के पीछे बने अवैध टचिंग ग्राउंड में कचरे में आग लगने के कारण फिर पूरे नगर में धुआं फैल गया। महावीर कॉलोनी के रहवासियों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। इसकी शिकायत सीएमओ एवं उच्च अधिकारी से की गई, परंतु वे गोलमोल जबाव के अलावा कुछ नहीं कह सके। लगातार धुएं के कारण महावीर नगर एवं आसपास लोगों में बीमारियां बढ़ रही है। वहीं नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी उदासीन हैं।

### सहेली के घर रहने वाली महिला से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** निशातपुरा इलाके में अपनी सहेली के घर रहने वाली एक विवाहिता के साथ कई बार दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी सहेली का भी परिचित है और वह नशे का आदी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक करोंद इलाके के कृषक नगर में अपनी सहेली के घर एक 23 वर्षीय महिला रहती है। उसकी सहेली के घर अजय नाम के युवक का भी आना जाना था। 8 फरवरी को आरोपी नशे की हालत में पहुंचा और दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने दो बार और ज्यादती की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 138 | 20 | 468 |
| रात: | 468 | 82 | 345 |

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में नहीं थम रहीं चोरी की वारदात, आए दिन हो रही घटनाएं

# ट्रेनों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरफ्तार, 6.60 लाख का माल बरामद, एक फरार आरोपी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चलती ट्रेनों में महिला यात्रियों का सामान चोरी करने वाले एक बदमाश समेत 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस मामले में चोरी का माल खरीदने वाला एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पकड़े गए दोनों आरोपियों से कुल 6.60 लाख रुपए का माल बरामद किया गया है। मामले के तीनों आरोपी अमरावती के रहने वाले है।

आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई जीआरपी थाना आमला ने की है। जानकारी के अनुसार पिछले साल मई महीने में गोंडवाना एक्सप्रेस में सफर रही ज्योति किरनार का एक पर्स चोरी हो गया था। पर्स के अंदर मोबाइल फोन और जेवरात समेत कुल 6 लाख 31 हजार रुपए का सामान रखा हुआ था। इसी प्रकार पिछले साल अक्टूबर महीने में सिंकदराबाद एक्सप्रेस में सफर कर रही तारिका अनवर का एक ट्रॉली बैग चोरी हुआ था, जिसके अंदर सोने-चांदी के जेवरात और एक लाख रुपए नगदी समेत करीब 2 लाख का सामान रखा हुआ था। दोनों की एफआईआर दर्ज होने के बाद जीआरपी एसपी भोपाल राहुल कुमार लोढ़ा ने आरोपियों की धरपकड़ के निर्देश दिए थे। पुलिस की टीम बनाकर बदमाशों की तलाश में लगाई गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने एक संदेही अशफाक खान (33) निवासी थाना फैजलपुरा जिला अमरावती महाराष्ट्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की, उसने उक्त वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। चोरी किए गए सामान के बारे में बताया कि मोहम्मद अनीस (31) निवासी थाना अचलपुर जिला अमरावती महाराष्ट्र और अब्दुल रऊफ (33) निवासी अमरावती महाराष्ट्र को बेचा है। पुलिस ने मुख्य आरोपी अशफाक और खरीददार अनीस को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6.60 लाख का माल बरामद कर लिया है। वहीं आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इधर, माल खरीदने वाला एक अन्य आरोपी अब्दुल रऊफ फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

## ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ाया

**भोपाल।** ईओडब्ल्यू की टीम ने शिवपुरी जिले के पिछोर में ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर को 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप किया है। स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रिंका लोधी ने ब्लॉक प्रोग्राम आफीसर के खिलाफ ईओडब्ल्यू ग्वालियर कार्यालय में शिकायत की थी। बीपीएम पर सरकारी राशि जारी करने के बदले रिश्वत मांगे जाने का आरोप है। ग्वालियर ईओडब्ल्यू एसपी ने जांच में रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि करवाई। इसके बाद एक टीम को पिछोर ट्रैप के लिए रवाना किया। ईओडब्ल्यू की टीम ने ट्रैप प्लान के मुताबिक सीएससी पिछोर में 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते डॉ. अखिलेश कनेरिया को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि डॉ. अखिलेश कनेरिया उन लोगों को शासन से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि सहित स्वास्थ्य केंद्र के लिए विभिन्न योजनाओं में आने वाली शासकीय राशि के भुगतान के बदले 10 प्रतिशत हर भुगतान पर रिश्वत की मांग करते हैं। शिकायतकर्ता महिला अधिकारी ने कहा डॉ. कनेरिया ने पिछले साल मेरी प्रोत्साहन राशि रोक दी। इस बार भी 24 हजार 500 रुपये रिश्वत देने के बाद ही राशि जारी करने की बात कही थी।

### 10 हजार की रिश्वत लेते एएसआई ट्रैप

लोकायुक्त पुलिस की इंदौर टीम ने 10 हजार की रिश्वत लेते हुए सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को बड़गोंदा पुलिस थाने में तैनात एएसआई गोविंद सिंह गिरवार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। बड़गोंदा में रहने वाले अनिल बारिया की पत्नी रेखा ने पारिवारिक विवाद की शिकायत 21 जनवरी को बड़गोंदा थाने में दर्ज कराई थी। इस केस की जांच एएसआई गोविंद सिंह कर रहे थे। उन्होने इस केस को कमजोर करने के लिए अनिल से 20 हजार रुपए की घूस मांगी थी।

फुटेज के आधार पर दो की पहचान, फरार आरोपियों की तलाश जारी


# खुलेआम उत्पात मचाने वाले बदमाशों के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

◆ तलवारों से व्यापारी और उसके परिजनों पर जानलेवा हमले में चार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**अशोका गार्डन स्थित सुभाष कॉलोनी में बदमाशों ने मचाया उत्पात**





**रहवासियों का आरोप, नशे में आए दिन करते हैं वारदात**

उधर, इस वारदात के बाद रहवासियों का आरोप है कि उनकी कॉलोनी और उसके आसपास बड़ी संख्या में नशा करने वाले लोग घूमते रहते हैं, जो आए दिन लोगों के साथ झगड़ा फसाद करते हैं। यह लोग तलवारें और छुरी भी लिए रहते हैं। यही नहीं यह लोग आसापास के ही इलाके के रहने वाले हैं और कहीं भी बैठकर नशा करने लगते हैं। पुलिस यदि प्रापर तरीके से गश्त करें तभी इन घटनाओं पर अंकुश लग सकता है।

### बीच सड़क पर पटककर एक युवक को मार रहे थे बदमाश

इस वारदात के कई वीडियो जोसोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि बदमाश न केवल धारदार हाथियार लहरा रहे हैं, बल्कि एक युवक को बीच सड़क पर पटकने के बाद घेरकर पीट भी रहे हैं। थाना प्रभारी हेमंत श्रीवास्तव का कहना है कि घटनाक्रम में पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ भी शुरू कर दी गई है।

अशोका गार्डन इलाके में सोमवार शाम को हथियारबंद बदमाशों ने सुभाष कॉलोनी में जमकर उत्पात मचाया था। व्यापारी और उसके परिजनों पर हमला कर फरार हो गए, लेकिन हमलावरों की पूरी करतूत सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई। सोशल मीडिया पर भी कई वीडियो वायरल हुए, जिसमें बदमाश तलवारें लहराते हुए और मारपीट करते दिख रहे है। पुलिस का कहना है कि दो बदमाशों की पहचान कर ली गई है उनका नाम अमन और आरिफ आया है। उनके पकड़ में आने के बाद सभी आरोपियों का खुलासा होगा। पुलिस टीम आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दे रही है।

बदमाशों के उत्पात मचाने की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है। वारदात का वीडियो सुबह से ही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस के मुताबिक पानी की टंकी के पास सुभाष कॉलोनी में 66 वर्षीय मदन मोहन पुत्र गंगा प्रसाद शर्मा परिवार के साथ रहते हैं। उनके द्वारा बाहरी हिस्से में बनी दुकानें किराए पर दे रखी हैं। सोमवार शाम करीब छह बजे कुछ युवक उनकी दुकानों के सामने गाली-गलौज करते हुए हंगामा कर रहे थे। इसी दौरान पीड़ित और उनके परिजनों ने इसका विरोध करते हुए आरोपियों को जाने का कह दिया। इससे नाराज करीब दर्जन भर से अधिक लोग आए और उनके द्वारा पहले पथराव किया और उसके बाद तलवारों से हमला कर दिया गया, जिससे शर्मा के परिवार के तीन लोग और एक दुकानदार घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने आरिफ, अमन उर्फ बट्टू और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिलहाल इस मामले में अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नही हुई है।

### फसल काट रही महिला की करंट लगने से मौत

**भोपाल।** रातीबड़ इलाके में फसल काटने पहुंची एक महिला की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया हे। जानकारी के अनुसार बबीता बाई (32) ग्राम गोरा थाना रातीबड़ में रहती थी और मजदूरी का काम करती थी। सोमवार को वह ग्राम बिसनखेड़ी स्थित एक खेत पर फसल काटने के लिए पहुंची थी। इस खेत पर पानी की मोटर के लिए बिजली की लाइन बिछाई गई थी। फसल काटते समय बबीता का हंसिया अचानक बिजली की लाइन से टच हो गया, जिससे उसे करंट लग गया। करंट लगते ही वह बेसुध हो गई। साथ काम करने वालों ने उसे तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद बबीता को मृत घोषित कर दिया।



### विधायक पटवा ने केंद्रीय मंत्री खट्टर से की सौजन्य भेंट

**औबेदुल्लागंज।** मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, दीपू परमार, युवा नेता जीतू नंदवंशी, माधव यादव, मनोज चौरसिया ने बताया कि ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2025 भोपाल में आयोजित हो रहा है। उद्योगपति एवं पंतजलि आयुर्वेद संस्थान के सीईओ एवं पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष आचार्य श्री बालकृष्ण का सानिध्य विधायक सुरेंद्र पटवा को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी उपस्थित रहे। भोपाल में आयोजित हो रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में भाजपा के वरिष्ठ नेता, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से विधायक सुरेंद्र पटवा ने सौजन्य भेंट की।

## नप कर्मचारियों ने अतिक्रमण हटाने दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में धारा 223 के अंतर्गत शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाए जाने के लिए नोटिस दिए जा रहे हैं। नगर परिषद के कर्मचारी अतिक्रमणकारियों को उनकी दुकान, मकानों पर जाकर नोटिस दे रहे हैं। नगर परिषद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 4 रेहटी रोड नगर परिषद दफ्तर के सामने मैन रोड और सड़कों पर लगी सीढ़ियों एवं मैन रोड तक छज्जा बढ़ाए जाने पर उसे हटाने का आग्रह किया।

ज्ञात हो कि नगर परिषद के कर्मचारी अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले हाथ ठेले व अन्य दुकानदारों से 100 से 200 रुपए रोजना लेकर दुकान व ठेले लगवाते हैं। सड़क पर दुकान लगाने के कारण बड़े वाहन नहीं निकल पाते और जाम लग जाता है। नगर परिषद के जिम्मेदार सिर्फ नोटिस देकर गायब हो जाते हैं, कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावा करते हैं।



माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा शुरू, तैनात रही पुलिस

# 1069 बच्चों ने दी कक्षा 12वीं की परीक्षा पहले दिन नहीं बना नकल प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की ओर से आयोजित 12वीं की परिक्षा के पहले दिन परिक्षर्थियों को कुछ अव्यवस्थाओ के बीच हिंदी का पहला पेपर देना पड़ा। मंडीदीप में 4 केन्द्रों पर परीक्षा दिलवाई जा रही है, जिसमें प्रथम दिन 1069 विद्यार्थियों ने पेपर दिए। बीईओ शिवनारायण चौहान ने बताया कि पहले दिन पूरे नगर में कोई नकल प्रकरण नहीं बना। परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुईं।

शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल व कन्या माध्यमिक शाला में विद्युत की व्यवस्था नहीं थी। परिक्षर्थियों को अंधेरे में ही परीक्षा देनी पड़ी। पहले दिन चार केंद्रों में शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल में 325 , शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में 363, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में 144 और विवेक जागृति हायर सेकंडरी स्कूल में 237 छात्र-छात्राओ ने पेपर दिए। चारों केन्द्रों में कुछ दो विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।



### तलाशी के बाद दिया प्रवेश

शासकीय कन्या स्कूल परीक्षा केंद्र पर छात्र सुबह 8.30 बजे पहुंच गए। सबसे पहले परीक्षार्थियों ने बोर्ड पर अपना रोल नंबर ढूंढा। शिक्षकों ने कड़ी तलाशी के बाद प्रवेश दिया। जूते-चप्पल और बैग को केंद्र के बाहर जमा कराया गया। परीक्षार्थी उदय चौहान ने बताया कि पेपर काफी सरल था। सभी प्रश्न सिलेबस से थे, लेकिन समय थोड़ा कम मिला। परीक्षा की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए। वहीं सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात था, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

मामला दर्ज कर जीआरपी कर रही घटना की जांच

# शादी समारोह में दो गुटों में हुआ विवाद, सफाई दारोगा पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे स्टेशन के पास एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे तीन चचेरे भाइयों के साथ आधा दर्जन से ज्यादा युवकों ने मारपीट करते हुए छुरी से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से भाग निकले। जीआरपी ने आरोपियों पर मारपीट और चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी विवेक नाहर रविवार की रात अपने चचेरे भाइयों दीपक और राहुल के साथ रेलवे कॉलोनी स्थित एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचा था। वह नगर निगम में सफाई दरोगा है। रात करीब साढ़े नौ बजे तीनों शादी के पास अपनी बाइक खड़ी कर रहे थे, तभी वहां मौजूद मंगल, आधा दर्जन युवकों से उनका विवाद हो गया। इस पर सभी लोगों ने मिलकर विवेक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। चचेरे भाइयों ने जब बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी जमकर मारपीट की। घटनाक्रम में सफाई दारोगा को गंभीर चोट आई है। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। जीआरपी ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। टीआई जहीर खान का कहना है कि शादी समारोह में शराब के नशे में दो गुटों में विवाद हुआ था। एक युवक पर नुकीली चीज से हमला किया है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

### घर की जिम्मेदारियों को लेकर परेशान युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित ज्योति नगर में मंगलवार सुबह एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में है यह बात सामने आई कि परिवार की जिम्मेदारी को लेकर वह तनाव में रहता था। पुलिस के अनुसार रोहित मेहरा पिता नारायण मेहरा (21) मूलत गांव मड़िया, देवरी, सिलवानी, जिला रायसेन का था। वह ज्योति नगर में किराए का कमरा लेकर अकेला रह रहा था और एचबीटी बेकरी में काम करता था। मंगलवार सुबह रोहित काम पर नहीं पहुंचा। उसके साथ काम करने वाले दोस्त ने उसे कॉल किया। बार-बार कॉल करने पर भी रोहित ने कॉल रिसीव नहीं किया। दोस्त उसे देखने घर पहुंचे। इस दौरान कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखा तो रोहित फांसी पर लटका नजर आया।

### नर्सरी की बच्ची से छेड़छाड़ के दोषी स्कूल संचालक को 20 वर्ष की सजा

**भोपाल।** कोलार रोड स्थित किड्जी स्कूल में नर्सरी क्लास की तीन साल की बच्ची के साथ आरोपी स्कूल संचालक अनुतोष प्रताप सिंह उर्फ एपी सिंह द्वारा अश्लील छेड़छाड़ करने के मामले में विशेष न्यायाधीश कुमुदनी पटेल ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 5 लाख रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। 23 फरवरी 2017 को पीड़ित बच्ची की मां ने पुलिस थाना कोलार रोड में शिकायत करते हुए बताया था कि उसने अपनी तीन साल की मासूम बच्ची का 6 फरवरी 2017 को घर के पास ही गिरधर परिसर में संचालित स्कूल की नर्सरी क्लास में एडमिशन करवाया गया था। 23 फरवरी को स्कूल से घर लौटने पर बच्ची ने बताया था कि स्कूल संचालक अनुतोश प्रताप सिंह ने उसके साथ अश्लील हरकतें की हैं।

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सुबह से शुरू हुए धार्मिक कार्यक्रम

# भगवान मुनिसुव्रतनाथ के मोक्षकल्याणक महोत्सव पर किया महामस्तकाभिषेक, भक्तों ने चढ़ाया निर्वाण लड्डू

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भगवान मुनि सुब्रतनाथ का मोक्ष कल्याण मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मैन रोड दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, तामोट जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने अभिषक कर भगवान को निर्वाण लड्डू चढ़ाए।

भगवान वासपूज की पूजा करके मुनी सुब्रत नाथ भगवान का विधान किया गया। विधान के बाद निर्वाण कांड भगवान मुनि सुब्रत नाथ का चालीसा पढ़ा और आरती की गई। इसके पूर्व विश्व शांति के लिए शांतिधारा अर्पित कर सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर रितेश पवन जैन, कैलाश मामा, टिल्लू, विनय जैन, संतोष जैन, तामोट के अरुण जैन, अजीत, अरविंद, मनोज, राजेंद्र जैन आदि ने भक्ति भाव से लड्डू चढ़ाए।



पार्श्वनाथ के मंदिर में पंडित लक्ष्मीचंद, मुकेश जैन, तरुण इंदिरा जैन, अर्चना जैन, अनुराग नीति, शिमला, नेहा जैन, सुनील वर्धमान, समता जैन, विजय सीमा जैन, मंजू नरेश जैन, प्रदीप भंडारी, आशा रानी जैन, कविता जैन, दिनेश गुड्डन, आदि लोगों ने आरती कर निर्वाण लाड्डू चढ़ाए।

### 21 मंडलीय मुनिसुव्रतनाथ विधान संपन्न



**मंडीदीप।** श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार को भगवान मुनिसुव्रतनाथ के मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया। इस अवसर पर महामस्तकाभिषेक कर 21 मंडलीय मुनिसुव्रतनाथ विधान संपन्न किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व सचिव अभिनेष आशु जैन ने बताया कि भगवान मुनिसुव्रतनाथ के मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और आशीर्वाद लिया। मुनिसुव्रतनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव के अवसर पर मुनिसुव्रत नाथ की पूजा करके निर्वाण कांड का पाठ किया गया। भगवान के जयकारों के बीच लाडू चढ़ाए। मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन ने कहा कि भगवान के मोक्ष कल्याणक पर भगवान श्री मुनिसुव्रत नाथ के दर्शन व भक्ति मात्र से ही कई कष्टों से छुटकारा मिल जाता है।

स्थानीय संस्कृति का लिया अनुभव

## संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की 35 छात्राओं ने किया मनाली का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज ने 20 से 25 फरवरी तक एक मनोरंजक और साहसिक पांच दिवसीय मनाली भ्रमण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस यात्रा में कुल 35 छात्राओं ने भाग लिया, जिनके साथ संकाय सदस्य डॉ. मीना बारसे, प्रो. मंजू देवनानी, रोहित रैकवाल और जितेंद्र गेहलोत भी शामिल रहे।

यह भ्रमण छात्राओं के लिए मनाली के अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने, रोमांचक बाहरी गतिविधियों में भाग लेने और वहां की जीवंत स्थानीय संस्कृति का अनुभव करने का सुनहरा अवसर था। बर्फ से ढके पहाड़ों और शांत घाटियों से लेकर व्यस्त बाजारों और रोमांचकारी खेलों जैसे जिपलाइनिंग, रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग और दर्शनीय स्थलों के भ्रमण तक इस यात्रा में हर पल रोमांच से भरा रहा। यात्रा का समापन एक शानदार बोनफायर के साथ हुआ, जिसने इसे और भी यादगार बना दिया।

बाग प्रिंट कला को केंद्रीय मंत्री ने सराहा

# गृह मंत्री शाह ने अपने हाथों से लगाया बाग प्रिंट का ठप्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025 में बाग प्रिंट के युवा शिल्पकार मोहम्मद आरिफ खत्री ने अपनी कला से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने आरिफ खत्री से मुलाकात कर बाग प्रिंट का ठप्पा अपने हाथों से लगाया और उनकी कला की प्रशंसा की।

अमित शाह के अलावा राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय आवास एवं नगरीय विकास और ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल खट्टर, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, विश्वास सारंग, प्रतिमा बागरी, संपतिया उइके, मुख्य सचिव अनुराग जैन और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाग प्रिंट कला को समझा, सराहा और स्वयं ठप्पा लगाकर इसे अपनाने का संदेश दिया।



**पिछले 15 वर्षों से इस कला से जुड़े हैं आरिफ**

समिट में शिल्पगुरु मोहम्मद यूसुफ खत्री, नेशनल अवॉर्डी मोहम्मद बिलाल खत्री और अब्दुल करीम खत्री ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर मेहमानों का दिल जीता। आरिफ खत्री पिछले 15 वर्षों से इस कला से जुड़े हैं। उन्होंने अपने दादा, बाग प्रिंट के जनक शिल्पगुरु इस्माईल सुलेमान खत्री और अपने पिता राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अब्दुल कादर खत्री से इस कला को सीखा।

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने अनलॉकिंग लैंड वेल्यू पर हुए सत्र में मप्र सरकार की सराहना की

# शहरी विकास के लिए केंद्र सरकार से मिलेगी भरपूर मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में शहरों की अहम भूमिका होगी। मध्यप्रदेश में नियोजित शहरी विकास के लिए केंद्र सरकार हरसंभव मदद करेगी। वर्ष 2047 तक देश की नगरीय आबादी कुल आबादी का 50 प्रतिशत तक हो जाएगी। ऐसे क्षेत्रों में बढ़ती आबादी के हिसाब से सारे मापदंड तय करने पड़ेंगे।

यह बात केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अनलॉकिंग लैंड वेल्यू विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कही। मप्र सरकार की तीन नई शहरी विकास नीतियों की प्रशंसा करते हुए खट्टर ने कहा कि निवेशका यहां कदम प्रदेश के शहरी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि मेट्रो नेटवर्क का विस्तार ऐसा होना चाहिए, जिससे सभी वर्गों को लाभ पहुंचे। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी और महापौर मालती राय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री खट्टर और विजयवर्गीय ने प्रदेश के नगर निगमों के महापौरों के साथ चर्चा करते हुए आदर्श नगर निगम के निर्माण के लिए आय बढ़ाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। सत्र में एमपी इंटीग्रेटेड पॉलिसी, पुनर्घनत्वीकण और मप्र हाउसिंग रि-डेवपमेंट पॉलिसी पर भी चर्चा हुई।

## इलेक्ट्रिक वाहन नीति के जरिए पर्यावरण संरक्षण पर जोर




बढ़ती शहरी आबादी की ओर इशारा करते हुए खट्टर ने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सटीक आंकलन आवश्यक है। उन्होंने शहरी परिवहन में सुधार और इलेक्ट्रिक वाहन नीति के जरिए पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। साथ ही कार्बन उत्सर्जन नियंत्रण और कार्बन क्रेडिट प्रोत्साहन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉलोनियों में ग्रीन एरिया विकसित करने वाले बिल्डर्स को प्रोत्साहन देने की घोषणा

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार नगरीय निकायों की आय के स्रोत बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में लागू की गई इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी से शहरों का समग्र विकास संभव होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉलोनियों में ग्रीन एरिया विकसित करने वाले बिल्डर्स को प्रोत्साहन देने की घोषणा की। विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश के शहरों को हरा-भरा बनाया जाएगा। कॉलोनी में ग्रीन एरिए को जगह देने वाले बिल्डर्स और डेवलपर्स को राज्य सरकार की ओर से रियायत दी जाएगी।

2025 में 'मेड इन इंडिया' चिप उत्पादन के लिए हो जाएगा तैयारः केंद्रीय मंत्री वैष्णव

डबल इंजन सरकार, मध्य प्रदेश में कर रही निवेशों की बौछार

# महाशिवरात्रि पर भोपाल को मिला आईटी पार्क और एचएलबीएस फैक्ट्री का उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल में आयोजित 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने महाशिवरात्रि की पवित्र पूर्व संध्या पर एचएलबीएस परिवार को नए प्लांट के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही ऐलान किया कि वर्ष 2025 तक पहला 'मेड इन इंडिया' चिप उत्पादन के लिए तैयार हो जाएगा।

मंत्री वैष्णव ने इस उपलब्धि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहन मिला है। दो इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यफैक्चरिंग क्लस्टर को प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीकृति दी है। एक भोपाल में और दूसरा जबलपुर में है। राज्य में अब तक 85 कंपनियां इस क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। इसे डबल इंजन सरकार की एक बड़ी सफलता बताया गया।

### मध्य प्रदेश में 20 हजार इंजीनियरों की होगी ट्रेनिंग



रेल मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि नवीनतम टेक्नोलॉजी को छात्रों तक पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश में 20 हजार इंजीनियरों को फ्यूचर स्किल्स प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षित किया जाएगा। बीते दस वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके परिणामस्वरूप अब यह उद्योग 10 लाख करोड़ पर पहुंच चुका है।

### सेमीकंडक्टर निर्माण में भारत हो रहा मजबूत

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जहां एक साथ पांच यूनिट्स का निर्माण कार्य जारी है। वर्ष 2025 तक पहला मेड इन इंडिया चिप उत्पादन के लिए तैयार हो जाएगा। इसी क्रम में, भारत में प्रतिभा संवर्धन के लिए 85,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। सरकार की प्रतिबद्धता के कारण ही इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सका है।

### नए कैंपस में यह है खास

1 लाख स्कायर फीट में कैंपस बना है। जिसके एक ही छत के नीचे महत्वपूर्ण आईटी हार्डवेयर और उत्पादों के निर्माण करने की क्षमता है। जहां सर्वर, डेस्कटॉप, मदरबोर्ड, चेसिस, रैम, एसएसडी, ड्रोन, रोबोट समेत अन्य एंड-टू-एंड निर्माण होगा। इस नए कैंपस में आने वाले 6 वर्षों में लगभग 150 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। जिससे इस प्लांट में करीब 1200 से नए रोजगार पैदा होंगे। इस कैंपस में डेक्सटॉप कंप्यूटर, ऑल इन वन, वर्क स्टेशन, लैपटॉप, टेबलेट डिवाइस. मॉनिटर समेत कई उपकरणों का उत्पादन किया जाएगा। ग्लोबल समिट के पहले दिन भी रेल मंत्री ने मध्य प्रदेश में बड़े निवेश का ऐलान किया। भारतीय रेल और मध्य प्रदेश सरकार के बीच रिन्यूएबल एनर्जी समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे। हाल ही में देखा गया है कि मोदी सरकार का पूरा ध्यान फ्यूचर रेडी इन्फ्रास्ट्रक्चर और कैपिसिटी बिल्डिंग पर है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भारत सरकार हर सेक्टर में 4 बिंदुओं पर फोकस कर रही है। जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर पर निवेश, इंक्लूसिव ग्रोथ, मैन्युफैक्चरिंग, सिमप्लिफिकेशन ऑफ़ लॉज़ शामिल हैं।

### रेलवे स्टेशनों का किया जा रहा पुनर्विकास

देश में पिछले 10 वर्षों में भारत ने 31 हजार किलोमीटर से ज्यादा नई रेल पटरियां बिछाई गई हैं। इसके साथ ही दुनिया का सबसे बड़ा स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम के तहत 1,337 से अधिक रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में मध्य प्रदेश में रेल इन्फ्रा के विकास के लिए 14,745 करोड़ का रिकॉर्ड बजट का आवंटन किया। साथ ही 2014 से 2,808 किलोमीटर विद्युतीकृत कर मध्य प्रदेश में रेल लाइनों का 100% विद्युतीकृत किया जा चुका है।

## जीआईएस में हरिभूमि की 'धूम'...











**भोपाल।** ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में दोनों दिन हरिभूमि समाचार-पत्र अपनी प्रामाणिक खबरों के कारण सभी सेक्टरों में पढ़ा गया।




# केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट

- शहरों का ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट होगा
- प्रदेश में विमान सेवाएं बढ़ाने हुए 5 एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि शहरों का ट्रांजिट ओरिएंटेड डेव्हलपमेंट किया जाएगा। शहरों में सुव्यवस्थित ट्रैफिक के लिए अंडरब्रिज बनाने पर विचार किया जाएगा। नगरों के विकास के लिए बनाई गई पॉलिसी में आपके सुझावों पर जरूरी परिवर्तन किए जाएंगे।

मंत्री विजयवर्गीय ने यह बात ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 के अर्बन डेवलपमेंट सेशन में कही। केन्द्रीय नागरिक उड्यन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि उज्जैन में एयरपोर्ट बनाया जाएगा। पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों के नियम-कानूनों की शहरी विकास के कानूनों से समानता होनी चाहिए। श्रम कानूनों में सुधार होगा, जिससे उद्योगपति और श्रमिक के बीच टकराव की स्थिति नहीं बनेगी। अतिथियों ने एमपी ईवी तरंग पोर्टल को लॉन्च किया।

### विमान सेवा के लिए पांच कंपनियों के साथ एमओयू

शहरों में विमान सेवाओं के उद्देश्य से पांच कम्पनियों के साथ एमओयू हुए। एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ अंतर्राष्ट्रीय रूट इंदौर से आबुधाबी और इंदौर से बैंकॉक और घरेलू रूट इंदौर से पटना, इंदौर से कोच्ची एवं इंदौर से वाराणसी के लिए विमान सेवाएं शुरू करने के लिये एमओयू हुआ। फ्रेंकफिन कम्पनी के साथ मप्र में 5 एविएशन एकेडमी शुरू करने के लिए एमओयू हुआ। इसमें 6 से 7 हजार लोगों को रोजगार मिलना संभावित है। फ्लाई भारती के साथ उज्जैन में एयरपोर्ट डेव्हलपमेंट के लिए एमओयू हुआ। इसमें 750 करोड़ रुपए का निवेश होगा। कंपनी प्रधान एयर के साथ उज्जैन में और राज्य के भीतर हवाई सेवाएं शुरू करने के लिए एमओयू हुआ। इसमें 150 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इन एविया एविएशन कंसलटेंट जीएमबीएच के साथ भोपाल में मेंटेनेंस रिपेयर एंड ऑपरेशन (एमआरओ) की स्थापना के लिए एमओयू हुआ। इसमें प्रथम चरण में 500 करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है। एक एमओयू एडिमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कॉलेज ऑफ इंडिया के ट्रेनिंग इन्स्ट्रीट्यूट के साथ नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने किया है।

सिटीज ऑफ टुमारो विषय पर सत्रों में हुई चर्चा

# नगरों के समग्र विकास के लिए नगरीय निकायों में अपनाई जाएंगी बेस्ट प्रेक्टिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ला ने मंगलवार को भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में नगरीय प्रशासन के विशेष सत्र में कहा कि मप्र में देश की उन सभी बेस्ट प्रेक्टिस को अपनाया जाएगा, जिससे मध्यप्रदेश में नागरिकों को बेहतर से बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकायों के आय के स्रोत बढ़ाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। नगरीय निकायों में ई-नगरपालिका प्रोजेक्ट को लागू किया जा रहा है।

प्रमुख सचिव शुक्ला ने कहा कि नगरीय निकायों के सामने अपशिष्ट प्रबंधन एक चुनौती है। इसके लिए जन-भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। सत्र में 2 विषयों सिटीज ऑफ टुमारो और ग्रीन क्लीन लिवबल सिटी पर विषय-विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए।

### शहरों के विस्तार के लिए भूमि को रिजर्व में रखना जरूरी

सिटीज ऑफ टुमारो विषय पर चेयरमैन सन बिल्डर्स एवं प्रेसीडेंट इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर इण्डिया एनके पटेल ने कहा कि शहरों के विस्तार के लिए भूमि को रिजर्व में रखना जरूरी है। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड राहुल देहिया, को-फाउण्डर एमडी सिग्नेचर ग्लोबल ग्रुप रवि अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत के लिए नियोजित टाउनशिप होना जरूरी है। टाउनशिप में सभी वर्गों के लोगों को जगह मिले, यह सुनिश्चित हो और वहां सभी आवश्यक सुविधाएं हों। इस व्यवस्था से शहरी क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट पर दबाव कम होगा।

निदेशक कॉमर्शियल रियल एस्टेट हीरानंदानी ग्रुप मनीष गुप्ता ने प्रदेश में हाल ही में जारी इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी का स्वागत किया। डीएलएफ के सीनियर एक्जीक्यूटिव राजीव सिंह ने उत्कृष्ट शहरी नियोजन को महत्वपूर्ण बताया। क्रेडाई एमपी चेप्टर के अध्यक्ष मनोज सिंह मीक ने राजा भोज की ओर से बसाए गए भोपाल और यहां के बड़े तालाब की विशेषताओं की जानकारी दी। वर्ल्ड बैंक के कंट्री हेड अगस्तो तानो कामो ने आने वाले समय में शहरों के नागरिकों को बुनियादी सुविधा देने के काम को चुनौतीपूर्ण माना। बोस्टन ग्रुप के आशीष गर्ग ने भी विचार रखे।

### ग्रीन क्लीन लिवबल सिटीज विषय पर चर्चा

दूसरे सत्र में हरे-भरे शहर विषय पर विशेषज्ञों ने विचार रखे। विशेषज्ञों का मानना था कि नगरीय निकाय शहरों को हरा-भरा रखने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करें। इसी तरह अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ जल व्यवस्था में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप सत्र को किया संबोधित

# मप्र सरकार और उद्यमी मिलकर सफलता के नए आयाम करेंगे स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में आयोजित दो दिनी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2025 (जीआईएस) के दूसरे दिन सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा स्टार्ट-अप समिट सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह दो दिवसीय समिट सकारात्मक भावना और योजनाबद्ध तरीके से आयोजित की गई है। संभागवार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कर प्रदेश में एक सकारात्मक औद्योगिक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया है। इसमें व्यापक संवाद हुआ है और इसके उत्साहजनक परिणाम एमएसएमई क्षेत्र में देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग और निवेश को प्रोत्साहित किए बिना आर्थिक आधार मजबूत नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र बहुत विस्तृत है और इससे नई संभावनाओं के द्वार खुले हैं। उन्होंने मंत्री चैतन्य काश्यप की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में लागू की गई नई एमएसएमई नीति में सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को समाहित किया गया है, जिससे यह क्षेत्र और अधिक सशक्त बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि समिट के अंत में जब आंकड़े आएंगे, तब तक यह स्पष्ट हो जाएगा कि एमएसएमई सेक्टर को अभूतपूर्व उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार जो भी कमिटमेंट कर रही है और जिस पारदर्शिता के साथ नीतियों को लागू कर रही है, वह प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने एमएसएमई विभाग की सराहना की और कहा कि सरकार की नीतियां स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि मप्र अब उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमारी सरकार और उद्यमी मिलकर सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।



### प्री-प्रोडक्शन से पोस्ट-प्रोडक्शन तक हर प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनाएंगे

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री काश्यप ने बताया कि सरकार ने उद्यमियों के प्री-प्रोडक्शन से पोस्ट-प्रोडक्शन तक की हर प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए नई 18 नीतियां लागू की हैं। भूमि आवंटन प्रक्रिया को भी सरल किया गया है, ताकि उद्यमियों को सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से और निश्चित समय में मिले। मंत्री काश्यप ने कहा कि सरकार उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के दो मुख्य लक्ष्यों पर कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि नई नीतियों की आवश्यकता हुई तो सरकार उद्यमियों के साथ पूरी पारदर्शिता से काम कर उसे भी लागू करेगी। उन्होंने समिट से प्रदेश के सुनहरे भविष्य की कल्पना करते हुए कहा कि नवाचारों और निवेश से लाखों रोजगार सृजित होंगे, इससे देश विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। इस अवसर पर एमएसएमई सचिव प्रियंका दास ने एमएसएमई और स्टार्ट-अप इको सिस्टम के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी।

*उद्योगों के विकास से ही बढ़ेंगे रोजगार के अवसर*

### ग्रामीण, शहरी और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी

एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की अपर विकास आयुक्त सुश्री अश्विनी लाल ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर के माध्यम से ग्रामीण, शहरी और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स के जरिए युवाओं को आंत्रप्रेन्योरशिप के लिए तैयार किया जा रहा है। एसएवी, दुबई की फाउंडर सुश्री पूर्वी मुनोट ने कहा कि एमपी सरकार ने उद्योगों और युवाओं के लिए सकारात्मक परिवेश तैयार किया है। राज्य एआई, ग्रीन एनर्जी और लॉजिस्टिक सप्लाई चेन के माध्यम से ग्लोबल हब बन रहा है। इन एंड ब्रेडस्ट्रीट, मुंबई के एमडी व सीईओ अविनाश गुप्ता ने कहा कि नवाचारों से भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### एमपी सरकार की 18 नई नीतियों की सराहना

एशियाई विकास बैंक की डिप्टी कंट्री डायरेक्टर सुश्री आरती मेहरा ने कृषि, ऑर्गेनिक फार्मिंग और उद्यमियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता की प्रशंसा की। नेशनल एमएसएमई बोर्ड के चेयरमैन सुनील ने एमपी सरकार की 18 नई नीतियों को सराहा और कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होंगी। सत्र के अंत में स्टार्ट-अप और इको सिस्टम पर आधारित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मप्र सरकार की उपलब्धियों और आसान नीतियों को दर्शाया गया। सत्र में अन्य उद्योगपति एवं विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# एमपी बोर्डः 12वीं के पेपर की हिंदी विषय से हुई शुरुआत, प्रदेशभर में 9 नकल प्रकरण दर्ज

**3 हजार 887 केंद्रों पर आयोजित की जा रही हैं परीक्षाएं, लगभग 7.6 लाख विद्यार्थी हुए शामिल**

**परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन एक घंटे पहले पहुंचे विद्यार्थी, कड़ी जांच के बाद मिला प्रवेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा आयोजित दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। मंगलवार से कक्षा बारहवीं के पेपर की शुरुआत हिंदी से हुई। प्रदेश के लगभग 3 हजार 887 परीक्षा केंद्रों पर करीब 7.6 लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। हिंदी के पेपर में प्रदेशभर में 9 नकल प्रकरण दर्ज किए गए। इसमें भोपाल के 3, डिंडोरी में 3 सहित अन्य जिलों के प्रकरण शामिल हैं। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12 बजे निर्धारित है। ऐसे में विद्यार्थी परीक्षा केंद्रों पर करीब एक घंटे पहले ही पहुंच गए थे।

**इस बार विद्यार्थियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले करीब 47 हजार कम**

केंद्रों पर कड़ी जांच के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। इस दौरान प्रवेश पत्र, पानी की ट्रांसपेरेंट बोतल और पेन के लिए ट्रांसपेरेंट बॉक्स ही ले जाने की अनुमति दी गई। इस बार दोनों कक्षाओं की परीक्षा के लिए 562 संवेदनशील व अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। सभी सेंसेटिव केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे सहित जैमर की व्यवस्था की गई है। केंद्रों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। हालांकि इस बार विद्यार्थियों की संख्या पिछले साल के मुकाबले करीब 47 हजार कम है। इस साल दोनों कक्षाओं में 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं पिछले साल 17.07 लाख शामिल हुए थे।



नारियल खेड़ा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में परीक्षा देने जातीं छात्राओं को चेक करतीं शिक्षक।



भोपाल के टीटी नगर कमला नेहरू स्कूल में परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी।

### रखी गईं ईमानदारी की पेटी

इस बार परीक्षा केंद्रों पर ईमानदारी की पेटी नामक अनोखी पहल की गई है। मंडल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर एक पेटी रखी गई हैं, जिसमें छात्र अपनी स्वेच्छा से किसी भी प्रकार की नकल सामग्री, जैसे गाइड, चिट आदि डाल सकेंगे। इस पेटी पर स्पष्ट रूप से लिखा होगा कि यह पेटी स्वेच्छा से नकल सामग्री परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले जमा करने के उद्देश्य से रखी गई है। यदि कोई छात्र परीक्षा कक्ष में नकल सामग्री के साथ पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ परीक्षा अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तर पुस्तिका की सिलाई उखड़ी, तो बनेगा नकल प्रकरण

मंडल के निर्देशानुसार, परीक्षा में नकल रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। यदि किसी परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका की सिलाई उखड़ी पाई गई, तो इसे नकल की श्रेणी में माना जाएगा और उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि वे अनुशासन बनाए रखें और परीक्षा में ईमानदारी से शामिल हों।

## सीबीएसई की कक्षा 10वीं का हुआ सोशल साइंस का पेपर

सीबीएसई बोर्ड एग्जाम की शुरुआत 15 फरवरी से हो गई है। परीक्षाओं का दूसरा हफ्ता शुरू हो गया है। मंगलवार को 10वीं का सोशल साइंस का पेपर हुआ। वहीं सीबीएसई 12वीं की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परीक्षा भी आयोजित की जा रही है।

### दसवीं का पहला पेपर 27 फरवरी को होगा हिंदी

10वीं बोर्ड परीक्षा 27 फरवरी से शुरू होगी। इसका भी पहला पेपर हिंदी का रहेगा। इस साल हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9,53,777 विद्यार्थी शामिल होंगे।

### भोपाल में 103 केंद्र, 10 से अधिक टीमें तैनात

भोपाल जिले में 103 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नकल की रोकथाम के लिए 10 से अधिक टीमें तैनात की गई हैं। इसमें ब्लॉक स्तर पर 2, जिला स्तर पर 2 टीमें जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बनाई गई हैं। वहीं जिला प्रशासन की 5 से 6 टीमें भी एसडीएम क्षेत्रों के हिसाब से निरीक्षण कर रही हैं। वहीं माशिमं एवं लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा भी संभागीय स्तर पर टीमें बनाई गई हैं।

## विद्यार्थियों ने कहा

### कोई परेशानी नहीं



परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई है। हिंदी के पेपर से परीक्षा शुरू हुई है।

**प्रज्ञा मारण, विद्यार्थी**

### पेपर सरल आया



आज हिंदी के पेपर से परीक्षा की शुरुआत हुई हैं। हम पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए थे। पेपर सरल आया है।

**मुस्कान साहू, विद्यार्थी**

### पेपर अच्छा रहा



इस परीक्षा के लिए हमने पूरे साल मेहनत की है। पेपर अच्छा रहा। परीक्षा केंद्रों पर अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं।

**हनी पाटिल, विद्यार्थी**

### अच्छी व्यवस्थाएं



आज पहला पेपर था और बहुत ही सरल आया था। परीक्षा केंद्र पर अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। पेपर अच्छा हुआ।

**साहिल अहिरवार, विद्यार्थी**

---

**श्रवण, धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनि करण और मकर राशि के चंद्रमा की मौजूदगी में आज मनाई जाएगी महाशिवरात्रि**

# राजधानी में 20 जगहों से निकलेगी शिव बारात, मंदिरों में अभिषेक-पूजन और विशेष श्रृंगार के साथ होंगे भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को अनेक दिव्य योग बन रहे हैं। महाशिवरात्रि हिंदू धर्म के पवित्र त्योहारों में से एक है। यह महादेव और मां पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस शुभ दिन पर शिवभक्त व्रत और विधिपूर्वक भगवान शिव की आराधना करते हैं। इस साल 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा।

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह दिवस के रूप में मनाया जाता है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस साल महाशिवरात्रि पर श्रवण, धनिष्ठा नक्षत्र, परिघ योग, शकुनि करण और मकर राशि के चंद्रमा की मौजूदगी रहेगी। महाशिवरात्रि के अवसर पर राजधानी भोपाल में 20 से अधिक जगहों पर शिव बारात निकाली जाएगी।

### चांदी के रथ पर सवार होकर दूल्हे के रूप में निकलेंगे भगवान बटेश्वर





*महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई हैं। शहर में कई स्थानों से सुबह से लेकर शाम तक भगवान नीलकंठ की बारात निकलेगी। इसके बाद रात में शिव-पार्वती सात फेरे लेंगे। सुबह से देर रात्रि तक रस्मों के साथ धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मुख्य आकर्षण बड़वाले महादेव मंदिर से निकलने वाली बारात होगी। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट के तत्वावधान में भगवान बटेश्वर की बारात धूम धाम से निकाली जाएगी, जिसमें भगवान बटेश्वर चांदी के रथ पर सवार होकर दूल्हे के रूप में निकलेंगे। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि शिव बारात में अर्धनारीश्वर स्वरूप में रत्नों से सजे बाबा भोलेनाथ, माता पार्वती द्वारा कैलाश पर्वत पर भगवान की पूजन एवं तपस्या, दिव्य राम दरबार, भगवान द्वारकाधीश, समुद्र मंथन एवं भोलेनाथ के द्वारा विषपान की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। बारात के दूसरे भाग में डमरू मजीरा पार्टी, आदिवासी नृत्य दल, बैंड, ओम नमः शिवाय मंडल का अखंड जाप और सबसे पीछे रजत रथ में नंदी पर सवार दूल्हा बने बाबा बटेश्वर होंगे मंदिर परिसर से बारात सिंधी मार्केट, जवाहर चौक जुमेराती, हनुमानगढ़ मंगलवारा, इतवारा, चिंतामन चौराहा, चौक लखेरापुरा से रात्रि 9 बजे भवानी मंदिर सोमवारा पहुंचेगी यहां वरमाला का आयोजन होगा अर्ध रात्रि में बाबा बटेश्वर का मंदिर परिसर में पाणिग्रहण संस्कार किया जाएगा।*

**दूल्हा बन आज गौरा को ब्याहने जाएंगे भोलेबाबा**

## महिलाओं ने भगवान शिव को हल्दी लगाकर की विवाह की रस्म पूरी





भेल के पिपलानी क्षेत्र स्थित शिवलोक फेस-2 में महाकाल भक्त मंडल समिति द्वारा पिछले 10 सालों से लगातार महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाते आ रहा है। इस वर्ष भी समिति के सदस्यों और रहवासियों के सहयोग से महाशिवरात्रि महोत्सव बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ शिव बारात निकालेगा। यह आयोजन शिवलोक फेस-2 कॉलोनी के मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को कॉलोनी की महिलाओं ने बाबा भोलेनाथ को विधि-विधान से हल्दी और मेहंदी लगाकर रस्म अदा की और महिलाओं ने बन्ना-बन्नी गीत भी गाए। इस दौरान मंदिर के पुजारी पं. मनीष तिवारी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक कर श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद शाम को सभी के सहयोग से बाबा महादेव की बारात धूमधाम से निकाली जाएगी, जिसमें ढोल-बाजे, डीजे, घोड़े और बग्घी होगी साथ ही बाराती धर्म ध्वजा लेकर नाचते-झूमते चलेंगे। बारात मंदिर प्रांगण से शुरू होकर गोपाल नगर, एसओएस, दीपमोहनी, सुखसागर होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में आएगी। पं. मनीष तिवारी ने बताया कि शिव विवाह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर मंत्री कृष्णा गौर शामिल होंगी।

### शीतला माता मंदिर में भोलेनाथ को लगी हल्दी

*महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत बाबा महादेव संग माता पार्वती जी को भक्तों द्वारा हल्दी मेंहदी तेल अर्पण किया गया। पुजारी पंडित श्रीहरि जोशी ने बताया कि इस अवसर पर क्षेत्र की माताएं-बहने एवं धर्म प्रेमी बंधु मौजूद थे। श्रद्धालुओं ने धूमधाम से बाबा महादेव संग माता पार्वती को हल्दी मेंहदी लगाई। इस मौके पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।*

### दादाजी धाम मंदिर में मां पार्वती को लगाई हल्दी

दादाजी धाम मंदिर में मंगलवार को मंदिर में उपस्थित महिलाओं द्वारा माता पार्वती को हल्दी, मेहंदी एवं भगवान शिव को मेहंदी लगाई गई। इसके बाद सभी महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी एवं मेहंदी लगाई एवं बधाई गीत व भजन गाए। महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव एवं माता पार्वती का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इस मौके पर श्री श्री 1008 श्री दादाजी गुरुदेव चैरिटेबल ट्रस्ट एवं हॉस्पिटल के सहयोग से प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया जाएगा।

#### पशुपतिनाथ का 108 गंगाजल कलशों से होगा अभिषेक

गोविंदपुरा भेल स्थित श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर में महाशिवरात्रि पर दोपहर 12 बजे भगवान श्री पशुपतिनाथजी का 108 गंगाजल कलश से रुद्राभिषेक किया जाएगा। इसके बाद शिव बारात, नेपाल के परंपरागत पन्चेबाजा के साथ माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा से शुरू होगी।

#### भोलेनाथ निकले नगर भ्रमण पर

न्यू आनंद विहार कॉलोनी में नवनिर्मित मंदिर आनंदेश्वर में आदि देव भगवान शंकर (भोलेनाथ) की स्थापना के एक दिन पूर्व न्यू आनंद विहार कॉलोनी से गोरेगांव से नगर भ्रमणकर भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा निकाली गई। जिसे आचार्य देवेंद्र कुमार तिवारी, पंडित देवेंद्र तिवारी ,पंडित सोनू पुरोहित आदि लोग शामिल हुए।

### बाबा महाकाल फूलों के महल में होंगे विराजमान



छोला विश्राम घाट शिवजी के मंदिर में विराजे बाबा मुक्तेश्वर महाकाल का श्रृंगार किया जाएगा। महाशिवरात्रि के अवसर पर भोलेनाथ संग पार्वती का विवाह का आयोजन रखा गया है। मंदिर के पुजारी पं. गोपाल कृष्ण पुरोहित ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा महाकाल फूलों के महल में विराजमान होंगे। बाबा की भस्म आरती होगी।

#### मां आशापुरा दरबार से निकलेगी शिव बारात

*राजधानी श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर नेहरू नगर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महा रुद्राभिषेक होगा। दोपहर 1:00 बजे से शिव बारात सिद्धेश्वर मंदिर से प्रारंभ होगी। इसी तरह श्री मां आशापुरा दरबार द्वारा आयोजित शिव बारात निकाली जाएगी।*

#### गुफा मंदिर में तैयारी पूरी

*महाशिवरात्रि को लेकर राजधानी शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई है। गुफा मंदिर की साफ-सफाई की गई। साथ ही बिडला मंदिर में शिवरात्रि की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। जहां पर धार्मिक अनुष्ठानों आदि किए जाएंगे।*

---

**पूछताछ के लिए जेल में 8 घंटे तक रही आयकर की टीम**

## आयकर ने सौरभ से दूसरे दिन डायरी में दर्ज नामों और ज्वेलर्स फाइनेंसर से जुड़े सवाल पूछे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय जेल में बंद परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से लगातार दूसरे दिन जेल के भीतर पूछताछ जारी रही। 6 सदस्यीय इनकम टैक्स की टीम मंगलवार दोपहर 12 बजे जेल पहुंची और केवल सौरभ से ही सवाल किए। रात 8 बजे तक लगातार 8 घंटे तक सौरभ से पूछताछ जारी रही।

फिलहाल आयकर विभाग का फोकस केवल सौरभ शर्मा से करोड़ों की प्रॉपर्टी और मनी ट्रेल से जुड़े राज जानने को लेकर है। सौरभ से सवालों का सिलसिला खत्म होने के बाद उसके पार्टनरों शरद जायसवाल और चेतन से पूछताछ की जानी है। इसके बाद आयकर विभाग इन तीनों से क्रॉस पूछताछ करेगा।

#### ईडी और लोकायुक्त को दे चुका हूं इन सवालों के जवाब

*सोमवार को जहां गोल्ड और कैश से भरी हुई कार को लेकर सवालों का सिलसिला चला था, वहीं मंगलवार को सौरभ से उसकी डायरी में दर्ज आरटीओ अफसरों, बिल्डर और ज्वेलर्स के नाम, उनके आगे लिखी गई रकम, सौरभ, शरद और चेतन की शैल कंपनियों, तीनों के द्वारा किए गए बैंक ट्रांजेक्शन और बेनामी संपत्तियों में निवेश करने वाले फाइनेंसरों (मददगारों) के नाम पूछे गए। सौरभ ने कहा कि लोकायुक्त और ईडी को इन सवालों का जवाब पहले ही दे चुका हूं, लिहाजा इन जांच एजेंसियों से आयकर विभाग सीधी जानकारी ले सकता है।*

***पूछताछ के बाद पीने को मिली एक कप चाय*** *: सुबह 11.30 बजे भोजन के बाद सौरभ अपने सेल में चला गया था। आयकर की टीम के आने पर उसे स्पेशल सेल से बाहर निकालकर पूछताछ के लिए जेल में बने एक कमरे में लाया गया। दोपहर साढ़े 3 बजे सौरभ को पूछताछ से कुछ समय के लिए राहत मिली, तब उसे पीने के लिए एक कप चाय दी गई।*

## शुक्रवार से होगा बोहरा समाज का पहला रोजा, मुस्लिम समाज देखेगा चांद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


रमजान के पवित्र माह का आगाज होने जा रहा है। बोहरा समाज शुक्रवार से पहला रोजा रखेगा, जबकि मुस्लिम समाज इसी दिन चांद देखेगा। चांद के दीदार होने के बाद शनिवार एक मार्च से पहला रोजा रखा जाएगा। चांद नहीं दिखने पर रविवार से रमजान का आगाज होगा। रौयते हिलाल कमेटी के सदस्य चांद का ऐलान करेंगे। रमजान की शुरुआत के साथ ही मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखकर इबादत में मशगूल हो जाएंगे। मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज अदा की जाएगी। इस बार भी तजुर्मे वाली मस्जिद में पांच दिन में हाफिज अब्दुल अजीज कुरआन की तकमील कराएंगे। तरावीह के साथ कुरआन की तफ्सीर भी की जाएगी। इधर शहर की अधिकतर मस्जिदों में 21 और 27 दिन में कुरआन की तकमील की जाएगी। बंदे रोजा रखने के साथ नमाज, जिक्र और कुरआन की तिलावत में मशगूल रहेंगे।

#### तेरह घंटे 26 मिनट का होगा पहला रोजा

*शुक्रवार को चांद दिखने के साथ शनिवार को पहला रोजा रखा जाएगा। जिसमें सुबह 5.03 पर सेहरी खत्म होने के बाद शाम को 6.29 पर रोजा इफ्तार किया जाएगा। जिससे पहला रोजा तेरह घंटे 26 मिनट का रहेगा। इसके बाद सेहरी और इफ्तार के समय में बढ़ोतरी होगी।*

---

# देश-विदेश के लाखों सनातनी श्रद्धालु पहुंच रहे गंगा में डुबकी लगाने प्रयागराज





**महाकुंभ में घाटों पर नजर आई धार्मिक आस्था, स्नान करने वालों में दिखा उत्साह, जो अतुल्य दृश्य था**

**भोपाल।** महाशिवरात्रि के अवसर पर अंतिम शाही स्नान के साथ ही प्रयागराज महाकुंभ का भी बुधवार को समापन हो जाएगा। इस आखिरी शाही स्नान में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए। इसमें भोपाल सहित मप्र से भी बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंचे है, तो वहीं विगत दिनों भी लाखों की संख्या में राजधानी सहित प्रदेश के श्रद्धालु पुनीत पावन मां गंगा में स्नान कर आए हैं। ऐसी ही कुछ लोगों से हरिभूमि ने बातचीत कर उनके अनुभव जाने। श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्नान को अद्भुत बताते हुए। वहां के इंतजाम के बारे में बताया।

### कुंभ स्नान कर अविश्वसनीय खुशी और सुखद की अनुभूति हुई

पूर्वजों के संस्कार एवं परंपराओं का निर्वहन करने के बाद एक अविश्वसनीय अनुभव रहा महाकुंभ में स्नान करने का, इससे जो खुशी व अनुभूति हुई, वह शब्दों में वर्णन नहीं की जा सकती है। मैं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, हेमंत कटारे सहित अपने अन्य साथियों के साथ संगम घाट पर पहुंचा। जहां पर मां गंगा में पुण्य डुबकी लगाई। त्रिवेणी स्नान के बाद पूजा-अर्चना की। इस मौके पर देशवासियों, प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।



**सचिन यादव**
**विधायक व पूर्व कृषि मंत्री**

### मेरे परिवार की सनातन धर्म के प्रति आस्था व श्रद्धा और प्रबल हो गई

प्रयागराज महाकुंभ के इस पावन पर्व पर जब मैं प्रयागराज की पावन पुण्य धरा पर पहुंची। तो मुझे एक दिव्य आत्मिक अनुभूति हुई। मैंने वहां सभी वर्ग अमीर गरीब देश विदेश से आए सनातनियों को एक साथ इस पवित्र जल में आस्था की डुबकी लगाते हुए देखा। वहां किसी को व्यवस्था को लेकर कोई शिकायत नहीं थी और सभी व्यवस्था सुचारू रूप से हमें प्राप्त हुई। प्रशासन के द्वारा पीने का पानी जगह-जगह पर खाने की उचित व्यवस्था पाई गई। इतने सारे सनातनियों को एक साथ इकट्ठा होकर स्नान करना देखना एक अलौकिक व अतुल्य दृश्य था। इस दृश्य को देखकर मेरी व मेरे परिवार की सनातन धर्म के प्रति और आस्था और श्रद्धा प्रबल हुई। इतनी भारी संख्या में लोगों के इकट्ठा होने पर भी स्वच्छता का विशेष प्रबंध किया गया। किसी प्रकार की घाट पर कोई गंदगी नहीं पाई गई और जल भी स्वच्छ व साफ सुथरा था।



**रीता शर्मा, शाजापुर**

### अच्छे से स्नान किया और खूब आनंद लिया, कोई असुविधा नहीं हुई

महाकुंभ हमारे लिए एक कल्पना और अधूरी ख्वाहिश जैसी थी, जिसे हम पूरी करने की कोशिश में लगे थे। क्योंकि जाने का प्लान बार बार बनता था और कैंसिल हो जाता था। क्योंकि मां को साथ ले जाना था, तो सब चीजें सोच कर जाना चाहते थे। लेकिन भोले नाथ और गंगा मैया की कृपा से कल्पना सच में परिवर्तित हुई और हम पहुंच गए प्रयागराज। जितना हम डरते हुए गए थे। उससे कहीं ज्यादा सारी सुविधाओं के तहत हमने अच्छे से स्नान किया और खूब आनंद लिया। विश्राम की व्यवस्था भी बहुत अच्छे से मिली। पर्याप्त प्रसादी भोजन के साथ एक दिन वहां रुक कर दो दिन स्नान का आनंद लिया और गंगा मैया का आशीर्वाद लिया। जय हो गंगा मैया की।



**शिखा भरत, ग्वालियर**

## भोपाल के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेश का बनेगा रिकॉर्ड

# मध्यप्रदेश को सबसे बड़ी ताकत माइनिंग सेक्टर से मिलेगी, खनिज राजस्व में पांच गुना वृद्धि का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में निवेश के क्षेत्र में मप्र को माइनिंग के क्षेत्र में सबसे बड़ी ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा कि माइनिंग सेक्टर में निवेश की असीमित संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हीरे के साथ लाइम स्टोन, डोलोमाइट, सीमेंट, कॉपर, मैग्नीज और रॉक फास्फेट जैसे खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के माइनिंग सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि खनिज राजस्व में 5 गुना वृद्धि का लक्ष्य है। भोपाल के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेश का रिकॉर्ड बनेगा।



मप्र में व्यापार और रोजगार की असीम संभावनाएं

### समिट अभी तक का सबसे बेहतरीन आयोजन

सचिव, खान मंत्रालय बीएल कांताराव ने कहा कि माइनिंग के क्षेत्र में एक्सप्लोरेशन के लिए सरकार 100 प्रतिशत आर्थिक सहायता देगी। इसके साथ ही सरकार नई नीति के अंतर्गत एक्सप्लोरेशन कम्पनी को लागत का 50 प्रतिशत रिस्क कवर करेगी। केन्द्रीय सचिव कांताराव ने कहा कि ओवर डम्प और रिसाइकिलिंग के लिए विशेष प्रावधान किये जा रहे हैं।

### खनिज उत्पादन के लिए इतने एमओयू हुए

मप्र सरकार, एमपीएसएमसीएल और हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के बीच एमओयू हुआ। मप्र सरकार, एमपीएसएमसीएल और हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड एनएमईटी फंड का उपयोग कर मप्र में तांबा और रणनीतिक खनिजों की खोज के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इसमें एचसीएल प्रमुख होगा। अयस्क व्यवहार्यता की पुष्टि होने पर शुरूआती 5 साल की अवधि में सतत विकास के लिए 51:49 संयुक्त उद्यम का गठन किया जाएगा।

## किसी भी देश में रहें भारतीय, उनकी अलग पहचानः मुख्यमंत्री डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय नागरिक विश्व के किसी भी देश में बसते हों, भारतीय संस्कृति से अवश्य जुड़े रहते हैं। हमारे राष्ट्र की यही पहचान है। विश्व के अलग-अलग देशों में रहने वाले भारतीय वहां के समाज से भी समरसता स्थापित कर लेते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम कोर्टयार्ड मैरिट में ग्लोबल ब्रिलियन्स फोरम लंदन द्वारा आयोजित एनआरआई समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विभिन्न देशों के अप्रवासी भारतीयों से से भेंट के दौरान भोपाल और मध्यप्रदेश के विशिष्ट स्थानों के संबंध में चर्चा की और उनसे पुनः मध्यप्रदेश आने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अप्रवासी भारतीयों द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रतिभागी के रूप में आने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जेरार्ड्स क्रॉस टाऊन (बकिंघमशायर, इंग्लैंड) की महापौर सुश्री प्रेरणा भारद्वाज, आदित्य प्रताप सिंह (इंचार्ज ग्लोबल ब्रिलियन्स फोरम, यूके), जितेन्द्र वैद्य (यूएई), संजय नागरकर (प्रेसीडेंट इण्डिया कनेक्ट, हांगकांग) विनायक गिरगुने, जसपाल सिंह एवं दिवाकर शुक्ला ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा के अलावा सुश्री नेहा बग्गा, राहुल कोठारी आदि उपस्थित थे।

## आटा कंपनियां अपने विज्ञापनों में एमपी व्हीट का करती हैं जिक्र

# मध्यप्रदेश का 'बासमती राइस' अमेरिका और कनाडा में मचा रहा जबरदस्त धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश अनंत संभावनाओं का प्रदेश है। यह प्रदेश जल संपदा, वन संपदा और खनिज संपदा से भरपूर है। एमपी का बासमती राइस तो अमेरिका और कनाडा में धूम मचा रहा है और जितनी भी कंपनियां आटा बनाती हैं, वो अपने विज्ञापनों में कहती हैं कि एमपी व्हीट का जिक्र करती हैं। मप्र का शरबती गेहूं पूरे देश और दुनिया में धूम मचा रहा है। अब मध्यप्रदेश पिछड़ा और बीमारू राज्य नहीं है।

यह बात ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में शामिल हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। शिवराज ने कहा कि मैं इंवेस्टर समिट की सफलता के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव और पूरी टीम को बधाई देता हूं। निवेशकों से आग्रह करता हूं कि वो मध्यप्रदेश आएं, उन्हें सारी सुविधाएं यहां सरकार दे रही हैं और विशेषकर खेती के क्षेत्र में निवेश करें। भारत सरकार की तरफ से जो सहयोग संभव है। शिवराज ने कहा कि कल मेरे विभाग का एक कार्यक्रम बिहार में था इसीलिए समिट में शामिल नहीं हो पाया था। आज कृषि से संबंधित हार्टिकल्चर के सत्र में मैंने यहां भाग लिया। जैविक खेती मप्र में सर्वाधिक होती है। इसमें काफी संभावनाएं हैं। मिलेट्स के भी प्रोसेसिंग से लेकर बाकी चीजों के साथ निवेशक किसान का भी फायदा कर सकते हैं और खुद भी फायदा उठा सकते हैं।




### मैं केवल नाम मात्र का किसान नहींः चौहान

शिवराज ने कहा कि मैं भी एक किसान हूं और नाम मात्र का किसान नहीं हूं। मैं हर महीने अपने खेत में जाता हूं। मैं शिमला मिर्ची लगा रहा हूं, टमाटर भी लगे हैं और सब्जियां भी लगाई हैं। पॉली हाउस में फूल भी हैं, फूल में ऑर्किट भी हैं, मैं कई प्रयोग करने की कोशिश करता हूं और इसलिए किसानों की तकलीफ समझता हूं और उसे कैसे दूर किया जाए इसकी कोशिश भी करता हूं।

### मप्र में विकास की बहार

चौहान ने कहा कि कभी मप्र की पहचान टूटी सड़कों और अंधेरों के प्रदेश से होती थी, लेकिन आज आप देखेंगे चारों तरफ मध्यप्रदेश में विकास की बहार है। शानदार हाईवे देख लीजिए, कनेक्टिविटी देख लीजिए। कल-कल करती बहती हुई नदियां देख लीजिए। पानी की कमी नहीं है। बिजली हो, पानी हो और जमीन के बारे में तो कहा ही गया है कि 1 लाख हेक्टेयर का लैंड बैंक अगर किसी के पास है तो वो केवल मध्यप्रदेश है। मप्र निवेशकों की पसंदीदा डेस्टिनेशन बन चुका है और बड़ी तेजी से निवेश मध्यप्रदेश की धरती पर आ रहा है।

## सहकारिता में 2305 करोड़ के एमओयू, एनडीडीबी और सांची दुग्ध संघ में अनुबंध

# रिलायंस, वैद्यनाथ जैसी बड़ी कंपनियां सहकारिता में करेगी निवेशः सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में सहकारिता के क्षेत्र में निवेश करने के लिए उद्योगपतियों ने खासी रुचि दिखाई है। मंगलवार को जीआईएस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग की उपस्थिति में 2305 करोड़ रुपए के 19 एमओयू साइन हुए हैं।

इसके साथ ही नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड और मध्यप्रदेश स्टेट डेयरी को-आपरेटिव फेडरेशन के बीच भी प्रदेश में संचालित 6 सांची दुगध संघों के संचालन को लेकर अनुबंध हुआ है। मध्यप्रदेश में सीपीपीपी-कोऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर काम होगा। सारंग ने बताया कि समिट में पहली बार सहकारिता क्षेत्र का विशेष सत्र किया गया है। सहकारिता विभाग में निवेश विंग की स्थापना की जाएगी। रिलायंस, वैद्यनाथ जैसी बड़ी कंपनियां सहकारिता क्षेत्र में निवेश करेंगी।



### नहीं बदलेगा सांची का ब्रांड नेम

*सांची दुग्ध संघ के एमडी सतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एनडीडीबी न तो दुग्ध संघों को अपने आधिपत्य में लेगा और न ही ब्रांड सांची के नाम में बदलाव करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ भारत सरकार की पशुपालन एवं डेयरी सचिव अल्का उपाध्याय व राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड आनंद (गुजरात) के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक मीनेश शाह ने बैठक की थी। बैठक में दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण को लेकर चर्चा हुई थी। अब पांच महीने बाद ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में इसका एमओयू साइन हुआ।*

## मील का पत्थर साबित होगी जीआईएसः दवे

**भोपाल।** राजधानी में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट अत्यधिक सफल आयोजन रहा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश को उद्योगों में अग्रणी प्रदेश बनाने के लिए भोपाल का यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा।



देश-विदेश के बड़े उद्योगपतियों द्वारा तीस हजार करोड़ के निवेश का आश्वासन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की और गृहमंत्री अमित शाह समेत दस केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति ने प्रदेश के विकास को गति देने का काम किया है। महेंद्र दवे ने बताया कि प्रदेश में उद्योगों के विकास से न केवल आर्थिक परिदृश्य में परिवर्तन आएगा, वरन बच्चों का पुणे, मुंबई, बैंगलुरु और विदेश में पलायन भी रुक जाएगा। नई नीतियां लागू होने के बाद नौकरी के बजाय उद्योगपति बनने का लक्ष्य रखेंगे।

## जीआईएस से स्थानीय उद्यमों को प्रमुख निवेशकों के साथ सहयोग का अवसर मिलाः मीक

# 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' में कमाल का भोपाल अभियान ने छोड़ी अमिट छाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आयोजित दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2025 मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें 'कमाल का भोपाल' अभियान ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और निवेशकों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित इस कार्यक्रम ने मध्य प्रदेश को वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया। 'कमाल का भोपाल' अभियान की विशेषता में भोपाल की विकास यात्रा, इसके रणनीतिक स्थान, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, और लॉजिस्टिक्स, स्मार्ट उद्योगों, और पर्यटन स्थल शुमार रहे। क्रेडाई भोपाल ने राज्य सरकार के साथ साझेदारी में इस अभियान में प्रमुख विकास परियोजनाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे स्थानीय व्यवसायों को प्रमुख निवेशकों के साथ सहयोग के अवसर मिले।

◆ इस कार्यक्रम ने मध्य प्रदेश को वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया




### सामूहिक विचारों ने भोपाल के भविष्य के सतत विकास को किया रेखांकित

क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष और 'कमाल का भोपाल' अभियान के प्रणेता मनोज मीक ने मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्रियों, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ शहरी विकास पर सत्रों में मंच साझा किया। उनके सामूहिक विचारों ने भोपाल के भविष्य के लिए सतत विकास और रणनीतिक योजना की महत्ता को रेखांकित किया। मीक ने बताया कि समिट में प्रौद्योगिकी कंपनियों ने कुल 25,640 करोड़ के निवेश का वादा किया, जिससे क्षेत्र में लगभग 1.83 लाख नौकरियों के सृजन की संभावना है। इससे औद्योगिक क्षेत्रों के विस्तार, शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार, और व्यापार सुगमता बढ़ाने पर चर्चा की गई ताकि और अधिक निवेश आकर्षित किया जा सके।

### सीएम ने कहा, हम इंदौर को दिल्ली, मुंबई जैसा बनाएंगे

उसी मंच से भोपाल को वैश्विक पहचान दिलाने 'कमाल का भोपाल' अभियान चला रहे क्रेडाई के अध्यक्ष मनोज मीक ने अनुरोध किया कि हमारा इंदौर क्षेत्र सदियों से समृद्ध है, मालवा को पग-पग रोटी डग-डग नीर की धरती कहा जाता है लेकिन आज भी फक्र-ए-मालवा भोपाल है. हम राज्य के साझा शहर राजधानी भोपाल को प्रगतिशील राजधानियों की श्रेणी में खड़ा करना चाहते हैं. इसकी विशिष्टताओं में क्षमता कि यह श्रेष्ठता प्राप्त करे. हम त्रासदी से उबर रही अपनी जीवट राजधानी को उसका पूरा हक मिलने तक अभियान जारी रखेंगे.

## आष्टा में हुआ सामूहिक विवाह कार्यक्रम, सामाजिक समरसता का आदर्श

# बेटे भाग्य से और बेटियां सौभाग्य से मिलती हैंः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम यादव ने कहा है कि हमारे लिए यह सुखद अहसास है कि बुधवार आष्टा की पावन धरा पर मुख्यमंत्री कन्या विवाहा और निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक साथ 990 बेटियां दुल्हन बनी हैं। इनमें 792 जोड़े हिंदू और 198 जोड़े मुस्लिम रीति-रिवाज से परिणय सूत्र में बंधे हैं।

शादी के बंधन में बंधने वाले 2 जोड़े कल्याणी विवाह योजना एवं 2 जोड़े निशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना के थे। सीएम आष्टा सीहोर में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री निवास, भोपाल से वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने को आष्टा में हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई एवं विवाहित दंपतियों को शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में वर्चुअली हुए शामिल

*सामूहिक विवाह में 792 जोड़े हिंदू और 198 जोड़े मुस्लिम रीति-रिवाज से परिणय सूत्र में बंधे*

महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण



### गृहस्थ जीवन के लिए दंपतियों को सुखमय जीवन की मंगलकामनाएं दीं

*प्रदेश में सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। राज्य सरकार सभी पात्र हितग्राहियों को लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में विवाह जन्म -जन्मान्तर तक चलने वाला पवित्र बंधन है। उन्होंने सामूहिक विवाह कार्यक्रम के माध्यम से गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने वाले सभी दंपतियों को सुखमय जीवन की मंगलकामनाएं दीं। आष्टा में हुए कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, रचना मेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष सीहोर,दीक्षा गुणवान जनपद पंचायत अध्यक्ष आष्टा तथा अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्य सरकार भी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ प्रदेश को समृद्ध बनाने के लिए नीतियों का क्रियान्वयन कर रही है।

प्रदेश में योजना के अंतर्गत 19 हजार से अधिक कन्याओं के विवाह संपन्न कराए गए, जिस पर लगभग 115 करोड़ रुपए का व्यय किया गया। प्रदेश में गरीब, बुजुर्ग, कल्याणी एवं दिव्यांगजनों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। सामाजिक पेंशन योजना के अंतर्गत प्रति माह 337 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार सबका साथ सबका विकास के कांसेप्ट पर काम कर रही है।

## वीडी ने जताया ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन पर आभार


# ग्लोबल इन्वेटर्स समिट मध्यप्रदेश औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम अध्याय बनेगीः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं देशी-विदेशी निवेशकों का आभार जताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि यह समिट मध्यप्रदेश औद्योगिक यात्रा का स्वर्णिम अध्याय बनेगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट विकसित मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार मध्यप्रदेश को विकसित मध्यप्रदेश से स्वर्णिम और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के विकास के लिए भागीरथ प्रयास कर रहे हैं। 30 लाख 77 हजार करोड़ से अधिक के जो निवेश प्रस्ताव आए हैं, वह सब धरातल पर कार्य रूप में परिणित होंगे और मध्यप्रदेश हर क्षेत्र में तेज गति से तरक्की करेगा।

### कांग्रेस के कार्यकाल में अंग्रेजों के जमाने के उद्योगों ने भी दम तोड़ दिए थे



### पीएम पर निवेशकों का अटूट विश्वास

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और उनके कार्यों से भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देशी-विदेशी उद्योगपतियों का अटूट विश्वास है। इसी अटूट

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकास में नित नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। आजादी के बाद वर्षों तक मप्र में शासन करने वाली कांग्रेस के कार्यकाल में अंग्रेजों के जमाने में स्थापित उद्योग भी दम तोड़ दिए थे। 2003 में मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद उद्योगों को प्रोत्साहित किया और आज मध्यप्रदेश में देशी और विदेशी निवेशक लाखों करोड़ का निवेश कर रहे हैं। संभागों में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 30 लाख 77 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिनमें 21 लाख 40 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

## सीएम, दोनों डिप्टी सीएम, वीडी और विजयवर्गीय रहे मौजूद

# केंद्रीय मंत्री शाह ने मंत्री कैलाश को फोन कर स्टेट हैंगर पर बुलाया, मीटिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में शामिल हुए। इस समापन समारोह में अमित शाह, सीएम डॉ. मोहन यादव, दोनों डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल, जगदीश देवड़ा मौजूद थे। लेकिन जैसे ही जीआईएस का समापन हुआ उसके बाद अमित शाह ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बारे में पूछा। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने उन्हें बताया कि विजयवर्गीय समिट में नहीं हैं। इसके बाद विजयवर्गीय को फोन करके स्टेट हैंगर बुलाया गया। जानकारी के मुताबिक विजयवर्गीय को जब अमित शाह के बुलावे का कॉल गया उस वक्त वे इंदौर के लिए रवाना हो गए थे। वे भोपाल से काफी आगे निकल गए थे। लेकिन, शाह की ओर से पहुंचे कॉल के बाद वे वापस लौटे और स्टेट हैंगर पर अमित शाह की विदाई करने पहुंचे।



### शॉर्ट मीटिंग में क्या चर्चा हुई इसका खुलासा नहीं

सूत्र बताते हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्टेट हैंगर के लाउंज में शॉर्ट मीटिंग की। इस मीटिंग में सीएम डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, जगदीश देवड़ा और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मौजूद थे। हालांकि इस बैठक में शाह की नेताओं के बीच क्या चर्चा हुई ये साफ नहीं हैं। लेकिन, शाह की इस शॉर्ट मीटिंग को एमपी की सत्ता में चलते आपसी मनमुटाव को रोकने की कवायद से जोड़कर देखा जा रहा है।

### यह नेता और अफसर रहे मौजूद

शाह को भोपाल से कोयंबटूर रवाना करने स्टेट हैंगर पर विदाई देने सीएम डॉ. मोहन यादव, दोनों डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला, कैलाश विजयवर्गीय, विश्वास सारंग, प्रदेश प्रभारी डॉ महेन्द्र सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, डीजीपी कैलाश मकवाना, पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह मौजूद थे।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि का 38वां दीक्षांत समारोह 5 मार्च को

**भोपाल।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का 38 वाँ दीक्षांत समारोह 05 मार्च 2025 को प्रातः 1100 बजे से आयोजित किया जायेगा। समरोह में उन विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी जिन्होंने विश्विद्यालय के दिसम्बर 23 एवं जून 24 की सत्रांत परीक्षा में विश्विद्यालय द्वारा संचालित डिप्लोमा, पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा, स्नातक एवं परास्नातकस्तर के कार्यक्रमों की परीक्षा उत्तीर्ण की है। कार्यक्रम का मुख्य समारोह इग्नू मुख्यालय में आयोजित किया जायेगा तथा साथ ही साथ क्षेत्रीय केन्द्र स्तर पर देष के 39 क्षेत्रीय केन्द्रों पर भी दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जायेगा।

# जब्त किया अतिक्रमण का सामान बेच रहा था नगर निगम कर्मचारी

ठेला दुकानदार ने की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


सेकेंड स्टॉप के पास स्ट्रीट फूड का ठेला लगाने वाले गोविंद सिंह जाट नगर निगम के अतिक्रमण स्टोर प्रभारी पर स्टोर में जब्त सामान का बेचने की शिकायत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से की है। उन्होंने मंगलवार को जनसुनवाई में दिए आवेदन में शिकायत की है कि अन्ना नगर स्थित नगर निगम के स्टोर पर कार्यरत कर्मचारी लोगों के जब्ती के सामान को बेच रहा है। मंगलवार को कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में 48 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

दो महीने पहले रात में ठेले को बिजली घर के सामने खड़ा कर दिया था, लेकिन पता नहीं कब ठेला ले गए। जब वे अपना ठेला ढूंढते हुए अन्ना नगर स्थित नगर निगम के स्टोर पहुंचे तो वहां उनका ठेला उन्हें मिल गया। इस पर स्टोर में काम करने वाले फैजान अनवर ने उन्हें जुर्माने की रसीद कटवाने और ठेला ले जाने की बात कही।

### कलेक्टोरेट की जनसुनवाई में 48 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई

### निजी जमीन पर खनन कर रहा सरपंच

हुजूर तहसील की ग्राम पंचायत पिपलिया धाकड़ में रहने वाली महिला किसान सौरम वर्मा की आधा एकड़ जमीन पर जून 2023 और अप्रैल 2024 में सरपंच ने एक ही जगह पर दो बार खनन कराया है। जिसके चलते जमीन में 25 फीट का गहरा गड्ढा बन गया है। इस गड्ढे में पानी भरने से उनकी सोयाबीन की फसल गल गई। जब सरपंच से शिकायत की गई तो सरपंच ने उल्टे उनको ही धमकाना शुरू कर दिया।




## महाशिवरात्रि से पहले महाकुंभ में उमड़ा जन सैलाब

# 64 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया पुण्य स्नान

## मेला प्रबंधन का स्वास्थ्य व सुरक्षा पर विशेष ध्यान

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाकुंभ अपने चरम पर पहुंच चुका है। 144 साल बाद बने इस अद्भुत संयोग का साक्षी बनने के लिए करोड़ों श्रद्धालु संगम तट पर उमड़ पड़े हैं। चहुंओर केवल श्रद्धालुओं का रेला दिखाई दे रहा है। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ महाकुंभनगर

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाकुंभ अपने चरम पर पहुंच चुका है। 144 साल बाद बने इस अद्भुत संयोग का साक्षी बनने के लिए करोड़ों श्रद्धालु संगम तट पर उमड़ पड़े हैं। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में रोज सवा करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगाकर शांति और मोक्ष की कामना कर रहे हैं। 10 दिन से लगातार चढ़ रहे आस्था के इस महाज्वार को देखते हुए स्वास्थ्य और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। महाकुंभ में अब तक 64 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान के सहभागी बन चुके हैं। इसे देखते हुए महाशिवरात्रि पर यह आंकड़ा 66 करोड़ के पार हो जाने की संभावना है। सनातन धर्मावलंबी दुनिया में आज तक कहीं दूसरी जगह एक साथ ऐसे नहीं देखे गए। गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा सात बार दो करोड़ के पार जा चुका है। 10 दिन से रोजाना सवा करोड़ श्रद्धालु स्नान कर रहे हैं।

### स्नान मार्ग तय किए

- दक्षिणी झूसी से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार ऐरावत घाट पर स्नान कर सकेंगे।
- उत्तरी झूसी से आने वाले श्रद्धालु संगम हरिश्चंद्र घाट और संगम ओल्ड जीटी घाट पर स्नान करेंगे।
- परेड से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार भारद्वाज घाट, संगम द्वार नागवासुकि घाट, संगम द्वार मोरी घाट, संगम द्वार कालीघाट, संगम द्वार रामघाट, संगम द्वार हनुमान घाट पर स्नान करेंगे।
- अरैल से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार अरैल घाट पर स्नान करेंगे।
- दूध, सब्जी, दवाइयां, पेट्रोल/डीजल, एम्बुलेंस जैसी आवश्यक सामग्रियों की गाड़ियों और सरकारी कर्मचारियों (डॉक्टर, पुलिस, प्रशासन) के वाहनों पर कोई रोक-टोक नहीं होगी।

### महाकुंभ ने उत्तर प्रदेश के नए पंच तीर्थ को जोड़ाः सीएम योगी

*लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में कहा कि महाकुंभ ने प्रयागराज, अयोध्या, काशी, मथुरा, गोरखपुर को नए पंच तीर्थ के रूप में जोड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अब नए युग की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में सभी को अपनी दृष्टि के अनुरूप चीजें देखने मिली है। योगी ने कहा कि महाकुंभ दुनिया में अब तक हुए सभी आयोजनों के रिकॉर्ड तोड़ रहा है।*

## महाशिवरात्रि पर प्रयागराज में नो-व्हीकल जोन प्लान लागू

प्रयागराज की पावन धरती पर चल रहे महाकुंभ 2025 का समापन अब बेहद करीब है। भक्ति, आस्था और श्रद्धा के इस महासंगम को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए मेला पुलिस प्रबंधन ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व में भीड़ प्रबंधन को लेकर आज मंगलवार से मेला क्षेत्र और प्रयागराज में नो-व्हीकल जोन लागू कर दिया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को स्नान और दर्शन का अवसर निर्बाध रूप से मिल सके। 25 फरवरी को अपराह्न 4:00 बजे से नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है, जबकि प्रयागराज कमिश्नरेट को सायंकाल 6:00 बजे से नो-व्हीकल जोन बनाया जाएगा।

### हर-हर महादेव, हर-हर गंगे... नूपुर शर्मा ने लगाई डुबकी

आस्था के सबसे बड़े समागम प्रयागराज महाकुंभ में देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं का आगमन जारी है। भाजपा की पूर्व नेता नूपुर शर्मा मंगलवार को प्रयागराज पहुंची और उन्होंने संगम में स्नान किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हर-हर महादेव, हर-हर गंगे।

## खबर संक्षेप

### केरल में गुइलेन बैरे सिंड्रोम से शख्स की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में गुइलेन बैरे सिंड्रोम से पीड़ित एक 58 वर्षीय शख्स की सोमवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान जॉय इयपे के रूप में हुई हो जो कोच्चि के कवाना का रहने वाला था। जॉय को इलाज के लिए कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था।




### होस्टल में 10वीं की छात्रा ने बच्चे को दिया जन्म

**मलकानगिरी।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में एक सरकारी आवासीय स्कूल के छात्रावास में 10वीं कक्षा की एक छात्रा के एक बच्चे को जन्म देने के बाद जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने बताया, सोमवार को बोर्ड परीक्षा देने के बाद छात्रावास लौटने पर बच्ची को जन्म दिया।



### मंत्रालय की 7वीं मंजिल से लगा दी छलांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र से एक चौंकाने वाली खबर है। यहां एक शख्स ने मंत्रालय (मुंबई में महाराष्ट्र सरकार का प्रशासनिक मुख्यालय) की 7वीं मंजिल से छलांग लगा दी है। गनीमत ये रही कि शख्स की जान बच गई क्योंकि बीच में सुरक्षा जाली लगी हुई थी। ये शख्स जमीन के मामले में धोखा होने से न्याय मांगने के लिए आया था।



### मिड-डे मील खाने से 84 बच्चे हो गए बीमार

**लखीसराय।** यहां मिड-डे मील खाने से 84 बच्चे बीमार हो गए। सभी बच्चों को आनन-फानन सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज के उपरांत सभी बच्चों को घर वापस भेज दिया गया है। घटना सोमवार को पिपरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुड़वरिया में घटित हुई है।



### शिकायत करने पहुंची नाबालिग से रेप, अरेस्ट

**बेंगलुरु।** जब रक्षक ही भक्षक बन जाए, तो जनता को न्याय कहां से मिलेगा? ये सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज कराने पहुंची एक नाबालिग लड़की के साथ रेप की घटना हुई है और रेप के आरोप में एक पुलिस कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आयुक्त ने इसकी पुष्टि की है।



## कैग रिपोर्ट : शराब बिक्री का कमीशन 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किया गया


# 2000 करोड़ का घाटा, लाइसेंस देने में की गई भारी अनियमितता, एक को दिए दर्जनों लाइसेंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- सीएम रेखा ने दिल्ली विधानसभा में पेश की कैग रिपोर्ट, हंगामा
- मंगलवार को 14 कैग रिपोर्ट में से पहली रिपोर्ट रखी

दिल्ली विधानसभा सत्र का मंगलवार को दूसरा दिन था। सबसे पहले उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के साथ ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई। इसके बाद दिल्ली सरकार ने कैग रिपोर्ट को पेश किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन में शराब नीति से जुड़ी कैग रिपोर्ट को विधानसभा में रखा।

14 कैग रिपोर्ट में से मंगलवार को पहली कैग रिपोर्ट रखी गई है। नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को करीब 2000 हजार करोड़ का घाटा लगा। नई शराब नीति में पहले के एक व्यक्ति को एक लाइसेंस मिलता था। लेकिन नई नीति में एक शख्स को दो दर्जन से ज्यादा लाइसेंस ले सकता था। पहले दिल्ली में 60 फीसदी शराब की बिक्री 4 सरकारी कॉर्पोरेशन से होती थी। लेकिन नई शराब नीति में कोई भी निजी कंपनी रिटेल लाइसेंस ले सकती है। शराब बिक्री का कमीशन 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किया गया। कैग रिपोर्ट में बताया गया है कि थोक का लाइसेंस शराब वितरक और शराब निर्माता कंपनियों को भी दे दिया गया, जो कि उल्लंघन था। लाइसेंस देने से पहले आर्थिक या आपराधिक कोई जांच नहीं की गई।



### कैग रिपोर्ट पेश करने में लापरवाही कीः स्पीकर

*दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कैग रिपोर्ट को लेकर कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट ने कैग रिपोर्ट को लेकर बेहद गंभीर टिप्पणी की थी। कैग रिपोर्ट को पेश करने में लापरवाही बरती गई थी। कैग रिपोर्ट को पिछली सरकार ने जानबूझ कर रोके रखा था। उपराज्यपाल के पास समय रहते रिपोर्ट को नहीं भेजा गया था। आज एक रिपोर्ट पेश की गई है। रिपोर्ट कई हैं। मैं चाहता हूं कि हर विभाग की कैग रिपोर्ट को पेश किया जाए।*

### नई शराब नीति में आप सरकार ने किया कई नियमों का उल्लंघन

*लिकर जाइन के लिए 100 करोड़ के निवेश की जरूरत होती थी। लेकिन नई पॉलिसी में इसे खत्म कर दिया गया। शराब लाइसेंस देने में राजनीतिक दखल और भाई-भतीजावाद हुआ। विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को तत्कालीन उपमुख्यमंत्री और आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज किया था। रिपोर्ट में 941.53 करोड़ के राजस्व के नुकसान का दावा है। गैर अनुरूप नगरपालिका वार्ड में शराब की दुकानें खोलने के लिए समय पर अनुमति नहीं ली गई। लाइसेंस शुल्क के रूप में लगभग 890.15 करोड़ का नुकसान हुआ। लाइसेंसधारियों को अनियमित अनुदान छूट के कारण 144 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ।*

### 28 फीसदी से ज्यादा भ्रष्टाचार ठेकेदारों ने कियाः आतिशी



पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष की नेता आतिशी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस रिपोर्ट ने हमारी बात को पुख्ता किया है। शराब की कितनी बिक्री हो रही थी, इसमें भ्रष्टाचार था। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि 28 प्रतिशत से ज़्यादा भ्रष्टाचार ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा था और पैसा दलालों की जेब में जा रहा था। शराब की कालाबाजारी हो रही थी, और सबको पता था कि शराब के ठेके किस पार्टी के लोगों के पास हैं। शराब के ठेकेदारों ने लागत मूल्य की गलत गणना करके मुनाफ़ा कमाया।

## 9 मार्च तक वेबसाइट पर सुझाव भेजें

# नए शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार होगी दसवीं बोर्ड की परीक्षा




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इस साल अप्रैल से शुरू हो रहे नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 से देश में दो बार दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इसके लिए मंगलवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने प्रारूप (ड्राफ्ट) जारी करते हुए सभी हितधारकों से 9 मार्च 2025 तक अपने सुझाव और प्रतिक्रियाएं देने के लिए कहा है। जिसके बाद इससे संबंधित नीति को अंतिम रूप दिया जा सकेगा। सीबीएसई द्वारा जारी किए गए एक सार्वजनिक नोटिस से यह जानकारी मिली है। जिसके मुताबिक, केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) जारी की थी। उसमें यह सिफारिश की गई थी कि छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं में अपना प्रदर्शन सुधारने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### दसवीं के अनुभव से होगा आगे का फैसला

*सीबीएसई के सूत्रों ने कहा कि वर्तमान में दो बार आयोजित की जा रही आईआईटी-जेईई की प्रवेश परीक्षा की तर्ज पर ही अब साल में दो बार दसवीं बोर्ड की परीक्षा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इससे छात्रों को अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका मिलेगा। 12वीं की बोर्ड परीक्षा का साल में दो बार आयोजन करने का निर्णय 10वीं के आदार पर किया जाएगा।*

### परीक्षाओं के बीच का अंतर घटेगा

बोर्ड साल में दो बार दसवीं की परीक्षाएं आयोजित करने को लेकर परीक्षाओं के बीच पड़ने वाले समय को कम करने पर विचार कर रहा है। अभी देश में बोर्ड की परीक्षाएं करीब महीने भर तक चलती हैं। लेकिन हो सकता है कि आने वाले दिनों में इस समय अवधि को घटाकर करीब दो सप्ताह का किया जा सकता है। इसके अलावा छात्र को एक बार परीक्षा देने पर अगर कुछ विषयों में ही सुधार की आवश्यकता हुई तो वो उन्हीं की परीक्षा दे सकता है। लेकिन अगर कोई छात्र सभी विषयों में अपना प्रदर्शन सुधारने दोबारा से पूरी परीक्षा देने के इच्छुक है तो उसे भी पूरी परीक्षा देने का मौका मिलेगा।

## सीजेआई ने ढांडा की अर्जी ठुकराई

# बांग्लादेश पड़ोसी देश है, हम अर्जी पर दखल नहीं दे सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने लुधियाना स्थित भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समिति के अध्यक्ष और इस्कॉन मंदिर संचालन बोर्ड के उपाध्यक्ष राजेश ढांडा द्वारा दायर उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों पर लक्षित हिंसा से हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की गई थी। सीजेआई और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने विदेशी मामलों और पड़ोसी देश के आंतरिक घटनाक्रमों के मुद्दों में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

### याचिका खारिज कर दी



सीजेआई ने दो टूक कहा कि यह विदेश का मामला है और यह अदालत दूसरे देश के मामलों पर टिप्पणी नहीं कर सकती है। यह बहुत अजीब होगा अगर यह अदालत दूसरे देश के मामले में हस्तक्षेप करेगी। हम कैसे इस मामले में दखल दे दें, वह हमारा पड़ोसी देश है। इसके बाद वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने जनहित याचिका वापस ले ली, फिर पीठ ने याचिका खारिज कर दी।

## वाणिज्य मंत्री गोयल और ब्रिटेन के राज्य मंत्री जोनाथन की सेल्फी पोस्ट की

## कांग्रेस से बढ़ी तल्खियों के बीच यह भी खूब

# मोदी के मंत्री संग थरूर ने ली सेल्फी एफटीए वार्ता को स्वागत योग्य बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यापार राज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ एक सेल्फी पोस्ट की और कहा कि लंबे समय से रुकी हुई भारत-ब्रिटेन एफटीए वार्ता का पुनरोद्धार स्वागत योग्य है।

सोमवार को एक कार्यक्रम में अपनी मुलाकात के बारे में उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- जोनाथन के साथ गोयल की मौजूदगी में बातचीत करके अच्छा लगा। थरूर ने एक्स पर कहा कि लंबे समय से रुकी हुई एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो बहुत स्वागत योग्य है।

### थरूर की पोस्ट से सियासी हलचल बढ़ी



थरूर की पोस्ट ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, क्योंकि यह एक अखबार में उनके हाल के लेख को लेकर विवाद के बीच आया है, जिसमें केरल के कुछ कांग्रेस नेताओं ने राज्य में निवेश के माहौल को बढ़ावा देने के लिए वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार की कथित प्रशंसा के लिए आलोचना की थी। एलडीएफ सरकार के तहत केरल में उद्यमशीलता के विकास की प्रशंसा करते हुए एक अंग्रेजी भाषा के दैनिक में थरूर के लेख ने एक सप्ताह पहले राज्य में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था, जिसमें कांग्रेस ने सवाल उठाए थे, जबकि सीपीआई (एम) ने स्वागत किया था।

## डबल इंजन की स्पीड से असम को मिला डबल एडवांटेज

# भाजपा सरकार में यहां की इकोनॉमी दोगुनी हो गई

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को असम की राजधानी गुवाहाटी के खानापाड़ा में दो दिन के एडवांटेज असम 2.0 निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन किया।

पीएम मोदी ने कहा कि जब से भाजपा सरकार आई है तब से असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य दोगुना होकर 6 लाख करोड़ रहो गया है। यह डबल इंजन सरकार और डबल इंजन की स्पीड का असर है। पूर्वी भारत और नॉर्थ-ईस्ट की पवित्र धरती पर आज नए भविष्य की शुरुआत हो रही है। ये एडवांटेज पूरी दुनिया को असम की प्रगति से जोड़ने का महाअभियान है।

गुवाहाटी में बोले पीएम मोदी



### भारत अपनी स्थानीय सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा

*पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत अपनी स्थानीय सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा है। आज भारत, दुनिया के अलग-अलग इलाकों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है। ईस्ट एशिया के साथ हमारी कनेक्टिविटी लगातार मजबूत हो रही है। भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा भी अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है।*

### भारत लंबे विजन पर काम कर रहा

*पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत आने वाले 25 सालों की 21वीं सदी के दीर्घकालिक विजन को ध्यान में रखते हुए एक के बाद एक कदम उठा रहा है। बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। आज दुनिया को भारत की युवा आबादी पर भरोसा है जो बहुत तेजी से स्किल्ड हो रही है। आज दुनिया को भारत के 140 करोड़ लोगों पर भरोसा है जो राजनीतिक स्थिरता और नीतिगत निरंतरता का समर्थन करते हैं। आज दुनिया को भारत की गवर्नेंस पर भरोसा है, जो लगातार सुधार कर रही है।*

### 6 साल में अर्थव्यवस्था में आया उछाल

*पीएम मोदी ने कहा कि आज असम का योगदान तेजी से बढ़ रहा है। 2018 में एडवांटेज असम का पहला संस्करण लॉन्च किया गया था। भाजपा सरकार के शासन में असम की अर्थव्यवस्था 6 साल में दोगुनी हो गई है। यह डबल इंजन वाली सरकार का दोहरा असर दिखाता है। पहले रेल बजट के लिए औसतन 2,100 करोड़ मिले थे, लेकिन 10,000 करोड़ तक कर दिया।*

## नगरकुरनूल सुरंग हादसा

# चौथे दिन श्रमिकों से 40 मीटर दूर रहे हाथ, जीएसआई विशेषज्ञ बुलाए गए

एजेंसी ▶▶ नगरकुरनूल

तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले में शनिवार को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा ढहने के बाद से वहां फंसे आठ श्रमिकों के बचने की संभावनाएं लगातार कम होती दिख रही है।

लगातार बढ़ रहे जलस्तर और कीचड़ के चलते बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। लोगों को बचाने आगे का रास्ता सुझाने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के विशेषज्ञों की मदद ली है। एक अधिकारी ने बताया कि जीएसआई और एनजीआरआई के विशेषज्ञों को बचाव प्रयासों में शामिल किया गया है। जिलाधिकारी बी. संतोष ने कहा कि आगे कोई भी कदम उठाने से पहले सुरंग की स्थिरता को ध्यान में रखा गया है।



युवाओं के लिए बड़ा अवसर

# केंद्र सरकार ने की डेटा-विजुअलाइजेशन हैकथॉन की घोषणा, सरकारी आंकड़ों का उपयोग करके इनोवेटिव विचार प्रस्तुत करना होगा, पहला स्थान पाने वाले को मिलेंगे 2 लाख रुपए

25 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक चलेगा

दूसरे स्थान पर आने वाले को मिलेंगे एक लाख रुपए

20 हजार रुपए के 25 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने युवाओं को डेटा के माध्यम से नवाचार और नीति निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 'इनोवेट विद जीओआईस्टेट्स' नामक डेटा-विजुअलाइज़ेशन हैकथॉन की घोषणा की है। इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा माईगॉव प्लेटफॉर्म के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक चलेगा और इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध छात्र भाग ले सकते हैं। इस हैकथॉन का उद्देश्य युवाओं को सरकारी आंकड़ों का उपयोग करके इनोवेटिव विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना है।

इस हैकथॉन का उद्देश्य युवाओं को सरकारी आंकड़ों का उपयोग करके इनोवेटिव विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना है। इसकी थीम 'विकसित भारत के लिए डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि' रखी गई है यानी सरकारी डेटा का उपयोग करके देश की प्रगति में योगदान देना है



### सरकारी आंकड़ों का करना होगा विश्लेषण

प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों को सरकारी आंकड़ों (डेटा) का विश्लेषण कर उसे विजुअल (ग्राफिक्स, चार्ट, रिपोर्ट आदि) के रूप में प्रस्तुत करना होगा। इस डेटा में रोजगार (पीएलएफएस), घरेलू उपभोक्ता व्यय (एचसीईएस), उद्योगों की रिपोर्ट (एएसआई), महंगाई और कीमतों के आंकड़े (सीपीआई) और देश की आर्थिक स्थिति (जीडीपी) जैसी जानकारियां शामिल हैं।

### 30 विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

इस प्रतियोगिता में 30 विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। पहले स्थान पाने वाले को ₹2 लाख, दूसरे स्थान पर आने वाले दो विजेताओं को 1 लाख और तीसरे स्थान पर आने वाले दो विजेताओं को 50,000 रुपए मिलेंगे। इसके अलावा, 25 सांत्वना पुरस्कार के रूप में 20,000 रुपए दिए जाएंगे। इस हैकथॉन में भाग लेने से युवाओं को सरकारी डेटा के साथ काम करने का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा जिससे वे नीति निर्माण में योगदान दे सकेंगे और अपने विश्लेषणात्मक कौशल को निखारने का अवसर प्राप्त करेंगे।

### पोर्टल पर करें पंजीयन



अगर आप इस रोमांचक अवसर का हिस्सा बनना चाहते हैं तो **https://innovateindia.mygov.in/goistats** पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यह प्रतियोगिता डिजिटल इंडिया और डेटा-ड्रिवन नीति निर्माण को बढ़ावा देने की सरकार की एक नई पहल है। यदि आपको डेटा और विश्लेषण में रुचि है तो यह आपके लिए सुनहरा मौका है।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान की जेल से रिहा हुए 22 मछुआरे



**अहमदाबाद।** पाकिस्तान की कराची जेल से रिहा हुए 22 भारतीय मछुआरे मंगलवार को गुजरात के गिर सोमनाथ पहुंचे और अपने देश लौटने पर सभी ने खुशी जताई। 22 मछुआरों को पाकिस्तान की नौसैनिक सुरक्षा एजेंसी ने अप्रैल 2021 और दिसंबर 2022 के बीच गुजरात के पास अरब सागर में समुद्री सीमा के पास मछली पकड़ते समय पकड़ा था। कुछ दिन पहले मछुआरों को वाघा सीमा पर भारतीय अधिकारियों को सौंपे गया था।

### चीन में एआई रोबोट ने भीड़ पर किया हमला



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि एक एआई रोबोट ने इंसानों पर हमला कर दिया। यह मामला चीन का है। एक इवेंट के दौरान ह्यूमनॉइड रोबोट भीड़ की तरफ बढ़ता है और लोगों पर घूंसे चलाने लगता है। इसके बाद रोबोट को तुरंत ही कुछ लोगों ने पकड़ लिया और उसे लोगों से दूर ले गए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। बताया गया कि रोबोट के सॉफ्टवेयर में कुछ गड़बड़ियां आ गई थी।

### यूट्यूबर तन्मय का ट्विटर अकाउंट हैक

**मुंबई।** तन्मय भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम के



जरिए जानकारी दी कि उनका ट्विटर अकाउंट हैक हो गया है। ऐसे में उनके ट्विटर अकाउंट पर कोई मैसेज नजर आए, जिस पर उनकी तरफ से कुछ लिखा गया हो? तो उसे सच ना माना जाए। उस बात को अवॉयड किया जाए। तन्मय भट्ट ने अपने फैंस को यह भी बताया है कि वह कोशिश कर रहे हैं कि ट्विटर अकाउंट का एक्सेस उनके पास जल्द आ जाए। इसके लिए वह कोशिश कर रहे हैं, जरूरी बातों को फॉलो कर रहे हैं।

यूनुस सरकार को लगा बड़ा झटका

## नाहिद ने कैबिनेट से दिया इस्तीफा, लॉन्च करेंगे पार्टी



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में छात्र आंदोलन की अगुआई कर रहे स्टूडेंट लीडर नाहिद इस्लाम ने मोदम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार से इस्तीफा दे दिया है। वे सूचना व प्रसारण मंत्रालय और पोस्ट, टेलिकम्युनिकेशन और आईटी मंत्रालय में सलाहकार थे। उन्होंने मंगलवार को मोदम्मद यूनुस को अपना इस्तीफा दिया। ऐसी चर्चा है कि नाहिद इस्लाम बांग्लादेश में छात्र नेताओं के साथ मिलकर अब एक नई राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगे। नाहिद इस्लाम इस पार्टी के संयोजक बन सकते हैं। बता दें, बांग्लादेश में पिछले साल आरक्षण की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन हिंसक होता चला गया, जिसके बाद शेख हसीना को पीएम पद से इस्तीफा देना पड़ा था। अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी थी। तब से नाहिद इस्लाम सरकार में सलाहकार थे। नाहिद यूनुस सरकार के कामकाज से नाराज बताए जा रहे हैं।

### जल्द हो सकते हैं चुनाव

कैबिनेट से नाहिद इस्लाम का इस्तीफा और आंदोलनकारी छात्रों द्वारा नई पार्टी के गठन से इस बात की संभावना को बल मिला है कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में जल्द ही चुनाव हो सकते हैं और लोकतंत्र की बहाली हो सकती है। नए कदम से शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन करने वाले छात्र नेताओं ने यूनुस सरकार पर इसका दबाव बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि,मोहम्मद यूनुस कह चुके हैं कि 2025 के अंत तक चुनाव हो सकते हैं। यूनुस एक अनिर्वाचित और अलोकप्रिय नेता हैं। उन्हें जनसमर्थन हासिल नहीं है। अंतरिम सरकार का मुखिया बनने के बाद से ही उनके कार्यकाल में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर हमले भी बढ़े हैं। उन्होंने इस्लामवादियों को खुली छूट दे रखी है। इस वजह से उनकी चौतरफा आलोचना भी हो रही है।

### संयोजक की जिम्मेदारी संभालेंगे

उम्मीद है कि नाहिद इस्लाम आगामी शुक्रवार को लॉन्च होने जा रही नई राजनीतिक पार्टी के संयोजक की जिम्मेदारी संभालेंगे। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन और राष्ट्रीय नागरिक समिति की पहल पर यह नई राजनीतिक पार्टी शुरू होने जा रही है। पार्टी गठन की चर्चा कई दिनों से चल रही थी। रविवार को इस्लाम ने मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की थी। तभी से अटकलें लगाई जा रही थीं कि उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला कर लिया है। जब वे यूनुस के आवास पर बैठक के लिए पहुंचे तो उनकी कार पर सरकारी झंडा लगा था, लेकिन बैठक के बाद जब वे निकले तो झंडा गायब था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईसीजी के 32 जवानों को वीरता और सेवा पदक से किया सम्मानित

# तटरक्षक बल को मजबूत करने के लिए केंद्र ने 9676 करोड़ दिए, पहले से 26.5% अधिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के जवानों को 32 वीरता, विशिष्ट सेवा और सराहनीय सेवा पदक प्रदान किए। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 18वें आईसीजी अलंकरण समारोह के दौरान 2022, 2023 और 2024 में जवानों के उनके शौर्य और समर्पण के लिए प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों में 6 राष्ट्रपति तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा के लिए), 11 तटरक्षक पदक (वीरता के लिए) और 15 तटरक्षक पदक (सराहनीय सेवा के लिए) शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने सभी सम्मानित जवानों को बधाई देते हुए कहा कि ये पदक सिर्फ एक सम्मान नहीं बल्कि उनकी बहादुरी, धैर्य और देश की सुरक्षा के प्रति उनकी निःस्वार्थ प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। उन्होंने आईसीजी की तटीय सुरक्षा, प्रशासनिक दक्षता, नशीली दवाओं की जब्ती, बचाव अभियानों और अंतरराष्ट्रीय अभ्यासों में भूमिका की सराहना की।

राजनाथ सिंह ने बताया कि भारत की समुद्री सीमाएं काफी बड़ी हैं जिससे कई तरह की सुरक्षा चुनौतियां सामने आती हैं। जहां भारतीय सशस्त्र बल युद्ध जैसी स्थितियों से निपटते हैं वहीं आईसीजी का मुख्य कार्य समुद्री डकैती, आतंकवाद, घुसपैठ, तस्करी और अवैध मछली पकड़ने जैसी चुनौतियों से लड़ना है। उन्होंने आईसीजी को दुनिया की सबसे सक्षम और विश्वसनीय समुद्री सुरक्षा बलों में से एक बताया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, आईसीजी महानिदेशक परमेश शिवमणि और रक्षा मंत्रालय एवं आईसीजी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

169 लोगों की जान बचाने का किया सराहनीय प्रयास

### आईसीजी दुनिया के सबसे विश्वसनीय व सक्षम समुद्री सुरक्षा बलों में से एक

### समुद्री डकैती, आतंकवाद, घुसपैठ, तस्करी जैसी चुनौतियों से लड़ रहे



### डिजिटल चुनौतियों के प्रति रहें सतर्क

रक्षा मंत्री ने आधुनिक सुरक्षा खतरों पर भी ध्यान आकर्षित किया और आईसीजी के जवानों को साइबर हमले, डेटा चोरी, सिग्नल जैमिंग, रडार बाधा और जीपीएस स्पूफिंग जैसी डिजिटल चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने आईसीजी के डिजिटलीकरण और "डिजिटल कोस्ट गार्ड प्रोजेक्ट" की सराहना की जो तटरक्षक बल की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार आईसीजी को पूरी तरह से समर्थन देती रहेगी ताकि वह हर तरह के खतरों का प्रभावी रूप से सामना कर सके।

### कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं

*राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले एक साल में आईसीजी ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस दौरान 14 संदिग्ध नावों और 115 समुद्री डाकुओं को पकड़ा गया 37,000 करोड़ रुपए मूल्य की ड्रग्स जब्त की गईं और 169 लोगों की जान बचाई गई। इसके अलावा, आईसीजी ने 29 गंभीर रूप से घायल लोगों को मेडिकल सहायता भी प्रदान की। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये केवल आंकड़े नहीं हैं बल्कि आईसीजी के साहस और समर्पण की सच्ची कहानी है।*

### आधुनिकीकरण और नई तकनीकों पर दे रहे ध्यान

भारतीय तटरक्षक बल को और मजबूत करने के लिए सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 9,676.70 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है जोकि पिछले बजट से 26.5% अधिक है। इस फंड का उपयोग आईसीजी के आधुनिकीकरण और नई तकनीकों की खरीद के लिए किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने घोषणा की कि आईसीजी के लिए 14 तेज गश्ती पोत, 6 एयर कुशन वाहन, 22 इंटरसेप्टर बोट, 6 नेक्स्ट जनरेशन ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स और 18 नेक्स्ट जनरेशन फास्ट पेट्रोल वेसल्स खरीदे जाएंगे।

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी का आग्रह

## भारत को आत्मनिर्भर बनाने निजी उद्योग रक्षा निर्माण में आएं, बजट 1 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगर भारत को आत्मनिर्भर बनना है, तो निजी उद्योग को रक्षा विनिर्माण में आगे आना होगा। भारतीय नौसेना



प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने यह बात कही है। उन्होंने इसे रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में सुधार के लिए महत्वपूर्ण बताया है। नौसेना प्रमुख ने यह बात मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने निजी क्षेत्र से जुड़े उद्योगों से आगे आकर देश को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देने के लिए कहा। कहा कि रक्षा मंत्रालय ने उनके आधुनिकीकरण बजट का 75 प्रतिशत रक्षा उद्योग के लिए निर्धारित किया है और यह लगभग 1 लाख करोड़ रुपए है।

### सेमीकंडक्टर नीति नई ऊर्जा देगी

*एडमिरल त्रिपाठी के मुताबिक अब सेमीकंडक्टर नीति से सकारात्मक उम्मीदें हैं। यह नीति अर्थव्यवस्था के लिए नई ऊर्जा की तरह काम करेगी। नई नीति में कई छोटी परियोजनाओं को 1.5 करोड़ रुपए तक का अनुदान देने का प्रावधान है। वहीं अदिति योजना में बेहतर काम करने वाली प्रौद्योगिकियों के लिए 25 करोड़ रुपए तक का वित्तपोषण का प्रावधान है।*

### आधुनिकीकरण के लिए एक लाख करोड़

*नौसेना प्रमुख ने कहा कि इसमें भी निजी रक्षा उद्योग के लिए 25 प्रतिशत बजट निर्धारित किया गया है। वर्ष 2018 में इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस की स्थापना की गई थी जिसके बाद से इस योजना के तहत 400 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस वर्ष, 'इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस' योजना के लिए 450 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।*

1984 सिख विरोधी दंगा मामला

## कोर्ट ने सज्जन को उम्रकैद की सजा सुनाई, 12 फरवरी को माना था दोषी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



साल 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। यह मामला 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में दो सिख नागरिक जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह को जिंदा जलाने का है। इस दौरान सिखों का नरसंहार हुआ था और उनके घरों को आग के हवाले कर दिया गया था। अदालत ने गत 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था। इस मामले को लेकर शुरुआत में पंजाबी बाग थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में जस्टिस जीपी माथुर कमेटी की सिफारिश पर गठित विशेष जांच दल ने आरोप पत्र दाखिल किया। समिति ने 114 मामलों को फिर से खोलने की सिफारिश की थी, जिनमें यह मामला भी शामिल था।

4 दिवसीय फ्रांस दौरे पर भारतीय सेना प्रमुख

## भविष्य की लड़ाकू कमान के बारे में ली जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी 24 से 27 फरवरी तक आधिकारिक फ्रांस दौरे पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और फ्रांस के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना है। यात्रा के दौरान उन्होंने फ्रांस की थर्ड डिवीजन सैन्य अभ्यास 'शक्ति', 'स्कॉर्पियन' आधुनिकीकरण और 'भविष्य की लड़ाकू कमान' कार्यक्रम की जानकारी ली। उन्होंने पेरिस में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और जनरल शिल के साथ सैन्य सहयोग पर चर्चा की।



### शहीद भारतीय सैनिकों को देंगे श्रद्धांजलि

आज जनरल द्विवेदी 'न्यू चैपल भारतीय युद्ध स्मारक' पर जाएंगे जहां वह प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद, वह फ्रांस की जॉइंट स्टाफ कॉलेज 'युद्ध स्कूल' में एक व्याख्यान देंगे।

रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे, यूएन में वोटिंग

## पहली बार रूस संग खड़ा हुआ यूएस,भारत की मतदान से दूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस के साथ चल रहे युद्ध की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों द्वारा संयुक्त राष्ट्र में लाए गए एक हालिया प्रस्ताव पर हुए मतदान ने दुनिया में सभी को पूरी तरह से हैरान कर दिया। रूस के यूक्रेन पर किए गए आक्रमण की निंदा करने, वहां से तुरंत अपनी सेनाओं की वापसी के साथ शत्रुता समाप्त करने और युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान करने के ऐलान से जुड़े इस प्रस्ताव के विरोध में अमेरिका ने रूस का समर्थन करते हुए उसके पक्ष में मतदान किया। जबकि भारत ने हमेशा की तरह से अपने



चिरपरिचित अंदाज में मतदान से दूरी बनाई। प्रस्ताव के पक्ष में 93 (जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन) और विरोध में 18 वोट पड़े। जबकि भारत, चीन, ब्राजील समेत 65 देशों ने मतदान से दूरी बनाई। प्रस्ताव के विरोध में अमेरिका, रूस के अलावा इजराइल और हंगरी जैसे देशों ने मतदान किया। वर्ष 1945 में हुए यूएन के गठन के बाद यह पहला मौका रहा जब अमेरिका ने रूस के खिलाफ लाए गए किसी प्रस्ताव पर मतदान में उसका साथ दिया।

एफ-35 और सु-57 विमान की बिक्री पेशकर के नफे-नुकसान पर बोले रक्षा विशेषज्ञ

## 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान मिलने तक बेहतर विकल्प साबित होगा 'राफेल'

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की सीमाओं से बढ़ते साझा सीमाई सुरक्षा खतरे के बीच भारतीय वायुसेना के जंगी बेड़े में



तेजी से घटती लड़ाकू विमानों की संख्या से सरकार और बल के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ना लाजमी है। भारत में पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान विकसित करने की एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) परियोजना कछुए की रफ्तार से आगे बढ़ रही है। रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की विमान उत्पादन क्षमता पर खुद वायुसेनाप्रमुख ही सवालिया निशान लगा चुके हैं। इन सबके बीच देश सैन्य-सामरिक गलियारों में इन दिनों सबसे ज्यादा चर्चा अमेरिका के एफ-35 और रूस के सु-57 जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की बिक्री के मुद्दे पर केंद्रित हो गई है। रक्षा विशेषज्ञों ने हरिभूमि से बातचीत में इन दोनों लड़ाकू विमानों से इतर भारत के लिए तत्काल अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को बेहतर विकल्प बताया है। साथ ही अमेरिकी और रूसी विमान की खरीद से जुड़े फायदे और नुकसान का व्यापक आकलन भी किया।

### पांचवीं पीढ़ी के विमान का इकोसिस्टम नहीं: डॉ. राव

मनोहर परिकर रक्षा अध्ययन तथा विश्लेषण संस्थान (एमपी-इडसा) में फेलो डॉ. स्वस्ति राव ने कहा कि भारत के पास अभी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान का कोई इकोसिस्टम नहीं है। जबकि वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की सख्त कमी हो गई है। जिसकी पूर्ति के लिए हमें फिलहाल विमानों का आयात ही करना पड़ेगा। मौजूदा समय में हमें अमेरिका से स्टेल्थ एफ-35 लड़ाकू विमान देने की पेशकश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की है। जबकि रूस सु-57 देने का इच्छुक है। मेरे हिसाब से इन दोनों में से कोई सा विमान भारत के लिए खरीदना ठीक नहीं रहेगा। अगर तत्काल खरीद करनी ही है तो फ्रांस का साढ़े चार जनरेशन का स्टेल्थ राफेल लड़ाकू विमान सबसे बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। क्योंकि हमारे पास पहले से राफेल की दो स्क्वाड्रन हैं।

### आत्मनिर्भरता पर देना होगा ध्यान: पांडे

वायुसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी एयर मार्शल बीके पांडे ने कहा कि अभी हमारे पास ज्यादातर सैन्य प्लेटफार्म रूस के हैं। जो ढांचा देश में विकसित हुआ है, वो रूस के सहयोग से बना है। ऐसे में अचानक अपना मार्ग बदलकर अमेरिका से एफ-35 की खरीद की तरफ जाना हानिकारक साबित होगा। मेरी नजर में रक्षा क्षेत्र में हमें स्वदेशी उपकरणों के विकास के तहत एएमसीए परियोजना पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वायुसेना को कम समय में अपनी जरूरत पूरी करने के लिए राफेल की खरीद बेहतर विकल्प हो सकती है। जबकि लंबी अवधि में स्वदेशी विमान उत्पादन, रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर जोर होना चाहिए।

### एएमसीए की रफ्तार बढ़ाना जरूरी: अहलावत

वायुसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी ग्रुप कैप्टन अजय अहलावत ने कहा कि मैं एफ-35 और सु-57 दोनों के पक्ष में नहीं हूं। मेरे हिसाब से हमें घरेलू स्तर पर एएमसीए और तेजस मार्क2 परियोजना के विकास की गति बढ़ाने की जरूरत है। आयात की स्थिति में राफेल विकल्प मात्र बन सकता है। अमेरिकी एफ-35 एक महंगा विमान है। अमेरिका के कंधे पर सवार होकर भारत अपनी रणनीति नहीं बना सकता। रूसी विमान के कुछ उपकरणों के लिए चीन पर निर्भर रहना बड़ा खतरा साबित होगा।

# भारत से हार के बाद पाक टीम में भूचाल, कोच की होगी छुट्टी, सेलेक्टर्स भी नहीं बचेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पाकिस्तान की शर्मनाक विदाई के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा। भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार हार के बाद अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद और उनके सपोर्ट स्टाफ को हटाने की संभावना जताई जा रही। आकिब जावेद को 2024 के अंत में अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद व्हाइट और रेड बॉल दोनों फॉर्मेट की जिम्मेदारी संभाली थी। हालांकि, उनके कार्यकाल में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और रणनीतिक स्पष्टता की कमी नजर आई।

### चयन समिति पर भी गिरेगी गाज

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस पर मंथन कर रहे हैं कि क्या वर्तमान सेलेक्टर्स को बरकरार रखा जाए। टीम सेलेक्शन में मनमानी और लंबी सोच की कमी के लिए चयनकर्ताओं की आलोचना हो रही है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा,'बोर्ड को जबरदस्त आलोचना का सामना करना पड़ रहा और बदलाव अब अनिवार्य हो गए हैं। हमें स्थायी और दीर्घकालिक योजना की जरूरत है, न कि बार-बार परिवर्तन करने की।

### बड़े मैचों में खरी नहीं उतरी टीम

बाबर आज़म, शाहीन अफरीदी और मोहम्मद रिज़वान जैसे सितारों से सजी पाकिस्तान टीम बड़े मैचों में उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। भारत के खिलाफ 6 विकेट की हार टीम के लिए बड़ा झटका थी। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रन की हार ने उनके अभियान को पूरी तरह खत्म कर दिया।



### पूर्व क्रिकेटरों ने भी की जमकर आलोचना

पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम, शोएब अख्तर, वकार यूनुस ने टीम की रणनीति और प्रदर्शन की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान टीम दबाव वाले मैचों में ढीली मानसिकता और गलत शॉट चयन के कारण पिछड़ रही। 'पाकिस्तान क्रिकेट खराब निर्णय लेने के चक्र में फंसा हुआ है। कोचिंग सेटअप को पूरी तरह बदलने की जरूरत है। हम अस्थायी समाधान के साथ आगे नहीं बढ़ सकते।'

### आकिब की जगह इनके नाम चल रहे आगे

आकिब जावेद की विदाई लगभग तय मानी जा रही और पीसीबी घरेलू कोच की ओर रुख कर सकता। विदेशी कोच को बनाए रखने में बोर्ड को हाल के सालों में दिक्कतें आई हैं, इसलिए इस बार स्थानीय उम्मीदवारों पर जोर दिया जा सकता। संभावित उम्मीदवारों में मिस्बाह-उल-हक, मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक का नाम सामने आ रहा है। पीसीबी भारतीय और इंग्लैंड की तर्ज पर टेस्ट और सीमित ओवरों के लिए अलग-अलग कोच रखने पर भी विचार कर रहा है।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : ब्रायडन कार्स बचे हुए टूर्नामेंट से हुए बाहर, रेहान अहमद को मिला मौका

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम को अपने अगले मैच में 26 फरवरी को अफगानिस्तान क्रिकेट टीम से भिड़ना है।इस अहम मैच से पहले इंग्लिश टीम के लिए बुरी खबर है। दरअसल, इंग्लिश तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे।

**रेहान अहमद को मिला मौका**

क्रिकइंफो के मुताबिक, कार्स बाएं पैर की चोट के कारण सोमवार को इंग्लैंड के ट्रेनिंग सत्र में शामिल नहीं हो पाए थे। दिलचस्प रूप से वह इसी चोट के कारण



भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी 2 मैचों के लिए भी उपलब्ध नहीं थे। उनकी जगह पर रेहान अहमद को टीम में शामिल किया गया है। बता दें कि इंग्लैंड को अपने आखिरी ग्रुप मैच में 1 मार्च को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ना है ।

**इंग्लैंड को अपने पहले मैच में मिली थी शिकस्त**

इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पहले मैच में हार मिली थी। लाहौर में हुए मैच में इंग्लिश टीम ने बेन डकेट के बड़े शतक की मदद से 351/8 का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में कंगारू टीम ने जोस इंग्लिस के शतक की बदौलत 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया।

### खबर संक्षेप



### युकी-पोपिरिन ने दुनिया की नंबर एक जोड़ी को हराया

**दुबई।** भारत के युकी भांबरी और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सी पोपिरिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल के राउंड 16 मैच में मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविक की दुनिया की नंबर एक जोड़ी को हरा दिया। पहला सेट हारने के बाद भांबरी और पोपिरिन ने शानदार वापसी करते हुए एल साल्वाडोर और क्रोएशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी को 4-6, 7-6(1), 10-3 से हराया।

### रणजी ट्रॉफी : विदर्भ का केरल पर पलड़ा भारी

**नागपुर।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों के शानदार फॉर्म और घरेलू परिस्थितियों के कारण पूर्व चैंपियन विदर्भ की टीम केरल के खिलाफ



बुधवार से नागपुर में शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। अक्षय वाडकर की अगुवाई वाली विदर्भ की टीम ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अब तक अपने नौ मैचों में से आठ में जीत हासिल की है और एक ड्रा खेला है। केरल की टीम ने क्वार्टर फाइनल में जम्मू कश्मीर को उसने केवल एक रन से हराया जबकि सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी में दो रन की मामूली बढ़त के आधार पर वह फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

### पाक के लिए भारत की 'बी' टीम को हराना मुश्किल होगाः गावस्कर

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने के एक दिन बाद भी पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की



तीखी आलोचना हो रही है और महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि उनको दूसरी श्रेणी की भारतीय टीम को हराने में भी संघर्ष करना पड़ेगा। 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल तक पहुंचने वाले भारत ने रविवार को दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी में गत चैंपियन पाकिस्तान को छह विकेट से हराते हुए अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा कायम रखा। गावस्कर ने कहा, ''मुझे लगता है कि भारत की 'बी' टीम भी निश्चित रूप से पाकिस्तान को कड़ी टक्कर दे सकती है।

मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दोपहर 2:30 बजे से होगा शुरू

# अपने पहले मैच हार चुकी अफगानिस्तान और इंग्लैंड के बीच आज होगी कशमकश जंग

एजेंसी ▶▶| लाहौर

इस समय खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 8वें मैच में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम का सामना इंग्लैंड क्रिकेट टीम से 26 फरवरी को लाहौर में होगा। ग्रुप-बी में मौजूद इन दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार मिली थी। ऐसे में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिहाज से दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला अहम रहने वाला है। इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच होने वाला यह मैच 26 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

### इंग्लैंड ने अफगानिस्तान के खिलाफ जीते हैं 2 वनडे

वनडे प्रारूप में अब तक दोनों टीमें कुल 3 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 2 में इंग्लैंड को जीत मिली और 1 मैच को अफगानिस्तान ने अपने नाम किया था। आखिरी बार ये दोनों टीमें वनडे विश्व कप 2023 में आपस में भिड़ी थी, उस मैच को अफगानिस्तान ने 69 रन से जीता था। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वो विश्व कप का मुकाबला खेला गया था।



**अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी इंग्लिश टीम**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स चोट के कारण बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इंग्लैंड के गेंदबाज पिछले मैच में 352 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके थे। इंग्लिश टीम अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन चाहेगी।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

डकेट ने अपने पिछले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 143 गेंदों पर 165 रन बनाए थे। उन्होंने अपनी इस शतकीय पारी में 17 चौके और 3 छक्के लगाए थे। रूट ने भी पिछले मैच में अर्धशतक लगाकर अच्छी फॉर्म के संकेत दिए हैं। अफगानिस्तान के मध्यक्रम के बल्लेबाज रहमत शाह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 9 चौकों और 1 छक्के की मदद से 90 रन की पारी खेली थी।

### संभावित टीमें

**अफगानिस्तान एकादशः** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अजमतुल्लाह उमरजई, गुलबदीन नायब, मोहम्मद नबी, राशिद खान, फजलहक फारूकी और नूर अहमद।

**इंग्लैंड एकादशः** फिलिप साल्ट, बेन डकेट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), जो रूट, हैरी बूक, जोस बटलर (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जोफ्रा आर्चर, रेहान अहमद, आदिल राशिद और मार्क वुड।

दोनों टीमों की बढ़ीं मुश्किलें

## बारिश की भेंट चढ़ा दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया मैच



एजेंसी ▶▶| लाहौर

चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच रावलपिंडी में लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। अंपायर भारतीय समयनुसार 5 बजकर 40 मिनट पर बाहर आए और लगभग पांच मिनट तक ग्राउंडस्टाफ से बात की और उन्होंने फिर इसके बाद मैच रद्द कर दिया। दोनों टीमों को अब एक-एक अंक से संतोष करना पड़ेगा।

**दोनों ही टीमों की मुश्किलें बढ़ीं**

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका का यह मुकाबला रद्द होने से दोनों ही टीमों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ऑस्ट्रेलिया का अंतिम ग्रुप मैच शुक्रवार 28 फरवरी को लाहौर में अफ़ग़ानिस्तान के खिलाफ़ है। वहीं दक्षिण अफ्रीका शनिवार को कराची में इंग्लैंड से खेलेगा। अब ये मैच तय करेंगे कि ग्रुप बी से कौन सेमीफ़ाइनल में पहुंचेगा। फैंस इन मुकाबलों का इंतजार बेसब्री के साथ कर रहे हैं।

### अफगानिस्तान और इंग्लैंड मैच पर भी खतरा

अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ अपने शुरुआती मैच हार गईं। अफगानिस्तान और इंग्लैंड मुकाबले पर भी सकंट के बाद हैं। अफगानिस्तान और इंग्लैंड के बीच मैच न होने की मांग की जा रही है। कुछ लोगों का कहना है कि इंग्लैंड को अफ़ग़ानिस्तान में तालिबान की कार्रवाइयों के जवाब में मैच का बहिष्कार करना चाहिए। लगातार हो रही बारिश और गीले मैदान के चलते इस मैच में टॉस भी संभव नहीं हो पाया।

बयान

## मैंने विराट से बेहतर वनडे प्लेयर नहीं देखा : पोंटिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने वनडे क्रिकेट में विराट कोहली से बेहतर कोई खिलाड़ी नहीं देखा है और उम्मीद जताई कि यह स्टार बल्लेबाज वनडे में सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक रन के रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल रहेगा। पोंटिंग ने कहा कि वह रनों के मामले में मुझसे आगे निकल गए हैं और अब केवल दो बल्लेबाज ही उनसे आगे हैं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में याद किए जाने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देंगे।

### रनों के पोंटिंग से आगे निकले विराट

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैंने 50 ओवर के प्रारूप में विराट कोहली से बेहतर खिलाड़ी देखा है। अब जबकि वह (सर्वाधिक रन बनाने के मामले में) मुझसे आगे निकल गए हैं और अब केवल दो बल्लेबाज ही उनसे आगे हैं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में याद किए जाने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देंगे।

### पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमले का खतरा

*दुबई। पाकिस्तान में इस समय खेली जा रही चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मैचों के दौरान आतंकी हमला होने का खतरा मंडराना शुरू हो गया है। खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट्स के अनुसार, आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों के दौरान पाकिस्तान में आतंकी हमला करने की योजना बना रहा है। विदेशियों को अगवा करने की भी योजना सामने आई है। हालांकि, अभी तक आतंकी हमले का कोई विश्वसनीय स्रोत या पुख्ता साजिश सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत की खुफिया एजेंसियों को भी अपने विदेशी समकक्षों से इस संबंध में जानकारी मिली है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने तो हमले की सूचना के बाद अलर्ट जारी कर दिया है। बता दें कि इस्लामिक स्टेट खुरासन प्रांत सलाफी जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट की एक क्षेत्रीय शाखा है जो दक्षिण-मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है। इस संगठन ने पहले भी कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है।*

## अगर कप्तानी का मौका मिला तो केकेआर की अगुआई करने तैयारः वेंकटेश अय्यर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का कहना है कि अगर उन्हें आईपीएल 2025 में मौका मिला तो वह कोलकाता नाइट राइडर्स की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। वेंकटेश को हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में किसी भी स्तर पर कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है।

गत चैंपियन केकेआर ने अभी तक अपने कप्तान की घोषणा नहीं की है। टीम इस सत्र के शुरुआती मैच में ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से भिड़ेगी। केकेआर ने पिछले सत्र मे श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था लेकिन उन्हें बड़ी नीलामी में पंजाब किंग्स ने खरीद लिया और बाद में अपना कप्तान बना दिया।



### अब तक सभी मैच केकेआर के लिए खेले

बता दें कि वर्ष 2021 में केकेआर में शामिल हुए वेंकटेश को पिछले साल की नीलामी से पहले टीम ने छोड़ दिया था लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ नीलामी में कड़ी टक्कर के बाद 23.75 करोड़ रुपये में वापस खरीद लिया गया। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 51 आईपीएल मैच में 1,326 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने सभी आईपीएल मैच नाइट राइडर्स के लिए खेले हैं।

### कप्तानी सिर्फ एक ठप्पा है : अय्यर

वेंकटेश ने कहा, ''निश्चित रूप से, मैं तैयार हूं। मैंने हमेशा यह कहा है कि कप्तानी सिर्फ एक ठप्पा है। मैं नेतृत्व में विश्वास करता हूं। एक नेतृत्वकर्ता होने के नाते यह एक बड़ी भूमिका है।'' उन्होंने कहा, ''इस बारे में कोई अस्पष्टता नहीं है। अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं निश्चित रूप से इसे करूंगा। ऐसा नहीं करने का कोई कारण नहीं है।'' वेंकटेश ने कहा कि कप्तान को अच्छा आदर्श बनकर उदाहरण स्थापित करने की जरूरत है।

## प्राग मास्टर्स जीतने के प्रबल दावेदार प्रज्ञानानंदा

एजेंसी ▶▶| प्राग (चेक गणराज्य)

टाटा स्टील मास्टर्स में रोमांचक जीत के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा बुधवार से यहां शुरू होने वाले प्राग मास्टर्स में जीत के प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत करेंगे। टाटा स्टील मास्टर्स में पहला स्थान प्राप्त करने के लिए प्रज्ञानानंदा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को कड़ी टक्कर दी थी और अब वह इस टूर्नामेंट में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेंगे। वहीं चैलेंजर्स वर्ग में भी भारतीय चुनौती होगी जिसमें दिव्या देशमुख कुछ



मजबूत ग्रैंडमास्टर्स के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी। दोनों वर्गों का पहला दौर बुधवार को शुरू होगा। ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने पिछले साल लगातार अपने प्रदर्शन और रेटिंग में सुधार की बदौलत शीर्ष शतरंज में पदार्पण किया है।

### मैथ्यू मोट दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कोच मैथ्यू मोट को मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के



लिए फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स का सहायक कोच नियुक्त किया गया। 51 वर्षीय मोट भारत के पूर्व क्रिकेटर हेमंग बदानी के सहायक होंगे जिन्हें पिछले साल अक्टूबर में मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। मोट क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव और गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल के साथ दिल्ली कैपिटल्स के सहयोगी स्टाफ में शामिल होंगे।

24 फरवरी 2010 में क्रिकेट के इतिहास में लिखा गया था एक नया अध्याय

## सचिन को दोहरे शतक का 15 साल बाद मिला इनाम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

साल 2010 में 24 फरवरी के दिन भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा गया था। सचिन तेंदुलकर ने वनडे क्रिकेट में पहला दोहरा शतक जड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया था। आज 15 साल बाद भी यह ऐतिहासिक पारी क्रिकेट प्रेमियों के दिलों में ताजा बनी हुई है। इस खास मौके पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने सचिन के लिए एक सरप्राइज प्लान किया और इंडियन मास्टर्स टीम के साथ मुंबई में इस उपलब्धि का जश्न मनाया।



### सचिन से मिली विनम्रता सीखने : युवराज

युवराज सिंह ने इस अवसर पर सचिन की विनम्रता की तारीफ करते हुए कहा, "पहले वनडे दोहरा शतक लगाने वाले इंसान। उनके लिए यह मैदान पर एक और दिन जैसा था, लेकिन हमने उनसे हमेशा विनम्रता सीखने को मिला। वह हमेशा पहले मौजूद रहते हैं।

### सचिन तेंदुलकर को मिला खास तोहफा

इस समय इंटरनेशनल मास्टर्स लीग खेली जा रही है, जिसमें भारतीय दिग्गज खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं। इसी दौरान सोमवार (24 फरवरी) को सचिन तेंदुलकर द्वारा 15 साल पहले बनाए गए ऐतिहासिक दोहरे शतक को सेलिब्रेट किया गया। इस मौके पर सचिन ने केक काटा और मजाकिया अंदाज में कहा, मैं नॉट आउट था, इसलिए अभी भी पैड पहनकर तैयार हूं।

### सचिन तेंदुलकर ने रचा था इतिहास

साल 2010 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ग्वालियर में खेले गए वनडे मुकाबले में सचिन तेंदुलकर ने नाबाद 200 रन बनाकर इतिहास रच दिया था। वह वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी थे। बाद में वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा, मार्टिन गुप्टिल, क्रिस गेल, फखर जमान और ईशान किशन ने भी वनडे में दोहरे शतक जड़े, लेकिन क्रिकेट इतिहास में पहला दोहरा शतक लगाने का गौरव हमेशा सचिन तेंदुलकर के नाम रहेगा।

### इंडिया मास्टर्स की श्रीलंका मास्टर्स पर शानदार जीत

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत मास्टर्स टीम ने कुमार संगकारा की श्रीलंका मास्टर्स टीम को रोमांचक मुकाबले में 4 रनों से हराया। यह मैच डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में खेला गया, जहां सचिन की टीम ने आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखते हुए जीत दर्ज की।

# संवेदनशील पत्रकार समाज में ला सकता है सकारात्मक बदलाव

**माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि में लगी अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मास्टर क्लास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मास्टर क्लास लगी।

माखनपुरम बिशनखेडी परिसर के खचाखच भरे गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में उन्होंने अपने फिल्मी संघर्ष और सफर के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान वे एक बार भावुक भी हुए। द एक्सपर्ट शॉट्स



## टैलेंट को पहचानें और उसे उजागर करें

एमसीयू एवं मध्यप्रदेश टूरिज्म के द्वारा आयोजित मास्टर क्लास में प्रसिद्ध वॉयस ओवर आर्टिस्ट विजय विक्रम सिंह ने पंकज त्रिपाठी से कई रोचक सवाल किए। पंकज त्रिपाठी ने पत्रकारिता के विद्यार्थियों से कहा कि जब वे इस क्षेत्र में कदम रखें तो टैलेंटेड लोगों पर जरूर लिखें और उनकी कहानियों को सामने लाएं। उन्होंने कहा कि टैलेंट को पहचानें और उसे उजागर करें।

### मेरी यात्रा प्रभावित कर सकती है मेरी गाड़ियां नहीं

टॉक शो के दौरान पंकज त्रिपाठी भावुक भी नजर आए। उन्होंने एक पुरानी पत्रिका का जिक्र करते हुए कहा कि अब वह दुनिया में नहीं है, लेकिन उसने समाज पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उन्होंने कहा कि मेरी यात्रा आपको प्रभावित कर सकती है लेकिन मेरी गाड़ियां नहीं।

विषय पर आयोजित मास्टर क्लास में विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला विशेष रुप से उपस्थित थे। संचालन निदेशक प्रोडक्शन डॉ. आशीष जोशी द्वारा किया गया।



# सामाजिक और राजनीतिक हालात पर कटाक्षक करता नाटक 'एक था गधा उर्फ अलादाद खां' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नटराज वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी संस्था द्वारा मंचित नाटक एक था गधा उर्फ़ अलादाद खां एक प्रसिद्ध व्यंग्यात्मक नाटक है, जिसे प्रसिद्ध व्यंग्यकार लेखक शरद जोशी ने लिखा था। शहीद भवन में मंचित इस नाटक का निर्देशन सुशील सोनी ने किया है। यह नाटक सामाजिक और राजनीतिक व्यंग्य पर आधारित है और प्रशासनिक तंत्र की मूर्खताओं पर सीधा कटाक्ष करता है।

**नटराज वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी संस्था की प्रस्तुति**

### नाटक की कहानी

*नाटक एक ऐसे गधे की कहानी है, जिसकी मृत्यु के बाद उसे एक महान व्यक्तित्व मान लिया जाता है, और प्रशासनिक अधिकारी उसकी याद में एक बड़ा आयोजन कर देते हैं। असल में, यह दिखावा सिर्फ अधिकारी अपने फायदे के लिए करते हैं। यह पूरे सिस्टम की विडंबनाओं और अंधभक्ति पर तीखा कटाक्ष करता है। एक था गधा उर्फ़ अलादाद खां सामाजिक और राजनीतिक व्यंग्य से भरपूर नाटक है, जो दर्शकों को हास्य और व्यंग्य के अनूठे संगम से जोड़ता है।*



**भारतीय संस्कृति और भक्ति परम्परा के अद्भुत दर्शन**

## 51वें खजुराहो नृत्य समारोह का छठवां दिन

# प्राचीन मंदिरों के आंगन में बिखरा कलाओं का आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजुराहो के प्राचीन मंदिरों के आंगन में इन दिनों कलाओं का आनंद बिखरा हुआ है। देश के सुप्रसिद्ध नृत्य कलाकार प्रतिदिन अपनी गुरु परम्परा, साधना और कल्पना को देहगति, भाव भंगिमाओं और मुद्राओं में रेखांकित कर रहे हैं। 51वें खजुराहो नृत्य समारोह के छठवें दिन भी नृत्य और कलाओं की उत्कृष्टता से सुधिजन रूबरू हुए। मंगलवार का दिन भरतनाट्यम, सत्रीय और मणिपुरी के नाम रहा।





### सत्रीया नृत्य की समृद्ध परंपरा को किया प्रस्तुत

अगली प्रस्तुति सत्रीया नृत्य की थी। जिसे प्रस्तुत किया जतिन दास एवं साथी, असम के कलाकारों ने। इस प्रस्तुति में सत्रीया नृत्य की समृद्ध परंपरा को सुधिजनों ने न सिर्फ देखा बल्कि अनुभव भी किया। असम की विरासत और भक्ति परंपरा का एक अभिन्न अंग, जिसमें सौंदर्य और लय का संगम भी दिखता है।

### भरतनाट्यम नृत्य में दिखाया दशावतार

*छठवें दिन की पहली प्रस्तुति मध्यप्रदेश की कामना नायक एवं साथियों की रही। उन्होंने भरतनाट्यम नृत्य के माध्यम से दशावतार प्रस्तुति दी। दशावतार नृत्य जयदेव की गीत गोविन्द नामक ग्रंथ से रचित है।*

### मणिपुरी नर्तनालय द्वारा 'पूर्णाय' की प्रस्तुति रही खास

*छठवें दिन की अंतिम प्रस्तुति मणिपुरी नर्तनालय द्वारा 'पूर्णाय' की प्रस्तुति मणिपुरी नृत्य के माध्यम से दी गई। पद्मश्री गुरु कलावती देवी और बिम्बावती देवी के निर्देशन में यह प्रस्तुति दी गई। इसकी शुरुआत जयदेव हरे से हुई। पूर्वोत्तर की आध्यात्मिक चेतना को सांस्कृतिक स्वरूप में बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया।*

## जनजातीय गौरवः ऐतिहासिक, एवं आध्यात्मिक योगदान पर कार्यशाला

# जनजातीय सामाजिक वर्ग का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में जनजातीय गौरवः ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गादास उइके, केंद्रीय राज्य मंत्री जनजानतीय कार्य मंत्रालय मौजूद थे।

### भारतीय सभ्यता का अभिन्न अंग है

इस अवसर पर कुलगुरु ने जनजातीय समाज के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारत का जनजातीय समाज अपनी आध्यात्मिक परंपराओं, विशिष्ट संस्कृति और जीवन मूल्यों के साथ सदियों से भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है।



### आज सितारवादक ऋषभ की प्रस्तुति

**भोपाल।** भोजपुर में आयोजित महादेव समारोह में 26 फरवरी को शाम 6.30 बजे से शिव भाई गुप्ता, खरगोन का लोकगायन होगा, इसके बाद अभिलाष चौबे, सागर का बधाई लोकनृत्य एवं हीरामणि वर्मा, उज्जैन के मटकी लोकनृत्य की प्रस्तुति होगी। अंतिम प्रस्तुति में सुप्रसिद्ध सितार वादक और गायक ऋषभ रिखीराम शर्मा, दिल्ली का भक्ति वादन होगा। ऋषभ शर्मा पहले सितार वादक हैं जो संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के सामने अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं।

### गीत गुंजन का आयोजन 2 मार्च को

**भोपाल।** गुंजन फाउंडेशन का सालाना लोकप्रिय आयोजन गीत गुंजन इस बार 2 मार्च को रवीन्द्र भवन के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। गुंजन फाउंडेशन की अध्यक्ष रजनी यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शाम 5 बजे से होने वाली इस सदाबहार फिल्मी गीतों से सजी संगीतमय और सुरीली शाम में भोपाल के दो दर्जन से ज्यादा चिकित्सक, प्रोफेशनल्स, उद्योगपति और समाजसेवी एक दिन संगीत को देंगे। इस शाम में भोपाल के जो खास गायक गायिकाएं भाग ले रहे हैं उनमें अनूप जलोटा के शिष्य और संगीत गुरु कैलाश यादव, अजय सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव, मलय श्रीवास्तव, रंजीव साहनी, डॉ संजय कुमार, डॉ अरविंद नामदेव, राकेश तिवारी, आदि प्रमुख हैं।

**समाज के प्रेरणादायक नायक हुए सम्मानित**

# पूनम श्रोती केविनकेयर एबिलिटी अवार्ड फॉर एमिनेंस से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहां आज के समय में कई लोग अपनी असफलताओं का दोष दूसरों पर मढ़ देते हैं, वहीं समाज में कुछ ऐसे भी लोग हैं जो शारीरिक असमर्थता के बावजूद सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही प्रेरणादायक व्यक्तियों को केविनकेयर एबिलिटी अवार्ड्स 2025 में सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित सम्मान समारोह में उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापक और विकलांगता अधिकारों की वकालत करने वाली पूनम श्रोती को केविनकेयर एबिलिटी अवार्ड फॉर एमिनेंस से सम्मानित किया गया।

### चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद पाई सफलता

*उन्हें देशभर के पांच अन्य विकलांग विजेताओं के साथ यह सम्मान प्राप्त हुआ। ऑस्टियोजेनेसिस इम्परफेक्टा जैसी चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद पूनम ने शिक्षा और कॉर्पोरेट जगत में सफलता हासिल की। उन्होंने उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसाइटी की स्थापना कर विकलांग व्यक्तियों को शिक्षा, रोजगार और वकालत के माध्यम से सशक्त बनाया। इस वर्ष सम्मानित होने वाले अन्य विजेताओं में भारत की पहली बधिर वकील सारा सन्नी (बेंगलुरु, कर्नाटक), डॉ. मारियाजीना जॉनसन जैसी हस्तियों ने भाग लिया।*

## विश्वरंग हिंदी ओलिंपियाड 2025 के पोस्टर का अनावरण

# भारत सहित 50 से अधिक देशों में होगा विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड-2025

**2025 के पोस्टर का स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि में किया गया अनावरण**

**हिंदी दिवस से 30 सितंबर विश्व अनुवाद दिवस तक आयोजित किया जा रहा ओलंपियाड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति के साथ-साथ हिंदी भाषा को संपूर्ण विश्व में लोकप्रिय बनाने की पहल के तहत विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलिंपियाड 2025 का आयोजन 50 से अधिक देशों में विश्व रंग फाउंडेशन, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (भारत), विश्व हिंदी सचिवालय (मॉरीशस) के संयुक्त तत्वावधान में तथा टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केंद्र सहित विश्व की एक हजार संस्थाओं के सहयोग से 14 सितंबर हिंदी दिवस से 30 सितंबर 2025 विश्व अनुवाद दिवस तक आयोजित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित हुए समारोह में विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलिंपियाड 2025 के पोस्टर का अनावरण स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि में किया गया।

**शहीद भवन में नटराज वेलफेयर एंड कल्चरल सोसायटी संस्था की प्रस्तुति**



### बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी रहे मौजूद

इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ साहित्यकार ममता कालिया, विश्वरंग के निदेशक और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के चांसलर संतोष चौबे, सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी मौजूद थे।

**लघुकथा वाचन का विशेष आयोजन सम्पन्न**

# बच्चों की कविता कहानी नाट्य प्रशिक्षण के साथ गांव में गूंजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन रोड स्थित मां कंकाली मंदिर के पास जनजातीय बहुल ग्राम छतरपुरा में लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल द्वारा ग्रामीण बच्चों के लिये एक दिवसीय कविता कहानी एवं नाट्य कार्यशाला तथा लघुकथा वाचन का विशेष आयोजन सम्पन्न हुआ। छतरपुरा गांव में यह आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार विनोद कुमार जैन और डागा कृषि फार्म के मालिक कृषक समाज सेवी जयंत डागा के संयोजन में हुआ।

**जी म्यूजिक, टी सीरीज जैसे बड़े ब्रांड के साथ लॉन्च हो चुके हैं कई गीत**

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भोपाल के कुलगौरव का लिखा गीत हुआ लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भोपाल के कुलगौरव शीतल का नया गाना मैं रूठी हूं मनाने को मेरे शिव खुद आएंगे....लांच होने जा रहा है। करीब 8 से 10 गाने जी म्यूजिक, टी सीरीज और मीका सिंह ब्रांड के साथ कंपोज करने वाले कुलगौरव ने कहा कि मुझे बचपन से ही गीत लिखने का शौक है और इसीलिए मैंने कई गाने लिखे हैं। जो बड़े-बड़े ब्रांड के साथ लॉन्च हो चुके हैं।



### बचपन से ही गीत कंपोज करने का शौक

लेकिन इस बार लगा कि महाशिवरात्रि पर मुझे भगवान शिव की आराधना में एक गीत बनाना चाहिए तो मैंने यह गीत अपने दोस्तों के साथ मिलकर लिखा है। मुझे उम्मीद है कि महाकाल के भक्तों को यह गीत काफी पसंद आएगा। 2016 से गीत कंपोज करने वाले कुलगौरव ने कहा कि इसके साथ ही मुझे एक्टिंग करने का भी शौक है इसीलिए इस गीत में मैंने लीड रोल भी निभाया है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930